

धर्मशाला डेविड वॉर्नर का पसंदीदा मैदान

P10


# देश रोजाना

हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड में प्रसारित हिंदी दैनिक

www.deshrojana.com

बेबाक सच


बिना हेलमेट बाइक राइड करते दिखे अमिताभ बच्चन और अनुष्का शर्मा



P12


■ वर्ष : 2 ■ अंक : 150 ■ मूल्य : 4 रुपये ■ पृष्ठ : 12 ■ पलवल ■ आरएनआई नंबर HARHIN/2021/81389 ■ बुधवार ■ 17 मई 2023


## इनसाइड न्यूज

### अब उद्योगों को मिलेगी 24 घंटे बिजली

उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए बिजली निगम ने एक और कदम उठाया है। बिजली पूरी मिले व कट न लगे, इसको लेकर उद्योगों के लिए अलग से फीडर खींचे जाएंगे। यह फीडर बिजली निगम अपने खर्च पर बनाएगा। निगम के इस फैसले से पलवल सहित गुरुग्राम, फरीदाबाद, भिवानी, हिसार आदि........ P05

### भाजपा सरकार में धरातल पर नहीं हुआ विकास

इनेलो के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि आगामी 20 मई को पार्टी सुप्रीमो एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला बल्लभगढ़ की चावला कॉलोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। देवेंद्र चौहान सहित इनेलो के अन्य नेताओं ने मंगलवार को सेक्टर-3 स्थित राजा नाहर सिंह के वंशज सुनील तेवतिया के राजा नहर सिंह .......... P06

## विचार में आज

### सिर्फ पंजीकरण नहीं समस्या का हल

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने सभी चिकित्सकों के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। अब हर डॉक्टर को प्रैक्टिस करने के लिए विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईडी) दी जाएगी। सभी डॉक्टरों का डाटा एनएमसी की वेबसाइट पर दर्ज रहेगा और जरूरत पड़ने पर एक क्लिक में संबंधित डॉक्टर का ब्योरा प्राप्त किया जा सकेगा। आयोग का मानना है कि ऐसा करने से झोलाछाप डॉक्टरों पर अंकुश लगाने में ....... P04

# दसवीं का 65 .43 फीसद रहा परिणाम, लड़कियों ने फिर मारी बाजी

## हरियाणा बोर्ड की दसवीं परीक्षा में फतेहाबाद के हिमेश, सोनीपत की वर्षा और भिवानी के सोनू रहे प्रदेश में अव्वल, तीन विद्यार्थियों ने हासिल किया द्वितीय स्थान

**देश रोजाना ब्यूरो**

भिवानी। हरियाणा बोर्ड की दसवीं परीक्षा के मंगलवार को घोषित परिणाम में पास प्रतिशत 65.43 फीसद रहा है। राजकीय विद्यालयों की पास प्रतिशतता 57.73 रही तथा प्राईवेट विद्यालयों की पास प्रतिशतता 75.65 रही है। इस परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 67.35 रही है, जबकि शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 61.28 रही है। इस परीक्षा में 498 अंक प्राप्त कर तीन विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। फतेहाबाद के भूना स्थित न्यू सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिमेश, सोनीपत के सिकंदरपुर माजरा स्थित संत बाबा घोघर पब्लिक स्कूल की वर्षा और भिवानी के बुसान स्थित एनजेएम हाई स्कूल के सोनू पूरे प्रदेश में अव्वल रहे हैं।



दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आने पर खुशी से उछलते हुए मोहन ऋषि स्कूल के विद्यार्थी। (फोटो नरेश नरूला)

इसी तरह तीन विद्यार्थियों ने 497 अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान हासिल किया है। इनमें फतेहाबाद के बनावली स्थित शान्ति महक पब्लिक स्कूल की छात्रा सिमरन, पलवल के रेलवे रोड स्थित शान्ति पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के दिपेश शर्मा और हिसार के नारनौद स्थित टैगोर सीनियर सैकेण्डरी स्कूल की मानही शामिल हैं। तृतीय स्थान पर प्रदेश भर में आठ विद्यार्थी रहे। इनमें पानीपत के कावी स्थित राजकीय कन्या हाई स्कूल की छात्रा शिवानी शर्मा, फरीदाबाद के तिरखा कालोनी स्थित न्यू हैवन मॉडल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल स्वीटी कुमारी, रोहतक के बसाना स्थित आदर्श सीनियर सैकेण्डरी स्कूल की याशी, हिसार के मदनहेड़ी स्थित बाबा उदल देव पब्लिक स्कूल के मोन्टी, पानीपत के करहंस स्थित आशादीप आदर्श हाई स्कूल की तमन्ना, जीन्द के उचाना मंडी स्थित गीता विद्या मन्दिर हाई स्कूल की दिपांशी, पलवल के रेलवे रोड स्थित शान्ति पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल की रिया और करनाल के निगदू स्थित आंनद पब्लिक स्कूल की ज्योति रानी शामिल हैं। इन्होंने 496 अंक अर्जित किया है। इस परीक्षा में 2,86,425 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए थे, जिनमें से 1,87,401 उत्तीर्ण हुए। इसमें से 37,342 परीक्षार्थियों के कम्पार्टमैंट आयी है तथा 61,682 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहें। इस परीक्षा में 1,49,439 छात्र बैठे थे, जिनमें 91,772 पास हुए तथा 1,36,986 प्रविष्ठ छात्राओं में से 95,629 पास हुई। 10वीं परीक्षा में 69.81 प्रतिशत छात्राओं की तुलना में 61.41 प्रतिशत छात्र ही सफलता प्राप्त कर सके। छात्राओं ने छात्रों से फीसद ज्यादा पास प्रतिशतता दर्ज कर बढ़त बनाई है।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ वीपी यादव व सचिव कृष्ण कुमार ने बताया कि बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित होने के 20 दिन के अंदर परीक्षार्थी पुनः जांच और पुनर्मूल्यांकन के संबंध में भी बोर्ड मुख्यालय को आवेदन कर सकेंगे।

# ज्ञानवापी के एएसआई सर्वे की याचिका मंजूर

## वाराणसी कोर्ट में हिंदू पक्ष ने लगाई थी, 22 मई को अगली सुनवाई; मुस्लिम पक्ष से मांगी आपत्ति

**एजेंसी, वाराणसी**

ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की आर्केलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया सर्वे करेगा। वाराणसी कोर्ट ने परिसर की एएसआई सर्वे की हिंदू पक्ष की याचिका मंजूर कर ली है। अब इस पर अगली सुनवाई 22 मई को होगी। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को 19 मई तक आपत्ति दाखिल करने का समय दिया है। मंगलवार सुबह ही 11 बजे कोर्ट में चारों वादिनी महिलाओं ने फ्रेश याचिका दाखिल की थी।

इसमें ज्ञानवापी परिसर के आर्केलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया यानी एएसआई सर्वे की मांग की थी। याचिका दाखिल करने से पहले सुबह विष्णु जैन के साथ चार वादिनी महिलाओं (रेखा, सीता, मंजू, लक्ष्मी) ने काशी विश्वनाथ धाम के दर्शन किए। इससे पहले शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर में कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग और साइंटिफिक सर्वे कराने के आदेश दिए थे।

कोर्ट में याचिका स्वीकार होने के बाद विष्णु शंकर जैन ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा, ₹ज्ञानवापी को आदि विश्वेश्वर का मंदिर प्रूफ करने के लिए उन्हें कुछ सवालों का जवाब चाहिए।

# कर्नाटक सीएम पर बेनतीजा रही कांग्रेस की बैठक

## कांग्रेस के दोनों नेता 50-50 फॉमूले से सहमत नहीं



**एजेंसी, नई दिल्ली**

कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 की जंग जीतने और प्रचंड बहुमत पाने के बाद कांग्रेस में अब मुख्यमंत्री को लेकर मंथन चल रहा है। सीएम की रेस में सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच कांटे की टक्कर है। सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार ने सीएम पद और आलाकमान को लेकर बयान भी दिए, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। अब बुधवार को कर्नाटक के सीएम का ऐलान हो सकता है। कर्नाटक में 13 मई को चुनाव परिणाम आने के बाद से अब तक कांग्रेस सिद्धारमैया या शिवकुमार में किसे मुख्यमंत्री बनाया जाए, ये तय नहीं कर पाई है।

सीएम के नाम को लेकर कांग्रेस आलाकमान की बैठक मंगलवार को भी बेनतीजा रही। बुधवार को बेंगलुरु में फिर से मीटिंग होगी। आलाकमान ने सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार को फिलहाल के लिए दिल्ली में रहने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार शाम सीएम पद के दोनों दावेदार डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया ने दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके घर जाकर मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, दोनों नेता 50-50 फॉमूले से सहमत नहीं हैं। दोनों नेताओं से मुलाकात के बारे में अब खरगे सोनिया गांधी को रिपोर्ट देंगे।

# साढ़े आठ साल के बच्चे की अपहरण के बाद हत्या

## पानी के ड्रम में मिला शव, अपहरण कर छह लाख की मांगी थी फिरौती


**देश रोजाना ब्यूरो**

सोनीपत। मंगलवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी। सोनीपत के गांव कुमासपुर के पास स्थित टीडीआई एस्पानिया रॉयल में फ्लैट के बाहर खेल रहे बच्चे का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई। बच्चे के घर के अंदर पत्र फेंक कर छह लाख रुपये की फिरौती भी मांगी गई थी। मंगलवार सुबह बिल्डर कंपनी के बेसमेंट में रखे पानी के ड्रम में मासूम का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि बच्चा देर शाम तक पड़ोस के किशोर संग खेल रहा था। पुलिस किशोर का पता लगा रही है। शव पर गला दबाने और सिर में चोट के 15-16 निशान मिले हैं। घर में धमकी भरा पत्र फेंक कर परिजनों से छह लाख रुपए की फिरौती मांगी गई थी। पुलिस बच्चे के अपहरण और फिर हत्या को लेकर छानबीन में लगी है।



अर्जित (फाइल फोटो )

बताया गया कि पेटीएम में एरिया सेल्स मैनेजर अजीत त्रिपाठी अपने परिवार के साथ मुरथल के पास टीडीआई एस्पानिया कुमासपुर के फ्लैट में रह रहा है। सोमवार सायं उनका साढ़े आठ साल का बेटा अर्जित उर्फ हन्नू फ्लैट के बाहर सोसायटी में ही बच्चों के साथ खेलने आया था। इसके बाद वह गायब हो गया। इस बीच उनके फ्लैट के आंगन में एक पत्र मिला, जिसमें हन्नू को छोड़ने की एवज में छह लाख रुपए की फिरौती मांगी गई थी। इससे हड़कंप मच गया। परिजनों ने बच्चे के गायब होने और फिरौती मांगने की सूचना पुलिस को दी।



फिरौती पत्र

### ठोस वस्तु से सिर पर चोट मारकर की गई हत्या

पुलिस जांच में सामने आया कि बच्चे के सिर पर किसी ठोस वस्तु से हमला कर उसकी हत्या की गई है। बच्चे के सिर पर चोट के 15 से अधिक निशान मिले हैं। साथ ही गले पर भी निशान मिले हैं जिससे लगता है कि गला दबाकर व सिर पर चोट मारकर हत्या की गई है।

### सुबह पांच बजे बजे बुलाया था फिरौती के पैसे के साथ

फिरौती के लिए डाला गया पत्र जो हिंग्लिश में था में लिखा गया था कि तुम्हारा बेटा हमारे पास है। उसे जिंदा देखना चाहते हो तो तुम्हारे पास आज रात तक का समय है। छह लाख रुपए लेकर टीडीआई रॉयल के गेट नंबर दो के सामने सुबह पांच बजे खड़े हो जाना। वहां मेरा आदमी तुमसे पैसे ले लेगा। मेरी तुम्हारे ऊपर पूरी नजर है, अगर तुमने पुलिस को बताया या किसी को कुछ भी कहा तो मैं तुम्हारे बेटे को ऊपर पहुंचा दूंगा। मेरे आदमी के पैसे लेकर आते ही छह बजे तक तुम्हारा बेटा तुम्हारे पास पहुंच जाएगा। अब तुम्हारे हाथ में है कि पैसा प्यारा है या फिर बेटा।

### पुलिस ने शुरू की जांच

बहालगढ़ थाना के एसएचओ ऋषिपाल ने बताया कि बच्चे के अपहरण और हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस जांच में लगी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। जल्द ही पूरे मामले से पर्दा उठाया जाएगा। घर में मिले फिरौती के पत्र की भी जांच जारी है।

# तकनीकी खामी के चलते भारतीय वायुसेना का सी-17 ग्लोबमास्टर लेह रनवे पर फंसा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना का एक परिवहन विमान तकनीकी खामी के चलते लेह एयरपोर्ट के रनवे पर फंस गया। इसके चलते एयरपोर्ट से आने-जाने वाली सभी उड़ानों को आज रद्द कर दिया गया। लेह एयरपोर्ट पर विमानों के उड़ान भरने और उतरने के लिए एक ही रनवे है, जिसके चलते ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह खराबी वायुसेना के सी-17 ग्लोबमास्टर विमान में आई है। विमान में तकनीकी खामी को ठीक करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। समाचार एजेंसी ने भारतीय वायुसेना के अधिकारियों के हवाले से बताया कि वायुसेना का सी-17 ग्लोबमास्टर विमान लेह के रनवे पर फंस गया है। वायुसेना के अधिकारियों ने बताया कि सी-17 ग्लोबमास्टर के कारण रनवे अवरुद्ध हो गया और इसके कारण यहां विमानों का टेकऑफ और लैंडिंग नहीं हो सकी। कुशोक बकुला रिनपोचे एयरपोर्ट के अवरुद्ध रनवे के कारण दिन भर के लिए टेकऑफ और लैंडिंग को रोक दिया गया, जिससे उड़ान रद्द हो गई।

# अनिल विज का कांग्रेस नेता दिग्विजय पर पलटवार

## कहा - दिग्विजय की जुबान कंट्रोल में नहीं और ऐसे आदमी का पूरी तरह से बहिष्कार कर देना चाहिए

**देश रोजाना ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस के नेताओं द्वारा दिए बयानों पर जोरदार पलटवार किया है। दिग्विजय सिंह द्वारा बजरंग दल को गुंडों की टोली कहने पर विज ने कहा कि दिग्विजय सिंह कि जुबान कंट्रोल में नहीं है, ऐसे आदमी का राजनीति से ही पूरी तरह से बहिष्कार कर देना चाहिए।

एक कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह की बॉडी कुछ और मुंह कुछ कह रहा होता है। वहीं, राजस्थान में कांग्रेस नेता सचिन पायलट द्वारा अपनी ही सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम देने पर गृह मंत्री ने चुटकी लेते हुए कहा कि यह हाल तो कांग्रेस का हर राज्य में है, राजस्थान में सचिन पायलट हैं तो हरियाणा में हुड्डा-शैलजा, हुड्डा-किरण चौधरी व हुड्डा और सुरजेवाला हैं। कनार्टक में भी जंग शुरू हो चुकी है और कांग्रेस का तो पूरी तरह से ढांचा टूट चुका है।



### किसी ने अपमानजनक बात कही है तो उस पर कार्रवाई होगी : अनिल विज

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा बजरंग दल की तुलना पीएफआई से करने पर पंजाब की कोर्ट द्वारा उन्हें सम्मन भेजने के मामले में गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि हर व्यक्ति को केस करने का अधिकार है और किसी ने केस किया होगा। यदि किसी ने अपमानजनक बात कही है तो उस पर कार्रवाई तो होगी ही। यह कानूनी प्रक्रिया है। वहीं, ममता बनर्जी के एक बयान पर पलटवार करते हुए विज ने कहा कि लड़खड़ाए हुए लोग एक दूसरे का ही सहारा ढूंढते हैं। विज ने कहा कि इनमें दम नहीं है कि यह हमारा मुकाबला कर सकें इसीलिए यह एक दूसरे का सहारा ढूंढ रहे हैं।

### अनिल विज ने लांच किया योग मानस ऐप

**देश रोजाना ब्यूरो, चण्डीगढ़।** हरियाणा के आयुष मंत्री अनिल विज ने मंगलवार को आयुष विभाग के योग मानस (योग शाला मैनेजमेंट एंड ऐनालिटीकल सिस्टम) ऐप की शुरुआत की। उन्होंने अपने आपको इस ऐप पर पंजीकृत भी किया। इस मौके पर विज ने बताया कि बेहतर जीवन जीने, अच्छे स्वास्थ्य को रखने तथा अदभुत मनुष्य तैयार करने हेतु योग विद्या को बढ़ावा देने के लिए इस ऐप को लांच किया गया है। इस ऐप के माध्यम से नागरिकों की योग गविविधियों, योग सहायकों द्वारा करवाई जा रही कार्यवाही इत्यादि पर निगरानी भी रखी जा सकेगी। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से योग में भाग लेने के लिए नागरिक/प्रतिभागी अपने मोबाइल से पंजीकरण कर सकता है क्योंकि यह ऐप गूगल के प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस ऐप में जिला आयुष अधिकारी का लॉगइन दिया गया हैं तथा योग सहायक के माडयूल के साथ-साथ डैशबोर्ड दिया गया है जिसके माध्यम से योग की गतिविधियों पर संबंधित अधिकारियों द्वारा नजर रखी जा सकेगी।

# पीएम मोदी ने 71 हजार युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

## प्रधानमंत्री ने गिनाई बीते नौ साल की उपलब्धियां

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने संबोधित किया। अपने संबोधन में कहा कि 16 मई 2014 को नौ साल पहले लोकसभा चुनाव के नजीजे आए थे, तब पूरे देश में जोश और उमंग की लहर थी। इन नौ वर्षों के दौरान सरकार ने रोजगार के नए अवसरों का निर्माण किया। बीते नौ साल में सरकार ने कैपिटल एक्सपेंडेचर में 34 हजार लाख करोड़ रुपये खर्च किए। इस पैसे से देश में हाइवे बने और विकास के काम हुए। पीएम ने कहा कि देश के नौ करोड़ लोगों ने मुद्रा योजना की मदद से अपने स्वरोजगार शुरू किया है। भारत के युवाओं के पास अलग-अलग सेक्टर्स में काम करने की स्किल के लिए कौशल विकास केंद्रों और आईआईटी और आईआईएम तैयार की गई है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में देश में ने साल में बीजेपी सरकार के द्वारा किए गए कामों को गिनाया। इसके साथ ही देश में पिछले नौ साल में किस- किस क्षेज्ञ में विकास कार्य हुए इसके बारे में पीएम मोदी ने देशी की जनता को बताया। रोजगार मेला देश भर में 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों में भर्तियों के नियुक्ति पत्र बांटे गये। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है।



# शाइस्ता परवीन, गुड्डू मुस्लिम और साबिर के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

**एजेंसी, लखनऊ**

कमिश्नरेट पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड मामले में अतीक अहमद की फरार पत्नी शाइस्ता परवीन, गुड्डू मुस्लिम और साबिर के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। वे अब देश छोड़कर कहीं विदेश भाग नहीं सकते हैं। लुकआउट नोटिस की अवधि एक साल की है। कमिश्नरेट पुलिस की रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

लुकआउट नोटिस में पांच लाख के इनामी गुड्डू मुस्लिम और साबिर का भी नाम शामिल है। शाइस्ता परवीन पर 50 हजार का इनाम है। लुकआउट नोटिस जारी होने के बाद अब ये तीनों देश छोड़कर कहीं भाग नहीं सकते। शाइस्ता परवीन को पुलिस कई महीनों से ढूंढ रही है। अतीक अहमद से निकाह के बाद से ही शाइस्ता ने अतीक के हर जुर्म में बराबर साथ दिया। उमेश पाल हत्याकांड के समय अतीक अहमद अहमदाबाद के साबरमती जेल में बंद था। उस समय शाइस्ता परवीन बाहर थी। यूपी पुलिस इसी मामले में पूछताछ करने के लिए शाइस्ता को ढूंढ रही है।



# 'लैंड फॉर जॉब' मामला : गुरुग्राम समेत देशभर में नौ जगहों पर सीबीआई की रेड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 'लैंड फॉर जॉब' मामले में सीबीआई की टीम देशभर में नौ जगहों पर छापेमारी की। सीबीआई ने पटना, आरा, भोजपुर, दिल्ली और गुरुग्राम में रेड मारा। खबर लिखे जाने तक बिहार के पूर्व मंत्री प्रेमचंद गुप्ता के ठिकानों पर भी सीबीआई की छापेमारी चल रही थी। साथ ही आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव के करीबी विधायक किरण देवी के पटना और आरा के घर पर भी सीबीआई ने दबिश दी है। किरण देवी पूर्व विधायक अरुण यादव की पत्नी हैं।

अरुण यादव बड़े बालू कारोबारी हैं। यह मामला लालू प्रसाद के 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री रहने के दौरान उनके परिवार को कथित तौर उपहार में दी गई या बेची गई जमीन के बदले रेलवे में की गई नियुक्तियों से जुड़ा है।

## फैसला युवाओं को रोजगारपरक बनाने को हरियाणा सरकार तैयार करा रही व्यापक कार्ययोजना

# युवाओं को रोजगार दिलाने को हुनरमंद बनाएगी सरकार

**देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़**

युवाओं को शैक्षणिक योग्यता के साथ साथ उन्हें हुनरमंद बनाने के लिए राज्य सरकार कौशल प्रशिक्षण के लिए एक व्यापक फ्रेमवर्क तैयार कर रही है। इसके तहत, विदेशों और देश-प्रदेश के निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर दिलाने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से सरकारी विभागों में कार्य पर रखने के लिए युवाओं को सॉफ्ट स्किल और उद्योगों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को इस संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि रोजगार निगम के माध्यम से सरकारी विभागों, बोर्डों व निगमों में अस्थायी रूप से कार्य पर रखने वाले उम्मीदवारों की भी सॉफ्ट स्किलिंग का प्रारूप तैयार किया जाए, ताकि वे सरकारी कामकाज में दक्ष हो सकें। सॉफ्ट स्किल में रिडिंग, राईटिंग, स्पीकिंग और कम्पयूटर ज्ञान सहित एक स्किलिंग कोर्स तैयार किया जाए। इसके अलावा, स्नातक युवाओं के लिए आईटी के कोर्स डिजाइन किये जाएं, ताकि वे विभागों में तैनात होने के बाद कुशलता से अपना काम कर सकें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर दिलाने के लिए प्रयास कर रही है। विदेश सहयोग विभाग के पास अभी तक संयुक्त अरब एमीरात, ऑस्ट्रेलिया व जापान सहित विभिन्न देशों में रोजगार के लिए जॉब रोल की डिमांड आई है। उन्होंने निर्देश दिए कि विदेशों में रोजगारपरक बनाने के लिए युवाओं को जनरल प्रशिक्षण के साथ-साथ जॉब रोल के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देने के लिए विशेष कोर्स तैयार किए जाएं। इन सभी कोर्स का पाठयक्रम श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किया जाए और विश्वविद्यालय द्वारा ही सटिर्फिकेट प्रदान किए जाएं। हरियाणा कौशल विकास मिशन द्वारा छोटे कोर्स और बडे कोर्स श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि फ्रेमवर्क के तहत विदेश सहयोग विभाग समन्वय का कार्य देखेगा।

### प्रशिक्षण पाने वालों को पीपीपी से जोड़ा जाए

मनोहर लाल ने निर्देश दिए कि जिस भी युवा को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है या किया जाएगा, उसकी जानकारी परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ी जाए, ताकि पीपीपी डाटाबेस में शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ स्किलिंग की भी वास्तविक जानकारी मिल सके।

# बरसात ने भिगो दिया काला सोना, उठान समय पर नहीं होने से हो सकता है नुकसान

## खराब सरसों को नहीं रखवाएंगे गोदाम में : हैफेड

सुरेंद्र इंदौरा, देश रोजाना

रेवाड़ी। सोमवार की शाम हुई बरसात से स्थानीय अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ा काला सोना भीग गया। सरसों में नमी आ गई, हो सकता है वह नमी हैफेड के मापदंड से अधिक हो, ऐसे में सवाल उठता है कि अधिक नमी के कारण हैफेड द्वारा रिजेक्ट की गई सरसों क्या गोदाम में पहुंच पाएगी। हैफेड प्रबंधक की मानें तो वह साफ व मापदंड अनुसार ही सरसों को गोदाम में रखवाएंगे। मामला उलझा हुआ नजर आ रहा है। यदि हैफेड भीगी हुई सरसों को गोदाम में नहीं रखवाता है तो आढ़ती उस सरसों का क्या करेंगे, जो सरकारी आदेशानुसार उन्होंने सरकार को बेचने के लिए किसानों से खरीदी है। इधर अनाज मंडी व्यापार मंडल के प्रधान राधेश्याम मित्तल का कहना है कि सरसों में ज्यादा नमी बढ़ाने वाली बरसात नहीं आई है, फिर भी यदि नमी बढ़ी है तो इसके लिए व्यापारी जिम्मेवार नहीं है। कसूर ट्रांसपोर्टर का है, उन्हें उठान की गति तेज करनी चाहिए। जिस तरह से सरसों का उठान हो रहा है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि करीब 15 दिनों में मंडी खाली हो पाएगी।

**सरसों बरसात में भीगी है तो हमारा कसूर नहीं, ट्रांसपोर्टर है जिम्मेवार : मंडी प्रधान**

खरीद बंद हुए चार दिन होने को लेकिन उठान अभी तक नहीं

सरकार द्वारा निर्धारित किए गए दो दिनों में करीब ढाई लाख कट्टे सरसों की खरीद हुई थी, जिससे पूरी मंडी सरसों से भर गई थी। खरीद बंद हुए चार दिन हो चुके हैं, लेकिन मंडी आज भी सरसों व इसके भरे हुए कट्टों से अटी पड़ी है। सडकों पर खुली हुई सरसों भी भारी मात्रा में पड़ी है। व्यापारी खुली पड़ी सरसों को कट्टों में लगातार भरवाकर उनकी सिलाई भी करा रहे हैं। उठान का काम भी शुरू हो चुका है, लेकिन उसकी गति बेहद धीमी है।


मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ी सरसों।

अभी तक मात्र 30-35 हजार कट्टे ही उठ पाए हैं। इधर दो दिनों से लगातार शाम के समय मौसम में आए बदलाव को देखते हुए व्यापारी पहले से ही उठान में तेजी लाने की मांग कर रहे थे, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। गत दिवस शाम को वही हुआ, जिसका अंदेशा था। बरसात में खुले में पड़ी सरसों व कट्टों में भरकर खुले आसमान के नीचे पड़ी सरसों भीग गई, जिससे गर्मी के इस मौसम में भी व्यापारियों के पसीने छूट गए।

## कैथल के खिलाड़ियों ने झटके 16 पदक

**कैथल।** रोहतक में हरियाणा कुराश एसोसिएशन द्वारा आयोजित कैडेट एवं जूनियर स्टेट कुराश चैंपियनशिप में कैथल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 16 पदक जीते हैं। मनोज कुमार महासचिव कुराश एसोसिएशन ने बताया कि कैथल की कैडेट लड़कियों ने टीम चैंपियनशिप जीती और जूनियर वर्ग में लड़के एवं लड़कियां रनरअप रहीं। कैडेट लड़कों में आशीष कैथल को बेस्ट खिलाड़ी चुना गया। जूनियर लड़कों में रोहित निवासी पट्टीअफगान को बेस्ट खिलाड़ी चुना गया। 35 किलोग्राम भार वर्ग में वर्षा ने सिल्वर मेडल, 52 किलोग्राम में जानकी कंडोला ने गोल्ड, 57 किलोग्राम में खुशप्रीत कौर भिंडर ने गोल्ड, 55 किलोग्राम में आशीष चीका ने गोल्ड, विनीत ने 50 किलोग्राम और अभय 65 किलोग्राम में ब्रोंज मेडल जीते। जूनियर वर्ग में 40 किलोग्राम में कर्मदीप ने ब्रोंज, 48 किलोग्राम में सिमरन ने सिल्वर, ईशा सैनी आरकेएसडी कॉलेज ने ब्रोंज मेडल, 63 किलोग्राम में काशवी ने गोल्ड, महक आरकेएसडी कॉलेज ने ब्रोंज, 70 किलोग्राम में ज्योति ने सिल्वर, 70 प्लस किलोग्राम में स्मृति चहल आरकेएसडी कॉलेज ने ब्रोंज, अनिल बालू ने 60 किलोग्राम में गोल्ड, 66 किलोग्राम में चिराग आरकेएसडी कॉलेज ने सिल्वर, 73 किलोग्राम में रोहित ने गोल्ड जीता।

## खबरें फटाफट

### स्केटिंग में ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते आठ पदक


पदक विजेता स्केटर चेयरमैन सुधीर जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा के साथ।

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के खिलाड़ियों ने पांचवीं शार्ट ट्रैक रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण सहित आठ पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सोनीपत में न्यू फ्लाइंग स्केटिंग एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित स्टेट लेवल स्केटिंग चैंपियनशिप में ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के प्रतिभागियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। स्कूल के स्केटर अंशिका, यश गोयल, विनीत व कुशल ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। मंगलवार को स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने विद्यालय में पदक विजेताओं को सम्मानित करते हुए उनकी हौसलाफजाई की। इस मौके पर प्राचार्या गीता चोपड़ा, को-ऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता, खेल इंचार्ज सुरेंद्र कौशिक व स्केटिंग कोच विनोद मौजूद थे।

### लिटल एंजल्स की हॉकी खिलाड़ियों ने जीती सब-जूनियर चैंपियनशिप


जीत के बाद अपना अपना पदक दिखाती हुई खिलाड़ी।

**सोनीपत।** राउरकेला में आयोजित सब जूनियर हॉकी चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए लिटल एंजल्स स्कूल की खिलाड़ियों ने अपने खेल का दमदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में झारखंड की टीम को तीन-एक के गोल स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय व राज्य का नाम रोशन किया। लिटल एंजल्स स्कूल की खुशी, वंशिका, इशिका, तमन्ना, निधि, प्रियंका, रिया, साक्षी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में देश भर से कुल 18 टीमों ने हिस्सा लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा गोयल ने खिलाड़ियों की इस शानदार जीत पर उनकी प्रशंसा की। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### पेयजल बर्बाद करने वालों को देंगे नोटिस : राजीव बातीश

**नारनौल।** पेयजल की बर्बादी पर अंकुश लगाने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन अब गांव-गांव जाकर पेयजल कनेक्शनों की निगरानी करेगा। मुख्यालय द्वारा हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य अभियंता राजीव बातीश ने सभी कार्यकारी अभियंता व जिला सलाहकारों को निर्देश देते हुए बताया कि विभाग की टीमें व ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्य मिलकर गांव-गांव में पेयजल संरक्षण के लिए अभियान चलाएं। गर्मी के मौसम में पेयजल की मांग में बढ़ोतरी होती है इसलिए पेयजल की बर्बादी करने वाले, पेयजल को दूषित करने वाले उपभोक्ताओं को विभाग की टीमें घर-घर जाकर नलों पर टोंटी लगाने के लिए प्रेरित करें व पेयजल की बर्बादी करने वालों को विभागीय नोटिस भी जारी करें। जो उपभोक्ता नोटिस के बाद भी पेयजल की बर्बादी नहीं रोकता है व अपने नल कनेक्शन पर टोंटी नहीं लगाता है ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर नल कनेक्शन भी काटे जाएं। इसके अलावा उन्होंने ग्राम जल एवं सीवरेज समिति व ग्राम सरपंचों से भी आग्रह किया कि वे अपने-अपने गांव में पेयजल की बर्बादी को रोकने के लिए मुनादी करवाएं, नलों पर टोंटी लगाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही पेयजल दूषित ना हो इसके लिए गंदी नाली में पड़े कनेक्शनों को भी ठीक करवाएं।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता कैंप आयोजित



डेंगू की रोकथाम हेतु वितरित किए गए पैंपलेट दिखाते लोग।

**नारनौल।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर मोहल्ला माली टिब्बा में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डेंगू के कारण, लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में बताया व कहा कि हमें अपने घरों के आसपास पानी एकत्र नहीं होने देना चाहिए। घरों की छतों पर कबाड़ आदि न रखें, पानी के स्त्रोतों की साफ सफाई रखें, कूलर आदि को हर हफ्ते साफ करके सुखा कर भरें।

## महिला सशक्तिकरण जागरूकता रैली निकाली

देश रोजाना ब्यूरो

सोनीपत। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा एवं राजा राममोहन राय लाईब्रेरी फाउंडेशन कलकत्ता के संयुक्त तत्वावधान में जिला पुस्तकालय द्वारा राजा राममोहन राय की 250वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण पर स्कूली बच्चों की जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा से पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कविता जैन ने सती प्रथा को समाप्त करने के लिए अपने संघर्ष को लेकर चर्चित राजा राममोहन राय को एक चिंतक, शिक्षाविद, पत्रकार एवं दूर दृष्टा बताया। वह न केवल बंगाल, बल्कि देश के लिए भी गौरव थे।

उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत के जनक कहे जाने वाले राजा राममोहन राय भारत के अग्रणी समाज एवं धर्म सुधारकों में से एक थे। उन्होंने 250 वर्ष पूर्व समाज में चल रही सतीप्रथा, बाल विवाह एवं बहुविवाह के विरुद्ध लड़ाई लड़ी। उन्होंने हिंदू धर्म में सुधार के लिए ब्रह्म समाज नामक आंदोलन भी चलाया। कविता जैन ने कहा कि यदि समाज को शिक्षित करना है, आगे बढ़ाना है तो हमें राजा राममोहन राय के पद चिन्हों पर चल कर बेटियों को शिक्षित करना होगा और उन्हें प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ाना होगा।



जागरूकता रैली को पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन हरी झंडी दिखाकर रवाना करती हुईं।

**राजा राममोहन राय एक चिंतक, शिक्षाविद, पत्रकार एवं दूरदृष्टा थे : कविता जैन**

## भगवान महावीर पार्क से ठेकेदार ने कटवाए लाखों रुपए के हरे पेड़

संजय शर्मा , देश रोजाना

नारनौल। राधेश्याम की धर्मशाला के साथ लगते छलक नाले के पास में स्थित भगवान महावीर पार्क में पिछले दो-तीन दिनों से छलक नाले पर काम कर रहे कुछ लोग पार्क में लगे 10 से 20 मीटर ऊंचे बड़े हरे पेड़ों को बेरहमी से काटकर ट्रैक्टर में डालकर ले जा रहे हैं।

संदीप जैन बंटी भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय मंत्री ने बताया कि उनको जब इस बात का पता लगा तो वह समाज के लोगों व नगर परिषद के उपप्रधान तथा कुछ पार्षदों के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर उन्हें एक ट्रैक्टर लकड़ियों से लदा मिला, जिसमें कोई नंबर प्लेट भी नहीं थी। पार्षद संदीप जैन ने बताया कि उन्होंने वहां के दुकानदारों से बात की तो उन्होंने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से पांच से सात ट्रैक्टर यहां से बड़े-बड़े पेड़ों के ले जा चुके हैं। इन पेड़ों में शीशम, कीकर व शहतूत के विशाल हरे पेड़ थे। ट्रैक्टर को मौके पर ही पकड़ लिया गया। जब ट्रैक्टर के ड्राइवर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह आकाश अली नामक ठेकेदार का सुपरवाइजर है, उन्होंने ये पेड़ प्रवीण मलिक जेई नगर परिषद नारनौल कहने से कटवाए हैं। थोड़ी देर में ही वहां पर नगर परिषद में कार्यरत जेई प्रवीण मलिक भी पहुंच गए, उन्होंने कहा कि हमने इसकी वन विभाग से परमिशन ले रखी है और हमने ही इसको कटवाए हैं। वहां मौजूद पार्षदों और जैन समाज के लोगो ने जेई को बताया कि परमिशन तो सिर्फ नाले के पेड़ों के काटने की थी। पार्क में लगे इन पेड़ों का कहीं कोई जिक्र नहीं था, इस पर प्रवीण मलिक जेई भड़क गए और कहने लगे कि ये गलत कटिंग यदि हुई है तो आपको जो भी करना है आप कर सकते हो। वहीं रजनीश यादव वन दारोगा भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।


पकड़ा गया ट्रैक्टर।

## बच्चों में अच्छी शिक्षा और संस्कार जरूरी : विपिन शर्मा


बच्चों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा देते वक्ता।

संजय शर्मा , देश रोजाना

नारनौल। राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय धौलेड़ा में बच्चों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा व नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर नैतिक मूल्यों की शिक्षा के राज्य नोडल अधिकारी एवं पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा ने कहा कि हर घर में जैसा परिवेश होता है, उसी प्रकार के विचार एवं संस्कार बाल जीवन में परिवर्तित होते हैं। वास्तव में बाल अवस्था कोरे कागज की तरह होती है। जब बच्चा छोटा होता है तभी से उसमे अच्छे संस्कार रूपी पौधा रोपा जाना सम्भव होता है जिसे समय के साथ और अधिक पुष्पित व पल्लवित किया जा सकता है। ऐसे में प्रत्येक परिवार के हर एक सदस्य का दायित्व होता है कि बच्चों में भौतिक संसाधनों के साथ-साथ अच्छी शिक्षा और संस्कार देने का लक्ष्य तय करें।

## सरसों की फसल की खरीद न होना किसानों के साथ अन्याय : भूपेन्द्र गंगवा

देश रोजाना ब्यूरो

हिसार। बरवाला विधानसभा हलके से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी रहे भूपेन्द्र गंगवा ने किसानों की सरसों की फसल खरीद न होने की निंदा की है और इसे किसानों के साथ कुठाराघात बताया है।

कांग्रेस नेता भूपेंद्र गंगवा मंगलवार को नई अनाज मंडी के गेट पर किसानों की फसल की खरीद न होने पर सांकेतिक धरना देने के मौके पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज किसान गठबंधन सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण बर्बादी के कगार पर है और किसानों की फसल को तुरंत प्रभाव से खरीदा जाए क्योंकि किसान जो इस देश का अन्नदाता है उसे भी सभी सुविधाएं व अधिकार समय पर मिलने चाहिएं। गंगवा ने कहा कि किसानों के हकों पर डाका डालने वाली यह सरकार जल्द ही किसानों की समस्याओं को हल करे नहीं तो कांग्रेस पार्टी किसानों को साथ लेकर एक बहुत जन आंदोलन करेगी और इनकी आवाज को विधानसभा में उठाने का काम करेगी। इस मौके पर पंचायती राज संगठन महामंत्री एवं पूर्व जिला पार्षद सजन सिंह गैबीपुर, प्रमोद सिवाच पूर्व जिला अध्यक्ष यूथ, रोहतास ग्रोवर इंटक के जिलाध्यक्ष, सजन सिंह पनिहारी पूर्व चेयरमैन नगर पालिका बरवाला, जगदीश भुटानी, राजा अनाज मंडी, विनोद वाल्मीकि व मोहनराम ढाणी गारण सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।


नई अनाजमंडी में आयोजित सांकेतिक धरने पर संबोधित करते भूपेंद्र गंगवा ।

**कहा-सरसों की फसल की खरीद न होने से किसानों में आक्रोश**

## आंधी में दीवार ढहने से दंपति की मौत

**नारनौल।** कस्बा नांगल चौधरी के नजदीक ढाणी बानियां वाली में बीती रात आए तेज आंधी के कारण छत की मुंडेर ढहने से दंपति की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक नगर पालिका नांगल चौधरी के अंतर्गत आने वाली ढाणी बानियां वाली निवासी विजय उम्र 37 और उसकी पत्नी प्रेम उम्र 35 रात्रि को आंधी के कारण बिजली कट होने के चलते घर की छत पर सोने गए। गहरी नींद में सोए दंपति को दोबारा आंधी का पता नहीं चल पाया। आंधी इतनी तेज थी कि वहां छत पर मुंडेर के रूप में बनी दीवार अचानक गिर गई और दोनों ही उसके मलबे के नीचे दब गए। घटना बाबत जब घर के अन्य सदस्यों को मालूम हुआ तो वे छत पर गए और मलबे से दोनों को बाहर निकाला और दोनों को नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## तलवंडी धरने पर थाली बजाकर सरकार को जगाएंगे ग्रामीण

देश रोजाना ब्यूरो

हिसार। तलवंडी राणा बाईपास पर रोड बचाओ संघर्ष समिति द्वारा दिए जा रहे धरने को बुधवार को 100 दिन पूरे हो जाएंगे। समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ओमप्रकाश कोहली ने बताया कि ग्रामीणों ने फैसला किया है कि धरने के 100वें दिन बुधवार को धरना स्थल पर थाली बजाकर सरकार को जगाने व इतने लंबे से ग्रामीणों की अनेदखी करने पर रोष जताएंगे। कोहली ने कहा कि बुधवार को उनके धरने को 100 दिन हो जाएंगे लेकिन स्थायी रोड से संबंधित फाइल लंबे समय से वन विभाग में अटकी हुई है जिस कारण रोड की कार्यवाही आगे नहीं बढ़ रही। ग्रामीण धरना स्थल पर जोर-जोर से थाली बजाकर सरकार को जगाएंगे ताकि सरकार प्रशासन रोड फाइल क्लियर करवाकर संबंधित कार्यवाही जल्द शुरू कर दे। धरने पर मुख्य रूप से राजकुमार सातरोड, सुनील जुगलान, विजय मान, दलबीर किरमारा, भूपेंद्र गंगवा, भागीरथ शर्मा, राधेश्याम नंबरदार, सतबीर रावत, रमेश जुगलान, सतबीर खेड़ी बर्की, धर्मपाल पूर्व सरपंच बाडो पट्टी, मंगतूराम, महावीर, अन्नी सोरठ, रितिक रहेजा, उमेद चोपड़ा, ठंडू राम, मनीराम जांगड़ा, ऋषिराम, केलापति, सावित्री, भाटण, अंजू देवी, मंजू रहेजा, सुनीता भाटिया सहित काफी संख्या ग्रामीण मौजूद रहे।



धरने को संबोधित करते हुए समिति अध्यक्ष ओपी कोहली ।

## अखिल भारतीय सेवा संघ कर रहा सराहनीय कार्य : डॉ. योगेश बिदानी


बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी व सदस्य।

देश रोजाना ब्यूरो

हिसार। अखिल भारतीय सेवा संघ के सरक्षक डॉ. योगेश बिदानी की अध्यक्षता में हिसार शाखा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय महासचिव विनोद धवन, मीडिया सलाहकार राजेंद्र सपड़ा, कोषाध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता व प्रचार सचिव संदीप भाटिया शामिल हुए। शाखा संरक्षक डॉ. योगेश बिदानी ने इस अवसर पर कहा कि अखिल भारतीय सेवा संघ के सभी पदाधिकारी व सदस्य तालमेल के साथ जनहित के कार्य कर रहे हैं, जो सराहनीय है। उन्होंने पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आह्वान किया कि वे जरूरतमंदों की जरूरतों के अनुसार कार्य करें ताकि हर कोई लाभान्वित हो सके।

## पति का दोस्त बताकर महिला को शातिर ठग ने लगा दी 25 हजार की चपत

सुरेंद्र इंदौरा, देश रोजाना

रेवाड़ी। एक साईबर ठग ने अपने आपको पति का दोस्त बताकर महिला टीचर के खाते से 25 हजार रुपये फोन-पे के जरिये हड़प लिए। साइबर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर शातिर ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांव जाट भूरथल निवासी सरिता नामक महिला एक प्राईवेट स्कूल में टीचर है, जबकि उसका पति हुकमचंद आर्मी में तैनात है। गत दिवस उसके फोन पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम दीपक बताते हुए खुद को महिला के पति का दोस्त बताया। सरिता का पति हुकमचंद अक्सर अपने दोस्त दीपक का जिक्र करता था, इसलिए सरिता ने उसे ही वही दोस्त समझ लिया।

**साईबर ठगी का शिकार हुई महिला है प्राईवेट स्कूल में टीचर**

दीपक ने सरिता से कहा कि उसे कहीं से पैसे मंगवाने हैं, इसलिए जो पैसा वह भेज रहा है, उसे वापिस कर दें।

फ्रॉड दीपक ने पहले 50 रुपये सरिता के पास भेजे, सरिता ने तुरंत वह राशि उसे ट्रांसफर कर दी, लेकिन सरिता के पास खाते में पैसे आने का किसी तरह का कोई मैसेज नहीं आया। इसके बाद शातिर ने उसके पास 25 हजार रुपये का मैसेज भेज दिया। जल्दबाजी में सरिता ने उसे भी फिर से ट्रांसफर कर दिया। दीपक ने सरिता के पास दोबारा से 5 हजार रुपये का और मैसेज भेजा तो उसे शक हो गया। इस बार उसने पैसे वापिस भेजने की बजाय अपने पति हुकमचंद से बात की। हुकमचंद ने सरिता को बताया कि उसके दोस्त दीपक का तबादला हो चुका है और लंबे समय से उसकी उससे कोई बात भी नहीं हुई है। इधर महिला ने आशंका होने पर अपना खाता देखा तो उसमें से 25 हजार रुपये कट चुके थे। सरिता ने बिना देरी किए पहले ऑनलाईन और इसके बाद साईबर थाना पुलिस में उसके साथ ठगी होने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सरिता की शिकायत पर शातिर ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# श्रीमद्भगवद्गीता का एक वाक्य भी जीवन में उतार लें तो हमारा जीवन धन्य हो जाए : मनोहर लाल

## करनाल में आयोजित राधा जागरण में पहुंचे मुख्यमंत्री

जय सिंगला, देश रोजाना

करनाल। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता का एक वाक्य भी यदि हम अपने जीवन में उतार लें तो हमारा जीवन धन्य हो सकता है। श्रीमद्भगवद्गीता हमारे जीवन में परिवर्तन ला सकती है। गीता मानवता की सच्ची पथ प्रदर्शक है। गीता हमें कर्म का संदेश देती है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल के सेक्टर-12 में आयोजित राधा जागरण के अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम स्वामी ज्ञानानंद जी को उनके जन्मोत्सव पर बधाई दी और दीर्घायु होने की कामना की। उन्होंने कहा कि यह भाव विभोर करने वाला क्षण है। इस संत समागम में भक्ति रस के साथ-साथ संतों का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद एक प्रकाश पुंज हैं, जो गीता के सार को जन-जन तक पहुंचाकर हम सभी का मार्गदर्शन कर रहे हैं। गीता रूपी सूर्य के प्रकाश से अज्ञान रूपी अंधकार नष्ट करने के लिए, इससे उत्तम अध्ययन कोई नहीं हो सकता।



कार्यक्रम के दौरान ओम बिड़ला का स्वागत करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल ।

**गीता मनीषी ने श्रद्धालुओं को दिलवाया नशा मुक्ति का संकल्प:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आह्वान पर राधा जागरण में उमड़े श्रद्धालुओं को नशा मुक्ति का संकल्प भी दिलवाया गया। प्रांत में एक बार नशा मुक्ति सप्ताह मनाया जाए। इस नशा मुक्ति सप्ताह में सामाजिक संस्थाएं, धार्मिक संस्थाएं व समाज का हर वर्ग सहयोग करें।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 94,558 लोगों को भी दी जन्मदिन की बधाई

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वामी ज्ञानानंद के जन्मोत्सव के साथ-साथ हरियाणा की 2 करोड़ 84 लाख जनसंख्या में से 15 मई को 94,558 लोगों का भी जन्मदिन है। उन्हें भी जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि जब संत महापुरुषों का जन्मोत्सव होता है तो हमें उस दिन संकल्प लेने की जरूरत होती है, ताकि जीवन में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकें। श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए हर वर्ग के लिए गीता सार महत्वपूर्ण है। सभी इसका अनुसरण कर जीवन को धन्य बना सकते हैं।

### समाज सुधारक के रूप में काम करते हैं संत

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत महापुरुष समाज सुधारक के रूप में काम करते हैं। स्वामी जी कुरीतियों, सामाजिक समस्याओं पर निरंतर कार्य कर रहे हैं। जेल के बंदियों तक गीता का संदेश पहुंचा रहे हैं। इसके साथ-साथ गौ माता की सेवा के लिए गौशालाएं चलाई जा रही हैं। गरीबों का नि:शुल्क पोलियो आप्रेशन, रक्तदान शिविर और अन्य सेवा के काम किए जा रहे हैं। देश ही नहीं विदेशों में भी अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिससे विदेशों में भी गीता का संदेश पहुंचाया जा रहा है।

## खबरें फटाफट

### धर्मस्थल हमारी आस्था के केंद्र : राजीव जैन


राजीव जैन पूजा अर्चना करते हुए।

सोनीपत। नव दुर्गा शक्ति पीठ मंदिर न्यू जीवन नगर में धूमधाम एवं विशेष पूजा अर्चना के साथ शिव परिवार, लक्ष्मीनारायण, राम परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मूर्तियों को मंदिर में विराजमान करने से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य किया। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने मुख्यातिथि के रूप में पहुंचकर मंदिर के वार्षिकोत्सव की बधाई दी तथा मूर्तियों का अनावरण किया। उन्होंने भगवान के चरणों में सर्व समाज की सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना करते हुए गढ़वाल समाज के उत्थान एवं कल्याण के लिए प्रार्थना की। कुमाऊं सभा एवं मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने राजीव जैन का मंदिर के हाल निर्माण में दस लाख रुपए का आर्थिक सहयोग देने के लिए भव्य स्वागत एवं धन्यवाद किया। राजीव जैन ने कहा कि धर्मस्थल हमारी आस्था के केंद्र हैं और भगवान की पूजा अर्चना करने से हम मानव जीवन को सार्थक कर अपने जीवन का कल्याण करते हैं। आचार्य भास्कर डंगवाल ने मंत्रोच्चारण कर मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। मंदिर में शिवलिंग प्रदान करने के लिए धमार्नंद उपाध्याय, लक्ष्मी नारायण की मूर्ति तारा सिंह बिष्ट तथा राम परिवार के लिए कैलाश बेलवाल को सम्मानित किया गया।

### शहर की अग्रणी हिन्दू संस्था मे होंगे शीघ्र चुनाव

**सोनीपत।** शहर की अग्रणी शिक्षण संस्था हिन्दू एजुकेशन सोसायटी में जल्द चुनाव होने का रास्ता साफ हो गया है। संस्था के पूर्व प्रधान पवन गुप्ता ने बताया कि आज सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट द्वारा 168 सदस्यों को हटाने पर रोक लगा दी है और सुप्रीम कोर्ट ने शीघ्र चुनाव कराने की हिदायत दी है, याद रहे हिन्दू संस्था में 2018 में तीन वर्ष के लिए चुनाव हुए थे जिसमें 168 सदस्यों ने भी वोट डाला था। पवन गुप्ता ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सोसायटी के विरुद्ध 168 नए सदस्यों की वैधता को जो बार-बार चुनौती देकर उन्हें उनके अधिकार से वंचित करने की शरारत पूर्ण कोशिश एक अति महत्वाकांक्षी सदस्य द्वारा की जा रही थी उसका आज उच्चतम न्यायालय ने नए 168 सदस्यों के हक में एक ऐतिहासिक निर्णय देकर इस लम्बे समय से चले आ रहे विवाद पर पूर्ण विराम लगा दिया है । अब इन 168 सदस्यों की सदस्यता स्थाई होने का रास्ता साफ हो गया है और साथ ही साथ अन्य रिक्त स्थान भी नए सदस्यों को लेकर 1100 की लिस्ट को पूरा किया जा सकेगा । इस फैसले की विशेष बात यह भी है कि उच्चतम न्यायालय ने विपक्षी वकील को फटकार भी लगाई है कि आपका मुवक्किल शहर की एक अग्रणी सामाजिक संस्था को खराब करने की कोशिश कर रहा है ।

### कार सवार बदमाश ने लूटा व्यापारी

**रेवाड़ी(सुरेंद्र इंदौरा)।** दिल्ली-जयपुर हाईवे पर ओढ़ी कट के निकट बीती रात स्विफ्ट कार में सवार बदमाश एक सूअर व्यापारी को लूट कर फरार हो गए। बदमाश पिकअप गाड़ी में ले जाए जा रहे 55 सूअर को भी अपने साथ ले गए तथा गाड़ी व उसमें सवार तीनों युवकों को आनंदपुर के पास छोडकर फरार हो गए। बावल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। राजस्थान के अजमेर शहर के मोहल्ला लोंग्या निवासी शुभम तमोली 55 सूअर लेकर दिल्ली बेचने जा रहा था। इस दौरान शुभम के साथ सन्नी व सेठी भी थे। उनकी गाड़ी ने जैसे ही राजस्थान क्रॉस करके जिले की सीमा में प्रवेश किया कि ओढ़ी कट के निकट पीछे से आ रही एक स्विफ्ट गाड़ी चालक ने उनकी गाड़ी के आगे अपना वाहन लगाकर उन्हें रूकवा लिया। गाड़ी रोकते ही स्विफ्ट गाड़ी से निकले युवकों ने उन पर डंडे बरसाने शुरू कर दिए। इसी दौरान पांच-छह बदमाशों ने तीनों को पिकअप से उतारकर अपनी गाड़ी में बिठा लिया तथा उनमें से कुछ युवक पिकअप गाड़ी में सवार हो गए। बाद में बदमाश ने तीनों को आनंदपुर के निकट छोड़ दिया। इसी प्रकार उन्होंने पिकअप गाड़ी से सूअर भी उतारकर अपने साथ लाए गाड़ी में डाल लिए और वहां से फरार हो गए। बदमाशों ने शुभम की जेब से एक हजार रुपये की राशि भी निकाल ली थी। शुभम ने तुरंत इसकी सूचना बावल थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### दो घरों में सेंध लगा लाखों के जेवर व दो लाख की नकदी उड़ाई

**रेवाड़ी(सुरेंद्र इंदौरा)।** जिले के गांव ढ़ाणी भूड़ला व लाधूवास गुर्जर में बीती रात चोर दो अलग-अलग घरों में सेंधमारी कर लाखों रुपये का सोना व नकदी पर हाथ साफ कर गए। पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बाद दोनों मामलों में कार्यवाही शुरू कर दी है। गांव लाधूवास निवासी मांगेराम ने पुलिस को बताया कि बीती रात लाईट नहीं थी, इसलिए परिवार के सभी सदस्य आंगन में सोए थे। रात को चोर घर के अंदर घुसे तथा कमरे में रखी अलमारी में रखे सोने के जेवरात पार कर ले गए। सुबह देखा तो पाया कि कमरे के रोशनदान में लगी जली काटी हुई थी। अलमारी देखने पर पाया कि उसमें रखे एक जोड़ी सोने के कुंडल, सोने का लॉकेट, चांदी की तगड़ी, एक जोड़ी चांदी की पायल व बच्चे के चांदी के जेवरात गायब थे। चोरी हुए जेवरात की कीमत करीब 2 लाख रुपये है। इसी प्रकार गांव भूड़ला की ढ़ाणी निवासी हवा सिंह ने पुलिस को बताया कि बीती रात उसके घर में भी चोरों ने सेंध लगा दी। बिजली नहीं होने से परिवार का मुखिया आंगन तथा उसकी पत्नी बच्चों के साथ छत पर सोई हुई थी। रात को चोर घर के अंदर घुस गए और अलमारी खोल कर उसमें रखे करीब एक लाख 80 हजार की नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सिलेंडर फटने से तीन झुलसे, घर का सामान जला



कैथल(स्वस्ती शर्मा)। रेलवे गेट स्थित एक घर में गैस का सिलेंडर धमाके के साथ फट गया जिससे पूरे घर में आग लग गई। आग से घर का सामान राख हो गया। हादसे में दो महिलाओं सहित तीन लोग झुलस गए जिन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मकान मालिक संदीप की गंभीर हालत को देखते हुए चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। धमाका इतना जोरदार था कि मकान के मुख्य गेट तक को उखाड़ दिया। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस व पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल हुए सभी लोगों को एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। घटना मंगलवार सुबह करीब 10 बजे की है। जब रेलवे गेट पर छोले भटूरे की रेहड़ी लगाने वाला संदीप अपने घर में बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस भर रहा था। गैस भरने के दौरान बड़े सिलेंडर का गैस निकलने वाला हिस्सा दबा हुआ रह गया जिससे लगातार गैस का रिसाव होता गया और गैस पूरे घर में फैल गई। फिर अचानक घर के मंदिर में जल रही जोत की चिंगारी के कारण पूरे घर में आग फैल गई। घर के गेट के सामने परिवार की तीन महिलाएं खड़ी थी जिनमें से एक के माथे पर गेट जाकर लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आग लगने से घर का मालिक संदीप, उसकी पत्नी ऊषा और एक बुजुर्ग महिला शकुंतला झुलस गए हैं। संदीप को गंभीर हालत को देखते हुए चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया गया है।

## निगम कर्मचारियों की मांगें पूरी करने का एक सप्ताह का अल्टीमेट : सुरेंद्र पंवार

देश रोजाना ब्यूरो

सोनीपत। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि शहर के सफाई कर्मचारियों की मांगों को प्रशासन द्वारा एक सप्ताह में पूरा किया जाए। यदि एक सप्ताह में सफाई कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया जाता तो वह कर्मचारियों के साथ धरने को समर्थन देते हुए उनके साथ धरने पर बैठेंगे। विधायक सुरेंद्र पंवार वेतन न मिलने से नाराज सफाई कर्मचारियों के बीच पंचायत भवन स्थित गोहाना रोड पर पहुंचने के उपरांत कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे।

विधायक को कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें तीन माह से वेतन नहीं मिल रहा, जिसकी वजह से परिवार का पालन-पोषण करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि उन्हें न तो ईएसआई कार्ड मिला है, उन्हें यह भी नहीं पता की जो पैसा कटा है वह कहा है। पीएफ का यूनिक कोड भी पता नहीं है। उन्होंने एजेंसी पर गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्हें महीने में चार अवकाश भी नहीं मिलते। उन्होंने बताया कि वह कई बार अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।


विधायक सुरेंद्र पंवार सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनते हुए।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कर्मचारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि प्रशासन को एक सप्ताह का समय दिया है, यदि एक सप्ताह के अंदर सभी कर्मचारियों की तनख्वाह नहीं मिलती तो वह कर्मचारियों के साथ स्वयं धरने पर बैठेंगे। कर्मचारियों का हक नहीं छीनने दिया जाएगा। इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद नीतू राजेश दहिया, आनंद शर्मा, भारत, दीपक बोहत सहित बड़ी तादाद में कर्मचारी मौजूद रहे।

### डिलीवरी ब्वॉय ही 10 लाख का सामान लेकर हुआ फरार

रेवाड़ी। शहर के राव अभय सिंह चौक स्थित इंस्टाकॉर्ट सर्विस प्राईवेट लिमिटेड नामक ऑफिस में बतौर डिलीवरी ब्वॉय काम करने वाला एक युवक डिलीवर करने के बहाने करीब 10 लाख रुपये का सामान लेकर फरार हो गया। शहर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर वेरिफिकेशन में सामने आया है कि युवक कई जगह नाम बदलकर काम कर चुका है। जानकारी के अनुसार शहर में इंस्टाकॉर्ट सर्विस प्राईवेट लिमिटेड नाम से कार्यालय है, जो फ्लिपकॉर्ट के जरिये मंगवाए गए सामान को डिलीवर करने का काम करता है। इस कार्यालय में राजस्थान के जिला अलवर के गांव गढ़ी सवाईराम निवासी बुद्धराम बतौर डिलीवरी ब्वॉय काम करता था। पिछले दिनों वह ऑफिस से तीन लैपटॉप, 24 मोबाइल व कपड़ों के 40 पैकेट्स की डिलीवरी करने के लिए निकला था, लेकिन करीब 10 लाख रुपये का यह सामान उसने न तो ग्राहक को डिलीवर किया और न ही कार्यालय में वापिस जमा कराया।

## सफाई कार्य की निगरानी के लिए समीक्षा कमेटी का होगा गठन : वैशाली सिंह


विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करतीं एडीसी वैशाली सिंह।

संजय शर्मा, देश रोजाना

नारनौल। जिला परिषद के प्रधान राकेश कुमार की अध्यक्षता में पंचायत भवन में जिला परिषद की साधारण बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पिछली बैठक में रखे गए विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। इस दौरान जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह भी मौजूद थीं। एडीसी वैशाली सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़ा प्रबंधन के संबंध में शिकायत पर कहा कि जो ग्राम पंचायत डोर टू डोर कूड़ा उठाना चाहती है, वह प्रस्ताव पास करके भिजवाए इसके बाद इस कार्य का टेंडर छुड़वाया जाएगा। उन्होंने

**स्वच्छता सर्वेक्षण में जिला को अग्रणी रखना लक्ष्य : एडीसी**

अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस टेंडर प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया जाए कि सफाई कार्य की निगरानी के लिए एक समीक्षा कमेटी का गठन किया जाए। इस कमेटी की मंजूरी के बाद ही संबंधित ठेकेदार को पेमेंट की जाए। अन्य विकास कार्यों की समीक्षा दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिला परिषद की पिछली बैठक में हाउस द्वारा पास किए गए लगभग सभी विकास कार्यों का जल्द टेंडर अलॉट हो जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन प्रक्रिया जारी है।

## अस्पताल कर्मी पर तानी पिस्तौल, हवाई फायर कर बाइक लूटी

देश रोजाना ब्यूरो

सोनीपत। गन्नौर में गांव अगवानपुर के आगे पुरखास मोड़ पर सोमवार रात एक अस्पताल कर्मी पर पिस्तौल तानकर व हवाई फायर कर बदमाशों ने बाइक लूट ली। बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाश चेहरे पर कपड़ा बांधे थे। बाद में वारदात को अंजाम देकर वह भाग निकले। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच के बाद लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव पुरखास निवासी प्रमोद ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली के शालीमार बाग स्थित निजी अस्पताल में कार्यरत है। वह सुबह बाइक से रेलवे स्टेशन गन्नौर पहुंचते हैं और वहां से ट्रेन में दिल्ली जाते हैं। रात को ट्रेन से लौटने के बाद गन्नौर से अपने गांव तक बाइक पर जाते हैं। वह सोमवार देर रात भी गन्नौर से घर जाने के लिए निकले थे। जब वह रात करीब साढ़े

**पुरखास मोड़ पर दिया वारदात को अंजाम**

नौ बजे अगवानपुर से पुरखास मोड़ पर पहुंचा तो मोड़ पर सड़क के बीच में तीन युवक बाइक लिए खड़े थे। उन्होंने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। उनकी बाइक बीच सड़क खड़ी होने से उन्होंने अपनी बाइक को रोक दिया। उनके बाइक रोकी तो युवकों ने पिस्तौल तान दी। इसी बीच एक युवक ने हवाई फायर भी किया। प्रमोद ने बताया कि फायर होने से वह डर गया। इसके बाद तीनों बदमाश उनकी बाइक लूटकर भाग गए। प्रमोद ने लूट की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गन्नौर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रवि कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिला के पांच प्ले स्कूलों को दी एक साल की मान्यता

देश रोजाना ब्यूरो

सोनीपत। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बुधवार को जिला के पांच प्ले स्कूलों को एक साल की मान्यता दी गई। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण कुमारी ने प्ले स्कूल संचालकों को मान्यता पत्र सौंपे और निर्देश दिए कि वे सरकार व विभाग द्वारा प्ले स्कूलों को लेकर जो भी नियम बनाए हैं उनकी पालना सुनिश्चित करें। इन प्ले स्कूलों में गन्नौर स्थित दा प्रयास इंटरनेशनल प्ले स्कूल, जिंदल ग्लोबल सिटी स्थित दा प्लम ग्लोबल प्ले स्कूल, सेक्टर-27 में मेपस्को गार्डन सिटी स्थित दया डिवनिटी प्ले स्कूल, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित दा निरझारा प्ले स्कूल तथा रेलवे रोड़ गन्नौर स्थित दा फस्ट फ्रैंड प्ले स्कूल शामिल थे। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग पंचकूला और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी किए गए निर्देशानुसार जिले में चल रहे प्राइवेट प्ले स्कूलों को पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का दाखिला करवाने से पहले प्ले स्कूल की मान्यता की जांच अवश्य कर लें। उन्होंने जिले के सभी प्राइवेट स्कूल संचालकों से भी आह्वान किया कि वे अपने प्राइवेट प्ले स्कूलों का जल्द से जल्द पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। बिना पंजीकरण के चल रहे प्ले स्कूलों को नियमानुसार बंद करवा दिया जाएगा। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी निर्मल, प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के एमडी अमित बत्तरा, महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक कमला व संजीव कुमार मौजूर रहे।


प्ले स्कूलों के मुखिया एक साल की मान्यता की प्रति दिखाते हुए।

### नाबालिग को नशे का टीका लगाकर दुष्कर्म करने वाला दबोचा

कैथल। एक नाबालिग किशोरी का अपहरण करके उसे नशे का टीका लगाकर दुष्कर्म करने के मामले की जांच थाना कलायत प्रभारी इंस्पेक्टर दलबीर सिंह की टीम ने करते हुए आरोपी विकास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना कलायत के अंतर्गत एक निवासी की शिकायत अनुसार उसकी 15 वर्षीय पोती की इंस्टाग्राम पर किसी खुशी के साथ दोस्ती हो गई। दस मई को खुशी ने उसको रात के करीब 11 बजे घर से बाहर बुलाया तथा खुशी एक अज्ञात लड़के के साथ मिलकर उसकी पोती का अपहरण करके ले गई। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता अनुसार उसकी पोती को आरोपियों द्वारा नशे का इंजेक्शन दिया गया तथा आरोपी द्वारा उससे दुष्कर्म किया गया। बाद में उसको कैथल बेहोश हालत में छोड़ कर चले गए। इस बारे थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी विकास काबू किया गया।

## उत्पीड़न के खिलाफ इंसाफ मांगने के लिए सड़कों पर हैं महिला पहलवान : चंढूनी

स्वस्ती शर्मा, देश रोजाना

कैथल। भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की जिला स्तरीय बैठक हनुमान वाटिका में जिला अध्यक्ष महावीर चहल नरड़ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढूनी ने मुख्य तौर पर भाग लिया। मंच संचालन युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने किया। इसके बाद गुरनाम सिंह चढूनी के नेतृत्व में दिल्ली जंतर मंतर पर बैठे पहलवानों के समर्थन मे एसडीएम डा. संजय कुमार को ज्ञापन सौंपा। बैठक को संबोधित करते हुए गुरनाम सिंह चंढूनी ने कहा कि दिल्ली में महिला पहलवानों के आंदोलन को 24 दिन हो गए हैं लेकिन उनकी आवाज को सरकार सुन नहीं रही है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महिला पहलवानों ने देश का नाम रोशन किया है लेकिन वे आज अपने साथ हुए उत्पीडऩ के लिए सड़कों पर हैं। उनको अपने उत्पीडऩ के खिलाफ एफआईआर तक दर्ज करवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा दिल्ली मे पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक द्वारा पहले से निर्धारित किसान नेताओं और खाप प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग तय थी और पुलिस द्वारा जिस तरीके से सत्यपाल मलिक और किसान नेताओं सहित अन्य खाप प्रतिनिधियों को बसों में भरकर अलग-अलग थाने में रखा गया वह निंदनीय है। गुरनाम सिंह चढूनी ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर दोबारा सरकार ने ऐसी कोशिश की तो सत्यपाल मलिक के लिए खून बहाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इस बैठक मे गुरनाम सिंह फरल, केवल सिंह सिद्ध, चमकौर सिंह, सुभाष भागल, जसवंत सधू, नरेंद्र मागो माजरी, कृष्ण मालखेडी ,जैली चीका, रणधीर बरसाना,पिरथी कौल, विक्रम दुसैण, बलकार मलिक, भीम खनौदा, किनदर चीका, नरेंद्र फरल, वकील, जोगिंद्र कैलरम राम पाल मूंदड़ी सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।


पहलवानों के समर्थन में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए गुरनाम चंढूनी।

## नारनौल के विकास को लेकर ओमप्रकाश यादव ने की शहरी निकाय मंत्री से मुलाकात

संजय शर्मा , देश रोजाना

नारनौल। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने मंगलवार को चंडीगढ़ में नारनौल शहर के विकास कार्यों को लेकर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विशेषकर शहरों में स्ट्रीट लाइट के संबंध में बात की। इस पर कमल गुप्ता ने बताया कि सभी शहरों में जल्द ही नई स्ट्रीट लाइट भेज दी जाएंगी। इसके लिए सभी प्रक्रिया पूरी हो चुकी हैं। आने वाले समय में सभी शहर लाइटों से जगमग होंगे। सफाई कार्यों के संबंध में उन्होंने बताया कि अब सभी शहरों में सफाई कार्य के लिए डोर टू डोर उठान कार्य शुरू कर दिया गया है। इसमें संबंधित ठेकेदार की जिम्मेदारी तय की गई है। सफाई के संबंध में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने आश्वासन दिया कि नारनौल शहर के विकास कार्य के लिए बजट की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर उन्होंने प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित विषयों पर भी बातचीत की।


शहरी निकाय मंत्री से मुलाकात करते ओम प्रकाश यादव।

देश रोजाना
बेबाक सच
# विचार

खुशियों को दामन में भरने पर वह थोड़ी सी लगती हैं, लेकिन यदि उन्हें बांटा जाए तो वे और ज्यादा बड़ी नजर आती हैं। खुशियां हमेशा बांटते रहना चाहिए।
-अज्ञात

4

पलवल, बुधवार, 17 मई 2023

संपादकीय

## सिर्फ पंजीकरण नहीं समस्या का हल

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने सभी चिकित्सकों के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। अब हर डॉक्टर को प्रैक्टिस करने के लिए विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईडी) दी जाएगी। सभी डॉक्टरों का डाटा एनएमसी की वेबसाइट पर दर्ज रहेगा और जरूरत पड़ने पर एक क्लिक में संबंधित डॉक्टर का ब्योरा प्राप्त किया जा सकेगा। आयोग का मानना है कि ऐसा करने से झोलाछाप डॉक्टरों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। आयोग ने डॉक्टरों के पंजीकरण के लिए एक विशेष योग्यता भी तय की है। यह निश्चित तौर पर एक सराहनीय पहल है। लेकिन, सवाल यह है कि क्या पंजीकरण अनिवार्य कर देने भर से ही झोलाछाप डॉक्टरी की समस्या खत्म हो जाएगी? आखिर किसी झोलाछाप डॉक्टर के पास कोई मरीज क्यों जाता है? इस 'क्यों' का निदान जिस दिन सरकार खोज लेगी, उसी दिन झोलाछाप डॉक्टरी की समस्या जड़ से खत्म हो जाएगी। हकीकत यह है कि देश की एक बड़ी आबादी इन्हीं झोलाछापों पर निर्भर है, क्योंकि सरकारी चिकित्सा सुविधाएं उसे मयस्सर नहीं है। और, निजी अस्पतालों में जाना उसकी हैसियत से कोसों दूर है। हां, यह सच है कि झोलाछाप डॉक्टरों के गलत इलाज अथवा उनकी कोशिश नाकाम होने के कारण अक्सर मरीजों की मौत हो जाती है। लेकिन, सवाल यह है कि क्या सरकारी अथवा निजी अस्पतालों में ऐसा नहीं होता, जहां सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध रहते हैं? आजादी मिलने के 75 वर्षों बाद भी देश में चिकित्सा सुविधाओं का नितांत अभाव है। हर जिले-शहर में सरकारी अस्पताल हैं, लेकिन पर्याप्त डॉक्टर नहीं हैं, दवाएं नहीं हैं, बिस्तर नहीं हैं। अगर उक्त सारी चीजें हैं भी, तो वहां मौजूद अमले में मरीजों की पीड़ा दूर करने का जज्बा नहीं है, नीयत नहीं है। निजी अस्पताल तो शुरू से बदनाम रहे हैं अंधाधुंध लूट के लिए, लेकिन सरकारी उनसे इंच भर भी पीछे नहीं हैं। किसी तरह की जांच सरकारी अस्पतालों में आसानी से संभव नहीं है। हर जगह एक गिरोह सक्रिय है, तरह-तरह से मरीजों और उनके तीमारदारों का मानसिक-आर्थिक शोषण करने के लिए। बाहर से जांच और दवा खरीदी में कट-कमीशन लेना अमले ने अपना हक समझ रखा है।




**सवाल यह है कि क्या पंजीकरण अनिवार्य कर देने भर से ही झोलाछाप डॉक्टरी की समस्या खत्म हो जाएगी? आखिर किसी झोलाछाप डॉक्टर के पास कोई मरीज क्यों जाता है?**

त्वरित टिप्पणी

## आखिर बगावत से क्या हासिल करेंगे पायलट

**संजय मग्गू**



राजस्थान में कांग्रेस के नेता सचिन पायलट की जन संघर्ष पद यात्रा तो खत्म हो गई, लेकिन उसकी गूंज अभी तक बाकी है। भारत की राजनीति में शायद वह पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने अपनी ही सरकार के खिलाफ लगभग डेढ़ सौ किमी की पदयात्रा निकाली है और अपनी ही पार्टी के मुख्यमंत्री को चेतावनी दी है। 11 मई को अजमेर से शुरू हुई जन संघर्ष पद यात्रा 15 मई को जयपुर में खत्म हुई। यात्रा की समाप्ति पर उन्होंने एक जनसभा की और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को चेताया कि अगर उन्होंने पंद्रह दिनों में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कोई फैसला नहीं लिया, तो उनके खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। ऐसे में राजनीतिक गलियारे में यह चर्चा तेज हो गई है कि अपनी ही सरकार के खिलाफ पद यात्रा निकालने वाले सचिन पायलट को कांग्रेस बर्दाश्त क्यों कर रही है? इससे सचिन पायलट को हासिल क्या होगा? राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सचिन पायलट बार-बार अपनी ही पार्टी के खिलाफ बगावत इसलिए कर रहे हैं ताकि पार्टी या तो उन्हें मुख्यमंत्री बना दे या फिर उन्हें निकाल दे, ताकि वे अपने को शहीद बताकर सहानुभूति बटोर सकें। कांग्रेस यही नहीं करना चाह रही है। वह चाहती है कि पायलट खुद निकल जाएं। 11 मई को शुरू हुई पद यात्रा में लगभग ढाई हजार लोगों की भीड़ नजर आई। सचिन पायलट भी भारत जोड़ो यात्रा की तरह प्रतिदिन लगभग 25 किमी चले। इस दौरान उनके समर्थक पार्टी विधायक, पूर्व विधायक, सरपंच और पदाधिकारी साथ नहीं चले। यात्रा के दौरान सिर्फ एक ही चेहरा दिखता रहा और वह था सचिन पायलट का। लेकिन जब 15 मई को जयपुर में सभा हुई, तो अशोक गहलोत सरकार में मंत्री हेमाराम चौधरी और राजेंद्र सिंह गुढ़ा समेत 14 वर्तमान विधायक समापन सबा में शामिल हुए। इतना ही नहीं, 14 पूर्व विधायक भी समापन सभा में नजर आए। हां, जनसंघर्ष पद यात्रा के दौरान पांच बोर्ड के अध्यक्ष, सात प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी, 10 ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष, 17 लोकसभा एवं विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशियों समेत छात्रसंघ, युवा, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक विभाग के नेता की अपना चेहरा दिखाते रहे। अगर सचिन पायलट इतने नेताओं के भरोसे नई पार्टी बनाकर या भाजपा में शामिल होकर यह समझते हैं कि वे मुख्यमंत्री पद हासिल कर लेंगे, तो यह उनकी भूल कही जाएगी। इस मामले में कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार की यह सीख बहुत मौजूं है कि कांग्रेस ने आपको उपमुख्यमंत्री बनाया। एक दिन मुख्यमंत्री भी बनेंगे। भाजपा आपको कभी मुख्यमंत्री नहीं बनाने वाली। पार्टी और जनता की निःस्वार्थ सेवा करें, सही समय पर सही फल मिलेगा। सच तो यह है कि सचिन पायलट सही समय का इंतजार नहीं करना चाहते हैं। वह 2018 के बाद पार्टी के लिए की गई सेवाओं का तत्काल मूल्य पाना चाहते हैं। अपनी ही पार्टी के खिलाफ झंडा उठाने वाले पायलट को ज्योतिरादित्य सिंधिया से सबक लेनी चाहिए। सिंधिया समर्थकों की मध्य प्रदेश में क्या स्थिति है, उन्हें पता कर लेना चाहिए।


# एग्जिट पोल कितने सच्चे, कितने झूठे, कितने सटीक

**जगन्नाथ गौतम**



जब भी किसी राज्य में चुनाव नजदीक आते हैं तो सबसे पहले कई न्यूज चैनल अपने ओपिनियन पोल शुरू कर देते हैं। जैसे ही चुनाव खत्म होते हैं, उसी श्याम एग्जिट पोल की बाढ़ आ जाती है। सबसे पहले हम ओपिनियन पोल की बात करें, तो ज्यादातर जानकारों का मानना है कि ओपिनियन पोल लगभग पूरी तरह मैनेज किए जाते हैं। किसी खास पार्टी या अपनी मनपसंद पार्टी को लाभ पहुंचाने के लिए। उस पार्टी को इन ओपिनियन पोल में आगे दिखाया जाता है। इसे हम दूसरे शब्दों में यह भी कह सकते हैं कि अपने उम्मीदवारों या जिस पार्टी की तरफ हमारा झुकाव कई कारणों के चलते होता है, उसमें धन भी अपनी भूमिका पूरी तरीके से निभाता है। यह भी आप कह सकते हैं कि किसी खास पार्टी की हवा बनाने के लिए ओपिनियन पोल कोई भी चैनल किसी भी एजेंसी के साथ मिलकर निकालता है। इसमें विपक्षी दलों का माहौल आमतौर पर कमतर आंका जाता है, उनकी उनकी सीटें कम दिखाई जाती हैं। जिस पार्टी द्वारा यह चैनल मैनेज किए जाते हैं, उनकी सीटें बढ़ा-चढ़ाकर बताई जाती हैं। ऐसी ओपिनियन पोल लगभग कई बार किए जाते हैं जिससे वोटरों के दिमाग में यह बात बताई जाती है कि फलां पार्टी ही जीतेगी और सत्ता में लौटेगी। यह एक तरीके से विपक्षी दलों और उनके सपोर्टरों तथा ऐसे वोटर जो माहौल देखकर अपना मन वोट बनाने के लिए तैयार करते हैं, यह भी कह सकते हैं कि अक्सर यह फ्लोटिंग वोट ही किसी पार्टी को सत्ता में लाने का काम करते हैं। किसी भी पार्टी के कुछ परसेंटेज तो वोट फिक्स होते हैं, लेकिन जो यह फ्लोटिंग वोटर होते हैं, यह जिस तरफ झुक जाए, वह पार्टी जीत की ओर बढ़ जाती है।

इन ओपिनियन पोल का मकसद ही होता है कि जनता को मतदाताओं को उस तरफ मोड़ना, उनके मन में यह भी होता है कि भाई जीत तो यही पार्टी रही है तो इसी को हमें वोट देना चाहिए। इस तरह हम यह कह सकते हैं कि ओपिनियन पोल तो विश्वसनीय कहे ही नहीं जा सकते। बहुत कम ओपिनियन पोल ईमानदारी से किए जाते हैं, लेकिन ज्यादातर ओपिनियन पोल मैनेज किए जाते हैं इसलिए इन पर विश्वास नहीं किया जा सकता। कई देशों ने तो इन ओपिनियन पोल पर प्रतिबंध लगा रखा है क्योंकि यह मतदाताओं को प्रभावित करते हैं



ओपिनियन पोल के बाद अब हम बात करते हैं एग्जिट पोल की। यह एग्जिट पोल चुनाव जैसे ही समाप्त होते हैं, शाम को आने शुरू हो जाते हैं और सब चैनल और एजेंसियां मिलकर अपना अपना अनुमान बताने लगती हैं कि जो चुनाव हुए हैं इनमें किस को बहुमत मिल रहा है और किस पार्टी की सरकार बनने जा रही है। आमतौर पर एग्जिट पोल की भी भविष्यवाणियां सटीक नहीं बैठती हैं। होता क्या है कि लगभग 8-10 एग्जिट पोल आते हैं जो लगभग एक दूसरे से अलग होते हैं। अलग संख्या दिखाई जाती है कि इस पार्टी को इतनी, इस पार्टी को इतनी, निर्दलीयों को इतनी सीटें मिलने के आसार हैं, लेकिन वह भी पूरी तरीके से सत्य पर आधारित नहीं होते। जब 8-10 चैनल एग्जिट पोल करते हैं तो कोई ना कोई चुनाव परिणामों के आसपास निकल ही जाता है। यदि हम कर्नाटक में इस बार हुए विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल की बात करें, तो इस बार लगभग 10 चैनलों ने मोटे तौर पर अपने एग्जिट पोल देश के सामने रखे। इनमें से चार ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बन रही

सामयिकी

है। एक ने कहा कि भाजपा बहुमत में आ रही है। भाजपा की सरकार बनेगी। इनमें से पांच ने दावा किया कि न कांग्रेस, ना भाजपा कोई भी पूर्ण बहुमत में नहीं आएगा। हंग विधानसभा बनेगी और उसमें जेडीएस की भूमिका किंग मेकर की होगी। वह पिछली बार सबसे कम सीट लाने पर भी सत्ता पर काबिज हो गई थी। जीडीएस के कुल 37 सीटें और कांग्रेस की 80 सीटें थी, लेकिन कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने के लिए जेडीएस को तुरंत अपना समर्थन दे दिया था और कर्नाटक में जीडीएस की सरकार बन गई थी।

इस बार एबीपी न्यूज नसीब मोटर एजेंसी के साथ मिलकर जो एग्जिट पोल सर्वे किया, उसमें उन्होंने कांग्रेस का स्कोर 110 से 122 तथा भाजपा का 73 से 85 और जेडीएस को 21 से 29 सीटों का अनुमान लगाया था, लेकिन इस सर्वे में यह तो बात सही निकली कि कांग्रेस सत्ता में आएगी। उसे 136 सीटें मिलीं और भाजपा 65 सीटों पर अटक गई। जबकि सर्वे में भाजपा को 73 से 85 सीटें दी गई थीं। हालांकि जेडीएस के लिए 21 से 69 सीटों के बीच की भविष्यवाणी सही नहीं निकली। इस एग्जिट पोल में एग्जैक्ट सीटों के आसपास परिणाम नहीं दिखे यानी उनमें काफी अंतर रहा। जी न्यूज के एग्जिट पोल के परिणाम हम देखें तो उसने भाजपा को 103 से 118 सीटें दी थीं। एक तरीके से उसने यह दावा कर दिया कि भाजपा पूणे सत्ता में लौट रही है। कांग्रेस को 82 से 97 सीटें, जेडीएस को 28 से 33 सीटें मिलने का दावा किया तो आप देख सकते हैं कि कर्नाटक विधानसभा के चुनाव परिणाम आपके सामने हैं। यह एग्जिट पोल कितने सही हैं? जी न्यूज ने भाजपा के लिए जितनी सीटों का दावा किया भाजपा को उससे लगभग आधी सीटें मिली। कांग्रेस को स्कोर से लगभग 40 परसेंट ज्यादा सीटें मिलीं। कहने का तात्पर्य यह है कि ओपिनियन पोल पर तो लगभग विश्वास किया ही नहीं जा सकता, लेकिन एग्जिट पोल से परिणाम के बारे में इतना पता चल जाता है कि हवा किस तरफ बह रही है। कौन सी पार्टी सबसे आगे जा रही है अथवा सरकार बना सकती है। जो भी एग्जिट पोल कर्नाटक चुनाव पर आए, पूरी तरीके से कोई भी एग्जिट पोल सटीक नहीं बैठा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं।)**

> **ओपिनियन पोल के बाद अब हम बात करते हैं एग्जिट पोल की। यह एग्जिट पोल चुनाव जैसे ही समाप्त होते हैं, शाम को आने शुरू हो जाते हैं और सब चैनल और एजेंसियां मिलकर अपना अपना अनुमान बताने लगती हैं कि जो चुनाव हुए हैं इनमें किस को बहुमत मिल रहा है और किस पार्टी की सरकार बनने जा रही है। आमतौर पर एग्जिट पोल की भी भविष्यवाणियां सटीक नहीं बैठती हैं। होता क्या है कि लगभग 8-10 एग्जिट पोल आते हैं जो लगभग एक दूसरे से अलग होते हैं।**

# कर्नाटक चुनाव में करारी हार पर भाजपा का आत्ममंथन जरूरी

**कांतिलाल मांडोत**



कर्नाटक विधान सभा चुनाव में भाजपा को झटका देते हुए कांग्रेस को भारी बहुमत से विजय हासिल हुई। दक्षिण का एकमात्र राज्य भी भाजपा से 'हाथ' ने छीन लिया। कांग्रेस का क्षेत्रीय नेतृत्व और स्थानीय मुद्दे तुरुप के पत्ते साबित हुए। कांग्रेस को इतनी भारी जीत की उम्मीद नहीं थी। भाजपा के विकास के मुद्दे की जगह स्थानीय मूलभूत सुविधाओं से वंचित मतदाताओं ने कांग्रेस का हाथ पकड़ लिया। कांग्रेस के पास अब चार राज्यों में सरकार है। भाजपा के अति विश्वास के चलते जनता ने हिजाब बैन जैसे मुद्दे को दरकिनार कर दिया। 34 साल बाद कांग्रेस की दक्षिण में जीत से आगामी इस वर्ष अन्य राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी हालत बदल सकते हैं।

भाजपा ने मुस्लिम कोटा खत्म कर वोक्कालिंगा और लिंगायत समुदाय के दो दो प्रतिशत आरक्षण की गणित से समीकरण बदल गए। 13 प्रतिशत मुस्लिम आबादी और दो प्रतिशत ईसाई समाज के मतदाताओं ने कांग्रेस को वोट दिया। कांग्रेस ने कभी नहीं सोचा होगा कि भारी मतों से कर्नाटक में जीत हो जाएगी? पिछले कई राज्यों में हारने के बाद कर्नाटक में विजय हासिल करना कांग्रेस के लिए संजीवनी के समान है। हिमाचल प्रदेश को छोड़कर कांग्रेस की हालत लगभग सभी राज्यों में खराब थी। राममंदिर, बजरंगबली, द केरला स्टोरी और हिजाब बैन के मुद्दे टांय टांय फिस्स साबित हुए। वहीं कांग्रेस के भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे कांग्रेस को फलीभूत करने में सफल हुए। भाजपा को विकास के मुद्दे को दरकिनार कर आम जनता को राहत दिलाने के लिए बिजली, पानी और राशन जैसे मुद्दे पर ध्यान देना होगा। भाजपा सांप्रदायिक मुद्दों को उछालकर एक तरह से अपने लिए झंझट मोल ले रही है। भाजपा नेताओं को अहंकार छोड़ना पड़ेगा। विभिन्न राज्यों में राहत के रूप में मिलने वाली राहत किटों को लेकर वोट किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में भाजपा को विकास की बातों पर नहीं उलझना चाहिए। क्योंकि विकास का मुद्दा पुराना होता जा रहा है। आम निरक्षर व्यक्ति के लिए विकास के क्या मायने हैं? लेकिन भाजपा को गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों की मूलभूत सुविधाओं की तरफ ध्यान देना होगा। आज जनता जो चाहती है, उसी के अनुरूप राजनीतिक दलों को झुकना पड़ता है। इस जीत से कांग्रेस का आत्मविश्वास बढ़ा है। कई राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए नहीं आने वाली कांग्रेस अब जोश के साथ मैदान में उतरेगी। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान विधानसभा चुनाव इस वर्ष होने हैं। कांग्रेस बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई के मुद्दे को लेकर भाजपा को घेर रही है। वहीं भाजपा कांग्रेस के कार्यकाल की जन्मकुंडली खंगाल रही है। उससे क्या वास्ता?

कांग्रेस पर भाजपा भ्रष्टाचार का आरोप मढ़ने में सफल होती दिख रही है। वहीं कांग्रेस इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की शहादत को संवेदनशील बनाकर वोट बटोर रही है। उनकी दादी और पिता को देश के लिए शहीद होने की बात पर जोर दिया जा रहा है। कांग्रेस की जीत को ऐतिहासिक कह सकते हैं। उसके लिए भाजपा को अपना मत स्पष्ट करना है। नरेंद्र मोदी के साथ मंच पर बैठी दिखी राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को फिर से जवाबदेही सौंप कर भाजपा चिंता मुक्त हो सकती है। छह महीने बाद राजस्थान में विधानसभा चुनाव हैं। राजस्थान की पूर्व मुख्ययमंत्री वसुंधरा राजे को चुनाव प्रचार के लिए आलाकमान आदेश देकर उनकी भूमिका को साझा करे। कांग्रेस ने कर्नाटक में पांच मुद्दे की घोषणा की और कांग्रेस को जनता ने स्वीकार कर लिया। कांग्रेस के जीत में बड़े कारण कारण यही रहे हैं। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा, कांग्रेस ने 40 प्रतिशत भागीदारी का मुद्दा जोरशोर से उछाला, अभियान के साथ दो सौ यूनिट फ्री बिजली और पुरानी पेंशन योजना की बहाली कांग्रेस की जीत की बड़ी वजह रही है। 40 प्रतिशत भ्रष्टाचार के आरोप का भाजपा ने कोई खास जवाब नहीं दिया। बीएस येदियुरप्पा से मुख्यमंत्री पद छीनना, टिकट वितरण में धांधली और पार्टी में गुटबाजी हावी रही। इसके कारण मतदाताओं ने उन्हें ठुकरा दिया। कांग्रेस के वादों पर लोगों ने भरोसा किया। भाजपा ने इस हार से सबक नही लिया तो आगामी दिनों में भाजपा की डगर मुश्किल हो सकती है। भाजपा को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं।)**



**कांग्रेस इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की शहादत को संवेदनशील बनाकर वोट बटोर रही है।**

चिट्ठी आई है

## बेटियों ने बढ़ाया परिवार का मान

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का परिणाम काफी सुखद रहा। भिवानी की लाडली नैंसी ने पूरे राज्य में टॉप करके जिले का नाम रौशन कर दिया। नवभारत सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा नैंसी बंसल ने 498 अंक लेकर न सिर्फ अपने विद्यालय एवं शिक्षकों, बल्कि अपने माता-पिता और परिवार का मान बढ़ाने का कार्य किया है। नैंसी के अलावा करनाल के संत निक्का सिंह पब्लिक स्कूल की छात्रा जसमित कौर ने 497 अंक लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, तीसरे स्थान पर तीन बेटियों ने अपना नाम दर्ज कराया। झज्जर के जहांगीरपुर स्थित न्यू रॉयल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा कनुज, रोहतक के सैनी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा मानसी सैनी एवं हिसार के आर्य कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उकलाना की छात्रा प्रिया बंसल ने 496 अंक लेकर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान पाया। परिवार का बच्चा अगर कोई कामयाबी हासिल करता है, तो खुशी स्वाभाविक हो जाती है। माता-पिता को लगता है कि उनकी मेहनत, त्याग, प्रयास का सुफल उन्हें मिल गया। हर अभिभावक अपने सारे सुख-सुविधाओं में कटौती इसीलिए करता है कि उसकी संतान के भविष्य की राह आसान हो जाए। मन में भाव यही रहता है कि हमारी तो बीत चली, लेकिन बच्चे का आने वाला कल सुंदर और सुखद रहे। बच्चे भी सब कुछ समझते हैं, इसलिए अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए वे जी-तोड़ मेहनत करते हैं और अपनी कामयाबी के माध्यम से माता-पिता का आभार व्यक्त करते हैं।

**चंद्र प्रकाश, पलवल**

**पाठकों से 'चिट्ठी आई है' कालम के लिए विचार, सुझाव और शिकायतें आमंत्रित हैं। -संपादक**
**news@deshrojana.com**

D Shivakumar @Dk_Shivakumarr K

कांग्रेस ने आपको उपमुख्यमंत्री बनाया, एक दिन मुख्यमंत्री भी बनेंगे। भाजपा आपको कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बनाने वाली। पार्टी और जनता की

CMO Haryana@cmohry



चरखी दादरी में #जनसंवाद के दौरान सीवरेज व्यवस्था को लेकर आई शिकायत पर मुख्यमंत्री श्री @''३३१ ने तुरंत लिया था एक्शन। शहर में सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए स्पेशल टीम लगाने के दिए थे निर्देश। इसके बाद से स्थानीय प्रशासन द्वारा निरंतर चलाई जा रही है पूरे शहर में सीवर की सफाई के लिए मुहिम।

Rapunzel@_DilSeRahul_

हरियाणा के बीजेपी मंत्री बीरेंद्र सिंह पहुंचे #WrestlersProtests समर्थन में ।और एक महिला ने बोल दिया कि स्मृति ईरानी महिला होकर पहलवानों की सपोर्ट में नहीं आई। आप उसका इस्तीफा मांग सकते हो क्योंकि आप बीजेपी में हो तो CBI ,ED आपके पीछे नहीं आएगी।

## अहंकारी व्यक्ति नहीं सीख सकता

**अशोक मिश्र**

बोधि वृक्ष



जब व्यक्ति के मन में ज्ञान का अहंकार आ जाता है, तो वह कुछ भी सीखने की दशा में नहीं रह जाता है। वैसे माना यह जाता है कि दुनिया में जितना भी ज्ञान है, हम उसका दस या बीस फीसदी ही ग्रहण कर पाते हैं। हमारा मस्तिष्क इससे ज्यादा ग्रहण ही नहीं कर सकता है। एक बार की बात है। एक युवक संत पथिक जी के पास पहुंचा और अहंकार भरे स्वर में बोला कि मैं बहुत अमीर हूं। मैंने गीता, महाभारत, पुराणों और अन्य धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन कर रखा है। मैंने बड़े और नामी स्कूलों में उच्च शिक्षा प्राप्त की है। यह बात सुनकर पथिक जी समझ गए कि युवक को अपने ज्ञान और धन को लेकर बहुत अभिमान है। उन्होंने कहा कि यदि तुम ज्ञान प्राप्ति की अभिलाषा लेकर आए हो, तो तुम्हें विनम्रता सीखनी होगी। तुम्हें अपने मन में छिपे बैठे अहंकार को समाप्त करना होगा। अहंकार के रहते कोई भी व्यक्ति किसी से कुछ भी सीख नहीं सकता है। सीखने के लिए सबसे जरूरी है विनम्रता। विनम्र रहकर ही कोई व्यक्ति कुछ सीख सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे धर्म ग्रंथों में कहा गया है कि जो व्यक्ति यह कहता है कि मैं बहुत ज्ञानी हूं। मैं सब कुछ जानता हूं। सच तो यह है कि ऐसा व्यक्ति दरअसल कुछ भी नहीं जानता है। वह अज्ञान के अंधेरे में भटक रहा होता है। न जानना कोई अपराध नहीं है, लेकिन न जानते हुए सब कुछ जानने का ढोंग करना, गलत है। सच तो यह है कि जो व्यक्ति अपने को अज्ञानी कहकर जानने का प्रयास करता है, वह आसानी से ज्ञान प्राप्त कर लेता है। जिस व्यक्ति की बुद्धि स्थिर है और मन कहीं पर अटका हुआ नहीं है, वह विद्यार्थी अपने गुरु को बहुत प्रिय होता है। यह सुनकर उस युवक का अंहकार दूर हो गया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नीता मग्गू द्वारा आर.प्रहरी मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, वार्ड नंबर 12, नजदीक हरियाणा सीनियर सेकेंड्री स्कूल, बाली नगर, पलवल से प्रकाशित और इंप्रेशन्स प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21-22, सेक्टर 59, नोएडा, 201301 से मुद्रित। **संपादकः संजय मग्गू** (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन एवं प्रकाशन के लिए जिम्मेदार) फोन नंबर-01275-299300, 4317287, मोबाइल नंबर-7027599300, प्रसारः 7015221843 आरएनआई नंबरः **HARHIN/2021/81389, Email info@deshrojana.com, Website www.deshrojana.com**

# अब उद्योगों को मिलेगी 24 घंटे बिजली

## बनेगा अलग फीडर,पलवल के उद्यमियों को मिलेगी बड़ी राहत



अजय प्रताप सिंह, देश रोजाना

**पलवल।** उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए बिजली निगम ने एक और कदम उठाया है। बिजली पूरी मिले व कट न लगे, इसको लेकर उद्योगों के लिए अलग से फीडर खींचे जाएंगे। यह फीडर बिजली निगम अपने खर्च पर बनाएगा। निगम के इस फैसले से पलवल सहित गुरुग्राम, फरीदाबाद, भिवानी, हिसार आदि जिलों के उद्योगों को भी फायदा मिलेगा। उद्योगों की पहचान के लिए सर्कल स्तर पर काम शुरू हो गया है।

प्रदेश में गांव व शहर में उद्योग लगे हुए हैं। गांव व उसके आसपास लगे काफी उद्योगों को ग्रामीण हिसाब से बिजली मिल रही है। उसी तरह शहर में काफी उद्योगों के कनेक्शन ग्रामीण सब स्टेशन या फीडर से जुड़े हुए हैं। उद्योगों को पूरी बिजली नहीं मिलने के कारण उद्योगपतियों को काफी परेशानी हो रही थी। सरकार ने प्रदेश को विकास की दृष्टि से आगे बढ़ाने के लिए उद्योगों को 24 घंटे बिजली देने का निर्णय लिया है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की तरफ से जारी सर्कुलर में ऐसे उद्योगों की पहचान करने के लिए कहा गया है, जिनको बिजली पूरी नहीं मिल रही। उनके लिए अलग से फीडर की लाइन खींची जाएगी। उससे बिजली पूरी मिलेगी।

पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, भिवानी आदि जिलों में उद्योगों की काफी संख्या है। पलवल में हाईवे पर कई उद्योग बसे हैं। शहर में लगे उद्योगों को अलग से फीडर से ही बिजली मिल रही है लेकिन जो उद्योग बचे हुए हैं, उनका रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। सर्कल स्तर पर रिकॉर्ड तैयार होने के बाद उद्योगों को बिजली मिलेगी।

नया फीडर लगाने के लिए उद्योगपतियों व किसी अन्य पर बोझ नहीं डाला जाएगा। उद्योगों को पूरी बिजली मिलने से प्रयोग ज्यादा होगा और निगम की आय भी बढ़ेगी। बिल ज्यादा आने से निगम को ही फायदा होगा। निगाम की आय बढ़ने से वह बिजली के विकास कार्यों में इसका उपयोग कर सकेगी। साथ ही उद्योगों के विकास होने से रोजगार तो बढ़ेगा ही, प्रदेश की साख भी बढ़ेगी। इसलिए विभाग ने यह महत्वपूर्ण फैसला लिया है। एसई पलवल ने बताया कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए बिजली पूरी दी जाएगी। इसको लेकर नए फीडर निकाले जाएंगे। उद्योगों को पूरी बिजली मिलेगी तो निगम को भी उसका फायदा होगा।

# शांति पब्लिक स्कूल के दीपेश प्रदेश में सेकेंड, रिया थर्ड




अजय प्रताप सिंह, देश रोजाना

**पलवल।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड के 10वीं के जारी रिजल्ट में पलवल के बच्चों ने प्रदेश स्तर पर अपना लोहा मनवाया। रेलवे रोड स्थित शांति पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दसवीं के छात्र दीपेश शर्मा ने प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जबकि रिया ने प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। जिले में यही दोनों पहले दो स्थानों पर रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश भारद्वाज ने शीर्ष स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को फूल मालाएं पहना कर और मिठाई खिलाकर अभिभावकों सहित सम्मानित कर बधाई दीं। इसी प्रकार स्कूल ने 12वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया है। इसके तहत संजना ने वाणिज्य संकाय से जिले में स्थान व विद्यालय में प्रथम स्थान तथा स्नेहा ने कला संकाय से द्वितीय स्थान तथा पुनीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है । विद्यालय से चार बच्चों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए है। नौ बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। 25 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश भारद्वाज ने विद्यालय की उपलब्धियों से अभिभावकों और अन्य विद्यार्थियों को परिचित कराते हुए उन्हें निरंतर इसी तरह विद्यालय क्षेत्र परिवार के साथ माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

## 12 वीं में जीवन ज्योति स्कूल की अंजली जिले में दूसरे स्थान पर रही




देश रोजाना, पलवल

जीवन ज्योति स्कूल पलवल की छात्रा अंजली ने हरियाणा बोर्ड की 12 वी परीक्षा में साईंस संकाय नॉन मेडिकल में 476 अंकों के साथ जिला पलवल में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर वीरेन्द्र गहलौत ने बताया कि स्कूल की छात्रा अंजली ने साईंस संकाय की नॉन मेडीकल स्ट्रीम में 476 अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा तथा मेडिकल संकाय से राहुल ने 473 अंक, कॉमर्स संकाय से पायल ने 475 अंक, विशाल लोधी 471 अंक तथा कला संकाय से मोनिका ने 473 अंक प्राप्त कर सम्पूर्ण जिले में स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल में 95 प्रतिशत से अधिक छात्र आठ, 90 प्रतिशत से अधिक 22, 85 प्रतिशत से अधिक 32, 80 प्रतिशत से अधिक 41 छात्र रहे। स्कूल चेयरमैन बीरपाल गहलौत ने छात्रों उनके अभिभावकों तथा स्कूल के सभी प्रधानाचार्यों तथा अध्यापकों को अच्छे रिजल्टस की शुभकामनाएं दीं।

## छात्रों और अध्यापकों के सम्मान में समारोह आयोजित



बीवीएन स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में अव्वल आने वाले छात्रों को सम्मानित करते चेयरमैन व अन्य।

प्रवीण सैनी, देश रोजाना

**होडल।** गांव खांबी में स्थित बाल विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में छात्रों के साथ-साथ स्कूल अध्यापकों को भी पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के चेयरमैन मोहन शर्मा मौजूद थे जबकि अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल ललित शर्मा ने की। इस मौके पर प्रिंसिपल ललित शर्मा ने बताया कि बारहवीं कक्षा की छात्रा कोमल ने कॉमर्स संकाय से 488 अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त जबकि सोनिया ने 483 अंक प्राप्त कर विज्ञान संकाय में जिले में प्रथम स्थान हासिल किया।

आर्ट संकाय में सपना व रोहित ने 478 अंक प्राप्त कर विद्यालय में अपनी संकाय में पहला स्थान प्राप्त किया। समारोह में हर संकाय के टॉप पांच स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल ललित शर्मा ने बताया कि विद्यालय के कुल 212 विद्यार्थियों में से 112 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में 115 विद्यार्थियों में से 50, आर्ट संकाय में 78 विद्यार्थियों में से 52 तो वही कॉमर्स संकाय में 19 विद्यार्थियों में से 10 विद्यार्थियों ने मेरिट श्रेणी में स्थान बनाया। खास बात यह रही कि बायोलॉजी, अंग्रेजी, अकाउंट, इतिहास, पॉलिटिकल साइंस, फिजिकल, फाइन आर्ट व होम साइंस विषय में विद्यार्थियों ने अधिकतम 100 अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में सोनिया, हिमांशी, मोनिका, रितिका व हितेश शीर्ष पांच में रहे। कॉमर्स संकाय में कोमल, कनिका, प्रशांत, एकता और इशिता शीर्ष पांच में रहे तो वहीं आर्ट संकाय में सपना, रोहित, पूजा, मनीषा, आरती, डोली, चंचल, शिवानी व रोनक शीर्ष पांच में रहे। विद्यालय के चेयरमैन मोहन शर्मा ने बताया कि इस बार का सीनियर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम बहुत ही बेहतरीन रहा है। इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय अपने कर्मठ अध्यापकों का, मेहनती विद्यार्थियों का तथा सजग अभिभावकों का बहुत-बहुत धन्यवाद करता है। इस मौके पर कोमल को 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए विद्यालय परिवार की तरफ से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज डायरी

### मादक पदार्थ सहित तस्कर गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में स्मैक तस्करी का आरोपी

**प्रवीण सैनी, देश रोजाना, होडल।** एंटी नारकोटिक्स सेल होडल ने एक तस्कर को स्मैक मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। एंटी नारकोटिक्स सेल होडल प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि गांव कोट अड्डा मौजुदा जहां उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि आबिद पुत्र दीनु निवासी खिल्लुका थाना हथीन जो नशीले पदार्थ स्मैक तस्करी का काम करता है । जो आज भी मिठाका रोड सरकारी स्कूल के पास गांव खिल्लुका के खेतों में बने कोटडा के सामने स्मैक बेचे जाने की सूचना पर पुलिस टीम ने बिना किसी देरी के मौका पर दबिश दी। वहां एक नौजवान पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगा जिसको पुलिस पार्टी ने मशक्कत उपरांत काबू किया। उसने अपना नाम आबिद निवासी खिल्लुका थाना हथीन बतलाया। कुल 4.80 ग्राम स्मैक भी मिला । बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत थाना हथीन में मामला पंजीबद्ध किया गया।

### चोरी के अलग-अलग दो मामलों में दो चोर गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में मोटरसाइकिल चोर

**प्रवीण सैनी, देश रोजाना, होडल।** थाना पुलिस ने दो अलग-अलग चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। होडल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि 13 मई को सुजीत कुमार निवासी कच्चा तालाब होडल अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल से बाजार होडल मे निजी काम से आया था। उसने अपनी मोटरसाईकिल बन्टी किराना स्टोर के दुकान के सामने खडी की। जब वह अपना निजी काम करके लौटा तो कोई अज्ञात चोर उक्त मोटरसाईकिल को चोरी कर ले गया। मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई वीरेंद्र सिंह, चौकी ईन्चार्ज लघु सचिवालय होडल की टीम ने वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी प्रकाश निवासी गांव अंधोप थाना बहीन को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। आरोपी को पेश अदालत कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से उक्त चोरी की हुई मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। वहीं दूसरे मामले में देशपाल चौहान निवासी गांव औरंगाबाद ने पुलिस को अपनी शिकायत दर्ज कराई कि पांच मई की रात मे चरणसिंह चौक पर स्थित उसकी दुकान का शटर बीच मे से काट कर अज्ञात चोर लगभग 25 बैटरी चोरी कर ले गए। हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार ने वारदात में शामिल आरोपी राशिद को पहले ही गिरफ्तार कर उससे चोरी की गई 18 बैटरी एवं वारदात में प्रयुक्त रेहड़ा मोटरसाइकिल को बरामद कर जेल भेजा गया। इसके बाद जांच इकाई ने अब वारदात में शामिल दूसरे आरोपी राहुल उर्फ लीलू निवासी गांव भुलवाना को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी से वारदात में प्रयुक्त एक राड एवं एक पेचकस बरामद किया गया है। दोनों मामलों में आरोपीयो को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।

### दुर्गापुर गांव के पास हाइवा के टक्कर से पिता की मौत, पुत्र घायल

**देश रोजाना ब्यूरो, पलवल।** पलवल-हथीन मार्ग पर दुर्गापुर गांव के निकट हाइवा की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बेटा सड़क किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक हाइवा सहित मौके से फरार हो गया। सदर थाना पुलिस ने घायल बेटे की शिकायत पर हाइवा के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामचंद्र जाखड़ ने बताया कि यूपी के अलीगढ़ के हजियापुर गांव निवासी दीपक कुमार अपने पिता भानु प्रकाश के साथ बाइक पर पलवल से हथीन दवाई लेने के लिए जा रहा था। जब उनकी बाइक पलवल-हथीन मार्ग पर स्थित दुगार्पुर गांव के निकट पहुंची, तभी तेज रफ्तार से आए एक हाइवा चालक ने लापरवाही से ड्राइविंग करते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से भानु प्रकाश बीच सड़क गिर गए, जबकि वह बाइक से उछल कर सड़क किनारे गिर गया। हाइवा उसके पिता को कुचलते हुए निकल गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने उसे उसके परिजनों को सौंप दिया।

## दीप स्कूल असावटी में 12 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा




देश रोजाना ब्यूरो

**पलवल।** दीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल असावटी का 12 वं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल के छात्र यश निवासी जाटोला ने 12वी साइंस में 500 में से 480 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान बनाया है। स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि स्कूल में 12वी कक्षा के कुल 47 छात्र थे जिनमें से चार छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये और 15 छात्रों ने मेरिट सूचि में स्थान प्राप्त किया।

आज सभी सफल छात्रों को स्कूल बुलाया गया और उनका सम्मान किया गया। इसके इलावा स्कूल के चेयरमैन कुलदीप कौशिक ने सभी छात्रो को अपना आशिर्वाद प्रदान किया।

## दसवीं बोर्ड परीक्षा में पलवल 18वें स्थान पर

**देश रोजाना, पलवल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के दसवीं के परीक्षा परिणाम में जिले के दो होनहारों ने प्रदेश में अपना लोहा मनवाया लेकिन जिले का ओवरआल रिजल्ट निराशाजनक रहा है। प्रदेश के 22 जिलों में से रिजल्ट के हिसाब से 18वें स्थान पर रहा। जिले में 58.14 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए हैं। जिले से दसवीं की परीक्षा में 15687 परीक्षार्थी बैठे थे। इसमें से 9120 बच्चे पास, 2462 का कंपार्टमेंट व 4105 बच्चे फेल हुए। लड़कियों का पास प्रतिशत 60.68 रहा, जबकि लड़कों का 56.05 रहा। जिले के सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम 40.65 प्रतिशत रहा, जबकि प्राइवेट का 69.62 प्रतिशत रहा। जिले के ग्रामीण क्षेत्र का परिणाम 55.81 प्रतिशत रहा, जबकि शहरी क्षेत्र का 62.62 प्रतिशत रहा।

# बीके स्कूल में 12 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक पाए




देश रोजाना, पलवल

हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के द्वारा घोषित सीनियर सेकेंडरी 12 वी का परीक्षा परिणाम में बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल पलवल के 12 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये और 38 छात्रों ने मेरिट सूचि में स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। विज्ञान संकाय में छात्रा कोमल ने 97 प्रतिशत, आदित्य ने 93, कपिल ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कामर्स संकाय में वंश जैन ने 95, देवांशी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किये तथा कला संकाय में खुशी ने 96, ध्रुव हंस ने 95, हर्षिता ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कौशिक ने सभी छात्रों को फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी । वाइस प्रेसिडेंट जितेश कौशिक ने जिन अध्यापकों के विषय में छात्रों ने 100 मे से 100 अंक प्राप्त किये उन अध्यापकों को फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रेसिडेंट दिनेश भारद्वाज ने सभी अध्यापक एवं अध्यापिकायों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# प्रदेश के 14 लाख ग्रामीण परिवार होंगे डिजिटल साक्षर

## 100 प्रतिशत डिजिटल प्रशिक्षण प्राप्त गांव को मिलेगा डिजिटल गांव का दर्जा





प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षर योजना पर तीव्र गति से काम शुरू हो चुका है। सीएससी में सदस्यों को रोजाना दो घंटे प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में कंप्यूटर से जुड़ी बेसिक जानकारियां, सरकारी योजनाओं की जानकारी, कैशलेस लेनदेन की प्रक्रिया भी बताई जाएगी। जो कोर्स करवाया जाएगा, वह बिल्कुल निःशुल्क रहेगा।

**आनंद शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त, पलवल**

अजय प्रताप सिंह, देश रोजाना ब्यूरो

**पलवल।** सरकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सरकार ने तकनीक का सहारा लिया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षर योजना के तहत प्रदेशभर के 14 लाख ग्रामीण परिवारों को डिजिटल साक्षर बनाने का बीड़ा उठाया है। ग्रामीणों को डिजिटल साक्षर बनाने के लिए हर ग्राम पंचायत में से 250 परिवार में से एक-एक सदस्य का चयन किया जाएगा। उस सदस्य को सीएससी यानी अटल सेवा केंद्रों के माध्यम से निशुल्क कोर्स करवाया जाएगा। इस कोर्स में रोजाना दो घंटे और महीने में 20 घंटे प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला प्रशासन के मुताबिक करनाल में इस योजना पर काम शुरू किया जा चुका है। पलवल में इसे शुरू करने की योजना पर काम जारी है। अक्सर देखने में आता है कि ग्रामीण योजनाओं की जानकारी नहीं होने के कारण वह उनके लाभ से महरूम रह जाते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। ग्रामीण डिजिटल साक्षर होने के बाद सरकारी योजनाओं को आसानी से ढूंढ़ सकेंगे। जिस गांव में सभी डिजिटल साक्षर हो जाएंगे तो उसे डिजिटल साक्षर गांव घोषित किया जाएगा। योजना के तहत जिन लोगों को डिजिटल साक्षर बनाया जाएगा उन उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के बाद ऑनलाइन परीक्षा होगी। उसमें जो पास होगा उनको सर्टीफिकेट उपलब्ध करवाया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान चयनित लोगों को कंप्यूटर को बेसिक ज्ञान, एमएस आफिस, एमएस एक्सल, इंटरनेट, एमएस वर्ड, पेंट व पावर प्वाइंट शामिल हैं। प्रशिक्षणार्थियों को ई-मेल आईडी बनाना और उसे आपरेट करना भी सिखाया जाएगा। सोशल मीडिया जैसे वाहट्सअप व अन्य सोशल साइट की जानकारी दी जाएगी। यह सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित व्यक्ति से भीम एप के माध्यम से पांच ट्रांजेक्शन करवाए जाएंगे।

जब प्रशिक्षु वह कर पाएगा तो उसकी डिटेल पोर्टल पर डाली जाएगी। वह व्यक्ति डिजिटल साक्षर श्रेणी में आ जाएगा। उम्मीदवारों का रजिस्ट्रेशन पंचायतों के हिसाब से किया जाएगा। परिवार के सदस्यों को यहीं पर डिजिटल साक्षर बनाया जाएगा। इसकी एवज में सरकार की तरफ से 300 रुपये प्रति व्यक्ति पैसे सीएससी को दिए जाएंगे।

## 11 साल से फरार हत्यारोपी को एसटीएफ ने गिरफ्तार

**देश रोजाना, पलवल।** चांदहट थाना क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में 11 साल से फरार पांच हजार के इनामी बदमाश को एसटीएफ टीम ने गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान लुलवाड़ी गांव निवासी रिंकू के तौर पर हुई है। एसटीएफ उसको गिरफ्तारी के बाद चांदहट थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। एसटीएफ डीएसपी ललित दलाल ने बताया कि लुलवाड़ी गांव निवासी रिंकू ने 18 सिंतबर 2012 को अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर गांव के ही सतीश की उसके घर में घुसकर लाठी, डंडों व चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। उसके खिलाफ चांदहट थाना पुलिस ने 19 सिंतबर को हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी लेकिन आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए अलग-अलग जगह छिपकर घूम रहा था। उसे कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर दिया था और उसकी गिरफ्तारी न होने पर आईजी रेवाड़ी रेंज ने उस पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया था।

# 200 का नहीं 2000 करोड़ का घोटाला, आइएएस की गिरफ्तारी से संकेत

## यहां हुए टैंडर होने के बाद कीमत बढ़ाने के कई मामले हो चुके हैं उजागर



गिरफ्तार आइएएस अधिकारी को अदालत में पेश करने ले जाते हुए।

**राजेश दास, फरीदाबाद**

नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार की वजह से शहर के लोग विभिन्न तरह की समस्याओं से जूझने के लिए मजबूर है। निजी स्वार्थ के लिए निगम अधिकारी बिना काम के भुगतान करते रहे हैं। जिसकी वजह से जमीनी स्तर पर काम दिखाई नहीं देते। 200 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच के दौरान बिना काम के भुगतान करने की बात उजागर हो चुकी है।

निगम में संयुक्त आयुक्त के पद पर तैनात रहे आइएएस अधिकारी की गिरफ्तारी से साफ संकेत मिल रहे हैं कि यहां घोटाला 200 का नहीं बल्कि 2000 करोड़ रुपये से ज्यादा हुआ होगा। हालांकि फरीदाबाद पुलिस ने इस आइएएस अधिकारी को एक करोड़ 11 लाख रुपये की रिश्वत और सोनीपत में एक भवन निर्माण का बजट 52 करोड़ से बढ़ाकर 87 करोड़ रुपये करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यहां भी विकास कार्य का बजट बढ़ाने के कई मामले उजागर हो चुके हैं। जिसमें ओल्ड फरीदाबाद स्थित अस्पताल और नगर निगम मुख्यालय की इमारत के निर्माण का मामला प्रमुख है।

### अन्य आरोपी भी होंगे गिरफ्तार

पुलिस प्रवक्ता सुबेसिंह ने बताया कि जांच में पाया गया कि नगर निगम सोनीपत के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा ठेकेदार को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए प्रोजेक्ट का रिवाइजड एस्टीमेट नियमों के विपरित बनाया था। मामले में आईएएस धर्मेंद्र सिंह की संलिप्तता पाई गई। सभी ने मिलकर कुल 1.11 करोड़ रूपए की रिश्वत ली गई थी। आइएएस धर्मेन्द्र को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड लिया गया है। पुलिस रिमांड में गहनता से पूछताछ कर साक्ष्य एकत्रित किए जाएंगे और मामले में शामिल अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### एनआइटी के होटल में ली थी रिश्वत

दिल्ली निवासी ललित मित्तल ने 22 जून 2022 को थाना कोतवाली में यह मामला दर्ज करवाते हुए कहा था कि वे कंस्ट्रक्शन कंपनी चलाते है। उनके परिचित पकंज गर्ग ने उनकी मुलाकात आरबी शर्मा और उनके बेटे कुलदीप से यह कहते हुए मिलवाया था कि दोनों बड़े सरकारी काम और एन्हांसमेंट करवाते हैं। दोनों ने उन्हें बड़ा काम दिलवाने का आश्वासन दिया था। एक दिन दोनों ने उन्हें बड़ा काम दिलवाने के लिए एनआइटी के होटल में बुलाया। जहां पिता पुत्र के साथ पकंज गर्ग और जेके भाटिया उर्फ बंटी भी मौजूद थे। आरबी शर्मा के मांगने में ललित ने उन्हें अपने साथ आए भीमसैन और राजेश गर्ग के सामने एक करोड़ 11 लाख रुपये दे दिये। काम न होने पर उन्होंने पैसे मांगे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे। जिसके कारण उन्होंने पुलिस में मामला दर्ज करवा दिया।



ओल्ड फरीदाबाद अस्पताल निर्माण में बढ़ाई गई थी लागत।

### जांच में खुला बड़ा घोटाला

पुलिस ने भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर जांच की। जिसमें पता चला कि सोनीपत नगर निगम के कार्यालय के निर्माण कार्य का ठेका 52 करोड़ 70 लाख से बढ़ाकर 87 करोड़ 85 लाख रुपये कर ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए एस्टीमेट तैयार किया था। निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रामबीर नामक दलाल के माध्यम से इसके बदले एक करोड़ 11 लाख रुपये रिश्वत ली थी। जिसमें निगम के तत्कालीन आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह की संलिप्तता पाई गई थी। उन्होंने यह फाइल पास करवाने के लिए शहरी निकाय विभाग के डायरेक्टर को भेजी थी। भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद फरीदाबाद पुलिस ने मुख्य सचिव से आइएएस धर्मेन्द्र की गिरफ्तारी की अनुमति ली। अनुमति मिलने पर पुलिस ने आरोपी आइएएस धर्मेन्द्र को गुरुग्राम से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### भ्रष्टाचार के लिए निकाला चोर रास्ता

भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने नगर निगम अधिकारियों को एक करोड़ से कम लागत के काम करवाने की पावर दी हुई है। लागत ज्यादा हो तो सरकार की मंजूरी लेनी होती है। मंजूरी लेने में भ्रष्टाचार की गुंजाइश भी कम होती है। निगम अधिकारियों ने इसका चोर रास्ता निकाला हुआ है। मंजूरी लेने की बजाए अधिकारी टूकड़ों में टैंडर जारी करते हैं। विकास कार्य में रेट दस प्रतिशत कम या ज्यादा किया जा सकता है। लेकिन अधिकारी नियमों के विपरित टूकड़ों के टैंडरों के दाम कई गुणा ज्यादा बढ़ा देते हैं। इस तरह की हेराफेरी 200 करोड़ रुपये के घोटाले में सामने आई थी। कार्रवाई के अभाव में नगर निगम में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। जांच लंबे समय तक लंबित रहने से अधिकारी या तो सेवानिवृत हो जाते हैं या फिर उन्हें पदोन्नति मिल जाती है।

# न्यूज डायरी

## मोहन ऋषि स्कूल ने बोर्ड की परीक्षा में मारी बाजी



**देश रोजाना, फरीदाबाद।** बसेलवा कॉलोनी स्थित मोहन ऋषि स्कूल के छात्रों ने बोर्ड की कक्षा दसवीं में स्वर्णिम प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्रों ने मेरिट और प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की। विद्यालय के मुख्याध्यापक मनीष गौतम ने बताया कि पीयूष गुप्ता ने 462/500 अंक ले कर पहला स्थान, करिश्मा ने 449/500 अंक ले कर दूसरा, सुनिधि ने 447/500 अंक ले कर तीसरा, दीपक ने 435/500 अंक ले कर चौथा प्राप्त किया। मनीष गौतम ने बताया की विषयवार गणित में 100/100, विज्ञान में 94/100, स्वास्थ एवं शारीरिक विज्ञान मे 94/100, इंग्लिश में 91/100, सामाजिक विज्ञान में 89/100 एवं हिंदी में 89/100 अधिकतम अंक बच्चों ने लिये। मुख्याध्यापक मनीष गौतम ने सभी बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि ये आप सभी का सहयोग है कि बच्चे बोर्ड की परीक्षा में इतना अच्छा प्रदर्शन कर पाए। परिक्षा परिणाम के समय ऋतु गौतम के साथ, ललित कुमार झा, मीनु गौतम, रीना आदि उपस्थित रहे।

## परिवारों को पीपीपी की त्रुटि दूर होंगी : एडीसी

**देश रोजाना, फरीदाबाद।** परिवार पहचान पत्र की जिला नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने कहा कि डबुआ कालोनी के क्षेत्र में परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करने का कार्य किया जा रहा है तथा इसके लिए फील्ड वेरिफिकेशन का कार्य भी निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा विभिन्न तरीकों से लोगों द्वारा उनके परिवार पहचान पत्र में घोषित आय की जांच की जा रही है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को व्यर्थ में परेशान होने की जरूरत नहीं है तथा उन्हें सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं व योजनाओं का लाभ मिलेगा। एडीसी अपराजिता ने कहा कि पीपीपी को ऑनलाइन अपडेट कराने का कार्य अटल सेवा केंद्रों, सरल केंद्रों और सीएससी सेंटरों पर के साथ साथ चुनाव विभाग के बीएलओ और महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग द्वारा आपसी तालमेल करके किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में आय वेरिफि केशन के साथ- साथ किसी का नाम जोड़ना, दिव्यागों का स्टेट्स अपडेट कराना, जन्मतिथि में सुधार करना आदि के कार्य भी शामिल है। उन्होंने कहा कि 55 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्ति के जन्मतिथि में सुधार के लिए वोटर आईकार्ड लाना अनिवार्य है। वोटर कार्ड वर्ष 2017 के पहले का होना जरूरी है।

## प्रदेश प्रभारी से शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे विधायक

**देश रोजाना, फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने दिल्ली में हरियाणा प्रदेश भाजपा प्रभारी बिप्लव देब से शिष्टाचार मुलाकात की। विधायक राजेश नागर ने कहा कि बिप्लव देब किसी कार्यकर्ता से एक बार मिल लेते हैं तो फिर नहीं भूलते। वह इस प्रकार प्रदेश के ही हजारों कार्यकताओं को उनके नाम से पहचानते हैं और उनके गुणों को भी जानते हैं। नागर ने कहा कि नेताजी के साथ उनकी बड़ी ही आत्मीय मुलाकात रही। इस दौरान उन्होंने हरियाणा के वर्तमान हालातों पर चर्चा की और भविष्य के मुद्दों पर भी बात हुई। इसके साथ ही नागर ने अपने तिगांव विधानसभा क्षेत्र, यहां के लोगों, राजनैतिक ताना बाना, विकास कार्य, प्रशासनिक कार्यप्रणाली आदि के बारे में भी प्रभारी को बताया। विधायक राजेश नागर ने बिप्लव देब से उनके क्षेत्र में आने की प्रार्थना की जिस पर उन्होंने जल्द आने की बात कही। नागर ने बताया कि प्रभारी बिप्लव देब के शासकीय अनुभव से हरियाणा प्रदेश में तीसरी बार भी भाजपा सरकार बनने का उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। प्रदेश में सुशासन की बयार बह रही है जिससे आम हरियाणावासी प्रसन्न है।

## श्रीरामकथा में सीताराम विवाह का प्रसंग

**देश रोजाना, फरीदाबाद।** सेक्टर-28 स्थित अखंड परमधाम में श्रीराम कथा में मंगलवार को सीता-स्वयंवर का प्रसंग की कथा की गई। महामंडलेश्वर स्वामी जगतप्रकाश त्यागी जी महाराज ने कहा महाराजा जनक दरबार के मध्य में भगवान शिव का पिनाक धनुष रखा है। महाऋषि विश्वामित्र के साथ श्रीराम और लक्ष्मण भी स्वयंवर दरबार में पहुंचते है। महाराजा जनक स्वयंवर की शर्त बताते हैं और अंततः सीताराम का स्वयंवर होता है। महाराजा जनक ने अयोध्या के महाराजा दशरथ को कुल मयार्दा के मुताबिक रीति रिवाज के अनुसार विवाह संपूर्ण करने का आग्रह किया। परिवारों के द्वारा विचार करके राजा दशरथ के चारो पुत्रो का विवाह राजा जनक की चारो पुत्रियों से निश्चित कर दिया जाता है। जिसमे श्रीराम के साथ देवी सीता, भरत के साथ मान्धिव, लक्ष्मण के साथ उर्मिला, तथा शत्रुघ्न के साथ श्रुतिकीर्ति का शुभ विवाह संपन्न किया जाता है। यह सब भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। इस मौके पर संत देव आनंद जी महाराज, कारोबारी चमनलाल गुप्ता, उद्यमी अरुण बजाज, मंजू दीक्षित, राजकुमार शर्मा, मुकेश बंसल, सुनीता बंसल, सुशीला, कृष्णा, तेजपाल सिंह, गीता व अनिल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में धरातल पर नहीं हुआ विकास

## पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला 20 मई को बल्लभगढ़ में करेंगे कार्यकताओं को संबोधित



**देश रोजाना, फरीदाबाद**

इनेलो के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि आगामी 20 मई को पार्टी सुप्रीमो एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला बल्लभगढ़ की चावला कॉलोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में कार्यकताओं को संबोधित करेंगे। देवेंद्र चौहान सहित इनेलो के अन्य नेताओं ने मंगलवार को सेक्टर-3 स्थित राजा नाहर सिंह के वंशज सुनील तेवतिया के राजा नहर सिंह महल में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी के विधायक अभय चौटाला की पदयात्रा को पूरे प्रदेश में जन समर्थन मिल रहा है। पदयात्रा के दौरान प्रदेश सरकार की नाकामियों का भी खुलासा हुआ है। बीजेपी सरकार के विकास की पोल खुलती दिखाई पड़ रही है। ग्रामीण एरिया के स्कूल टीचरों की व्यवस्था नहीं है, कोई भी सडक ऐसी नहीं जो टूटी ना हो, जबकि दावे लंबे चौड़े किए जा रहे हैं मगर धरातल पर कोई भी विकास नहीं है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद को करीब साढ़े 8 साल पहले स्मार्ट सिटी घोषित किया गया था, मगर अभी तक एक भी विकास का कार्य संपूर्ण नहीं हुआ है, जगह-जगह सडकें खुदी हुई है और चहुंओर उड़ती धूल विकास की परतें खोल रही है। हालात यह है कि गर्मियां शुरू होते ही कालोनियों में पानी की किल्लत शुरू हो गई है, लेकिन सरकार पानी की समस्या का कोई निराकरण नहीं कर पाई है, यह सरकार केवल निजीकरण करने में लगी है।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह सरकार अब एक्साइज पॉलिसी के तहत कार्यालयों में भी बार खोलने का काम कर रही है। स्मार्ट सिटी के नाम पर बनाए गए साइकिल ट्रैक पर आज तक कोई साईकिल नहीं चली। सरकारी पैसे को अनाप-शनाप खर्च कर बर्बाद किया जा रहा है। वहीं इनेलो नेताओं में बल्लभगढ़ में वकीलों नवीका नवीसों के तोड़े गए शैडों की भी कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि सरकार को पहले उन्हें जगह उपलब्ध करवाई और फिर उस पर जेसीबी चला दी, यह कहां का न्याय है, उन्होंने वकीलों के धरने प्रदर्शन को समर्थन देते हुए उनकी मांगों को जायज बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला पार्टी की पदयात्रा को प्रदेश भर में मिल रहे जनसमर्थन को कार्यकताओं के साथ शेयर करेंगे और आगामी रणनीति का भी खुलासा करेंगे। इस अवसर पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह तेवतिया, महिला सेल की जिला अध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, सुनील तेवतिया, सतवीर चाहर, अजय चौधरी, दिनेश दलाल, सुरेश मोर, सुरेश वर्मा, जीतसिंह डागर व बोधराज सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिलास्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता संपन्न



विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत करती विधायक सीमा त्रिखा साथ है वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ

**देश रोजाना, फरीदाबाद**

जिला ताइक्वांडो संघ के ततावधान में 20 वी जिला स्तरीय ताईक्वाड़ों प्रतियोगिता का आयोजन खेल परिसर सेक्टर 12 फरीदाबाद में हुआ। प्रतियोगिता के समापन पर विधायक सीमा तिरखा व किसान संघर्ष समिति ग्रेटर फरीदाबाद के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने खिलाडियों को मेडलों का वितरण किया। विधायक सीमा त्रिखा व एडवोकेट वशिष्ठ ने कहा कि ताईक्वाड़ों प्रतियोगिता संघ के द्वारा हर साल कराई जाती हैं। संघ अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा एडवोकेट बच्चे के साथ बड़ी मेहनत करते हैं और बच्चे की समस्या के लिए हमेशा तत्पर रहे है। आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं दी। फरीदाबाद जिला ताईक्वाड़ों संघ के सचिव रामधन ने बताया कि संघ के प्रधान एडवोकेट दुष्यंत शर्मा एडवोकेट ने विधायक सीमा तिरखा व शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा सब जूनियर गर्ल्स के 16 किलो भार वर्ग में आरना बजाज गोल्ड मेडल, जिया सिल्वर मेडल, आयशा सिंघल ब्रोंज मेडल 18 किलो भार वर्ग में वानिया मंगला स्वर्ण पदक, अमाया गोयल, रजत पदक आराध्या शर्मा, अर्चिसा अग्रवाल, कांस्य पदक पर कब्जा किया। इस मौके पर बच्चों का परिवार व ताईक्वाड़ों संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

# चेतावनी रैली में हजारों कर्मी भाग लेंगे : लांबा

## निगम प्रबंधकों के खिलाफ 25 मई को सब डिवीजन पर होंगे धरने प्रदर्शन




**देश रोजाना, फरीदाबाद**

पुरानी पेंशन बहाली, कौशल निगम भग कर ठेका कर्मियों की रेगुलराइजेशन व निजीकरण पर रोक लगाने आदि मांगों को लेकर 28 मई को जींद में होने वाली चेतावनी रैली में हजारों बिजली कर्मचारी शामिल होंगे। यह दावा मंगलवार को ग्रेटर फरीदाबाद में आयोजित गेट मीटिंग एवं प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ईईएफआई एवं ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी ने किया। बैठक में ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के कोषाध्यक्ष रहे श्रीपाल सिंह भाटी भी मौजूद थे। इस रैली की तैयारियों को लेकर ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को ग्रेटर फरीदाबाद डिवीजन सब यूनिट,एनएच 2 और सेक्टर 19 वेस्ट सब डिवीजन में गेट मीटिंग करते हुए जींद रैली में बढ़ चढ़कर शामिल होने का आह्वान किया गया। मीटिंग में बिजली निगम प्रबंधकों के खिलाफ 25 मई को सभी सब डिवीजन में कार्य बहिष्कार करते हुए प्रदर्शन करने का भी फैसला लिया गया। मीटिंग में जंतर-मंतर पर पहलवानों के चल रहे धरने का समर्थन किया और भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष को गिरफ्तार करने और पद से बर्खास्त करने की मांग की। ग्रेटर फरीदाबाद डिवीजन पर आयोजित गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं एएचपीसी वर्कर यूनियन के उप प्रधान सुभाष लांबा ने कहा कि केंद्र सरकार बिजली कर्मचारियों और इंजीनियर के विरोध के बावजूद बिजली अमेंडमेंट बिल 2022 को आगामी मानसून सत्र में पास करके बिजली वितरण को निजी हाथों में सौंपने जा रही है। जिसके बाद सब्सिडी व क्रास सब्सिडी समाप्त हो जाएगी और बिजली की दरों में भारी बढ़ोतरी होगी। अनेक मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी 28 मई, 2023 को सर्व कर्मचारी संघ की चेतावनी रैली में हजारों की संख्या में हिस्सा लेंगे।

# स्वर्ण जीत एशियन चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई



( प्रीति लाम्बा )

**देश रोजाना, फरीदाबाद**

26वीं नेशनल फैडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का 4 दिवसीय आयोजन 15 मई से 18 मई तक बिरसा मुंडा स्टेडियम मोराबादी रांची (झारखंड) में किया जा रहा है। एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड ने बताया कि इसमें जवां गांव की प्रीति ने भी हिस्सा लिया था। जिसमें उन्होंने स्वर्ण पदक जीत एशियन चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया है। वहीं एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि कि 26वीं नेशनल फैडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा राज्य के एथलीट खिलाडी अच्छा खेल प्रदर्शन कर पदक जीतने का कार्य कर रहे हैं। राजकुमार मिटान ने जानकारी देते हुए बताया कि 3000 मीटर स्टेपल चेज इवेंट में प्रीति लांबा फरीदाबाद ने प्रतियोगिता के पहले दिन 9 मिनट 47 सेकेण्ड और 78 माइक्रोन का समय देकर स्वर्ण पदक जीत कर एशियन चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई कर राज्य का नाम रौशन किया। एशियन चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई समय 9 मिनट 58 सेकेण्ड और 55 माइक्रोन है। 3000 मीटर स्टेपल चेज इवेंट में प्रीति लांबा हरियाणा ने स्वर्ण पदक, भाग्यश्री गुजरात ने रजत पदक और कोमल चंद्रका महाराष्ट्र ने कांस्य पदक प्राप्त किया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, वरिष्ठ संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत, प्रतियोगिता निदेशक जितेंद्र बांगर, मुख्य चयनकर्ता यशपाल चोपडा, कोषाध्यक्ष जसवंत सिवाच और मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड ने स्वर्ण पदक विजेता प्रीति लांबा को एशियन चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई करने पर हार्दिक शुभकामनाएँ प्रदान की।

# एचएसईबी बोर्ड परीक्षा में जिले की स्वीटी प्रदेश में टॉप थ्री

## स्वीटी ने 496 अंक लेकर हरियाणा में तृतीय तो जिले में किया टॉप

**कविता, देश रोजाना**

**फरीदाबाद।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में जिले की स्वीटी ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। साथ ही स्वीटी ने जिले में 496 अंकों से टॉप किया है। गौरव सिंघल ने 494 अंकों से जिला में दूसरा स्थान हासिल किया है। प्रशांत ने 492 अंकों से जिले में तीसरा स्थान हासिल किया है। स्वीटी और प्रशांत के मौहले में देर शाम तक जश्न मनता रहा।

पहला स्थानः न्यू हेवन सिनियर सैकेड्री स्कूल, तिरखा कालोनी में पढ़ने वाली स्वीटी के प्रदेश में तृतीय स्थान और जिले में टॉप करने पर और स्वीटी की कक्षा में पढ़ने वाले प्रशांत के तृतीय आने पर दोनो बच्चों के घर पहुंच कर स्कूल के डायरेक्टर नरेन्द्र चौहान व प्रिंसीपल संजय नागर ने परिजनों को बंधाई दी। बच्चों के परिजनों के संग खुशियां बांटी। प्रिंसीपल संजय नागर ने देश रोजाना संवाददाता को बताया कि स्वीटी के पिता आठ से दस हजार की तनख्वाह में तीन बच्चों को पाल रहे है। लेकिन वह बिना ट्यूशन के लगातार आठ से दस घंटे पढ़ाई करती है। जिससे जिले में उसने टॉप किया है। उन्होंने बताया कि स्वीटी के पिता संजय कुमार दुबे के अलावा गृहणी माता माया देवी, नौवी कक्षा में पढ़ने वाली बहन मिक्की, छठी कक्षा में पढ़ने वाला भाई उज्जवल शामिल है। स्वीटी 11वीं मेडिकल से पढ़ाई करके नीट क्लीयर करके डॉक्टर बनना चाहती है।



स्वीटी और प्रशांत को मिठाई खिलाते अभिभावक, डायरेक्टर, प्रिंसीपल व अन्य परिजन

दूसरा स्थानः डबुआ कालोनी स्थित शांति विद्या निकेतन हाई स्कूल के डायरेक्टर राज मनोचा और प्रिंसीपल अरविंद राठौर ने जिले में दूसरा स्थान हासिल करने वाले गौरव को बंधाई दी है। प्रिंसीपल अरविंद राठौर ने बताया कि गौरव पढ़ाई में अच्छा है, उसने बिना किसी ट्यूशन के यह मुकाम हासिल करके जिले में दूसरा स्थान लेकर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। छात्र गौरव ने जिले में दूसरा स्थान लिया है। डबुआ कालोनी निवासी गौरव सिंघल के पिता मुकेश सिंघल लेबर कंट्रेक्टर का काम करते है। वहीं माता साक्षी सिंघल गृहणी है। गौरव का भाई प्रियांशु आईटीआई कर रहा है। गौरव ने बताया कि वह 11वीं में कॉमर्स लेंगे, और मेनेटमेंट करेंगे।



गौरव अपने अभिभावकों के संग।

तीसरा स्थानः जिले में तृतीय स्थान 492 अंकों से पाने वाला प्रशांत के पिता घनश्याम भी प्राइवेट जॉब करते है और उनकी माता सुमन गृहणी है। उनके भाई कमलदीप आठवीं में और बड़ी बहन पायल ने हरियाणा बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रशांत नॉन मेडिकल लेकर स्वीक्स में रिसर्च और साईंटिस्ट बनना चाहाता है।

# पेयजल समस्या से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

## मौके पर पहुंचे तहसीलदार और विभागीय एसडीओ, पांच कर्मचारियों सहित ठेकेदार पर केस दर्ज

अख्तर अलवी, देश रोजाना

**फिरोजपुर झिरका।** शहर में पिछले कई दिनों से चली आ रही है पेयजल समस्या और कर्मचारियों व ठेकेदार द्वारा की जा रही पानी की चोरी से नाराज शहर के लोगों ने मंगलवार की सुबह यहां के लालकुआं चौक पर प्रदर्शन कर विभाग के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। सड़क पर दरी बिछाकर प्रदर्शन कर रहे लोगों के विरोध को देखते हुए प्रशासन हरकत में आया। प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पेयजल सप्लाई दुरुस्त करने तथा दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई का भरोसा दिया। प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोगों ने प्रदर्शन को समाप्त कर दिया। उधर जनस्वास्थ्य विभाग ने लोगों की नाराजगी को देखते हुए अपने पांच कर्मचारियों सहित ठेकेदार के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हेतु पुलिस को प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत मिलते ही उपरोक्त कर्मचारियों तथा ठेकेदार पर केस दर्ज कर लिया है।


लालकुआं चौक पर पानी की किल्लत को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाते प्रशासनिक अधिकारी।

शहर में विगत कई दिनों से पानी की विकट समस्या चली आ रही थी। पेयजल आपूर्ति ठप होने से लोग बूंद-बूंद पानी को तरस गए थे। ऐसे में समस्या से परेशान चले आ रहे शहर के कई वार्डों के लोगों ने मंगलवार की सुबह शहर के सबसे व्यस्तम मार्ग लालकुआं पर दरी बिछाकर प्रदर्शन तथा प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी शुरू कर दी। करीब एक घंटे तक प्रदर्शन करते रहे लोगों के बीच तहसीलदार और जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ पहुंचे। इन्हें देख लोग आग बबूला हो गए। प्रदर्शन कर रहे लोगों बताया कि जिन कर्मचारियों को पेयजल सप्लाई के लिए विभाग ने तैनात कर रखा है वो ठेकेदार तथा पानी माफियाओं के साथ मिलकर लोगों के हक का पानी टैंकरों में बेच रहे हैं। इसको लेकर वायरल हो रही वीडियो से भी लोगों ने प्रशासन के अधिकारियों को दिखाया।

बीते कई दिनों से सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल था जिसमें पानी माफिया पेयजल आपूर्ति की सरकारी लाइन से टैंकर को भरता हुआ दिखाई दे रहा था। वहीं दूसरी वीडियो में एक युवक मुख्य लाइन से अपनी दुकान पर नली लगाकर छिड़काव करता दिखाई दे रहा था। इन दोनों ही वीडियो से लोगों में रोष था और अधिकारियों के सामने विभाग की पोल खोल दी। प्रदर्शन के दौरान शहर के कई वार्डो के पार्षद व महिलाएं मौके पर मौजूद थीं। वहीं विभाग के एसडीओ वली मोहम्मद ने बताया कि मामले के संदर्भ में हमारे द्वारा जांच की गई और वीडियो की सच्चाई को जांचा गया तो पाया कि विभाग के कर्मचारी तथा ठेकेदार मिलीभगत कर टैंकरों में पानी भरकर उसे कहीं ले जाते रहे थे। इसपर हमारे द्वारा कड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस में भी नामजद शिकायत कर दी गई है। उधर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज कर जांच पड़ताल तेज कर दी है।

# न्यूज डायरी

## सभी रिकॉर्ड तुरंत नई पंचायतों को दें पूर्व सरपंच: उपायुक्त


उपायुक्त प्रशांत पंवार बैठक में मौजूद संबंधित अधिकारी को जरुरी दिशा-निर्देश देते हुए।

**मनीष/सोनू, देश रोजाना। नूंह।** उपायुक्त प्रशांत पवार ने लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में विभिन्न अधिकारियों की बैठक संबोधित करते हुए कहा कि जिला के विकास के लिए सभी भूतपूर्व सरपंचों से पंचायत संबंधी रिकॉर्ड लेकर नवनिर्वाचित सरपंचों को दिलाया जाए ताकि सभी गांवों में विकास कार्यों को भली-भांति पूरा किया जा सके। उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक को कहा कि जिन गांवों की पंचायतों के पूर्व सरपंच रिकॉर्ड देने में आनाकानी कर रहे हैं उन सब के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानून सम्मत कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर नगराधीश सिद्वार्थ दहिया, डीडीपीओ नवनीत कौर सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## तावडू और पुन्हाना में खुलेंगे म्शिन बुनियाद के नए केंद्र

**मनीष/सोनू, देश रोजाना, नूंह।** मिशन बुनियाद के तहत जिले में दो केंद्र वर्तमान में चल रहे हैं। बच्चों की संख्या को देखते हुए जल्द ही दो नए केंद्र खंड तावडू एवम पुन्हाना में भी शुरू किए जायेगे। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) परमजीत चहल ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मिशन बुनियाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रतियोगिता की भावना पैदा करना है। इस योजना से सरकारी स्कूलों के छात्र प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने में सक्षम हो पाएंगे। इसके लिए इन छात्र-छात्राओं की शिक्षा की बुनियाद 9वीं कक्षा से ही कोचिंग के माध्यम से बेहतर बनाने का निर्णय शिक्षा विभाग ने लिया है। पिछले बैच में मिशन बुनियाद के तहत जिला नूह से दोनो केंद्रों पर कुल 94 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। डीईओ ने कहा कि सरकार सरकारी स्कूलों के गरीब एवम मेधावी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर मिशन बुनियाद कार्यक्रम के डायरेक्टर प्रदीप सांसनवाल के साथ दिनेश गोयल, पवन यादव, अनूबाला, सविता, डॉ. जितेंद्र, अमित यादव, मनजीत, दीपक कुमार, अनिता कुमारी, अफसर आदि ने कार्यकर्म के शानदार आयोजन में मुख्य भूमिका निभाई।

## एटीएम कार्ड बदलकर 1.15 लाख निकाले

**देश रोजाना, फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद में रह रही एक सेवानिवृत्त शिक्षक का एटीएम कार्ड बदलकर ठगों ने खाते से 1.15 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत ओल्ड फरीदाबाद थाना में दी है। पुलिस मामला दर्जकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार पीड़ित सामलिया गुप्ता ने अपनी शिकायत में बताया है कि वह एक सेवानिवृत शिक्षक हैं। साथ ही ओल्ड फरीदाबाद में परिवार के साथ रहते हैं। पीड़ित ने बताया कि दो नवंबर 2022 को वह ड्डूड़ कालोनी स्थित एक एटीएम बूथ से 10 हजार रुपये निकालने गए थे।

वहां पहले से मौजूद एक युवक ने मदद का झांसा देकर उनका एटीएम कार्ड बदल लिया। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने उनके खाते दो बार में 1.15 लाख रुपये निकाल लिए।

इनमें से 75 हजार रुपये आरोपी ने कोलकाता स्थित एक व्यक्ति को ऑनलाइन ट्रांसफर किए हैं। पीड़ित की शिकायत की जांच करने के बाद पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## मेहनताना मांगने पर मजदूर की कर दी पिटाई

**देश रोजाना, फरीदाबाद।** नवीन नगर में मेहनताना मांगने पर हार्डवेयर दुकानदारों ने एक मजदूर की जमकर पिटाई कर दी। उसे गंड्डीर हालत में दिल्ली के एम्स ट्रामा सेंटर में ड्डार्ती कराया गया। वहां से छुट्टी मिलने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत पल्ला थाना में दी है। जांच में जुटी पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार पीड़ित ध्रुवचंद विनय नगर में अपने परिवार के साथ रहता है। पीड़ित ने अपनी शिकायत में बताया कि 9 मई को शाम में वह एक हार्डवेयर दुकानदार से मजदूरी मांगने गया था। आरोप है कि दुकानदार ने पैसे मांगने पर कहासुनी कर दी। इस दौरान दुकानदार अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसमें वह घायल हो गया। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे बीके अस्पताल में ड्डार्ती कराया, जहां से उसे दिल्ली के एम्स ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। पीड़ित की शिकायत पर पल्ला थाना की पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## झांसा देकर क्रेडिट कार्ड से 9.5 लाख ठगे

**देश रोजाना, फरीदाबाद।** दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने जवाहर कॉलोनी में रह रहे अपने एक जानकार के खिलाफ सारन थाना में धोखधड़ी का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने एक सामान खरीदने के दौरान उसके क्रेडिट कार्ड का झांसा देकर 9.5 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# कृषि-प्रौद्योगिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देगा जेसी बोस

देश रोजाना, फरीदाबाद

कृषि-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान और परीक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने कृषि-तकनीक क्षेत्र में काम करने वाली एक स्टार्ट-अप कंपनी गोप्लोह वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड जोकि गोप्लो फार्म के रूप में पहचान रखती है, के साथ समझौता किया है। गोप्लो दिल्ली-एनसीआर में जैविक फलों, सब्जियों तथा अन्य कृषि उपज के उत्पादन, परीक्षण और विपणन का कार्य करती है। समझौते पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और गोप्लो की ओर से कंपनी के संस्थापक श्री सम्राट सिंह चौहान ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर, निदेशक (आर एंड डी) प्रो. नरेश चौहान, सह-संस्थापक, गोप्लो फार्म संदीप मेहंदीरत्ता, प्रमुख - क्लीन फूड लैब, गोप्लो फार्म, डॉ. अर्चना कुमारी, और रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान के संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। समझौते को व्यवहारिक रूप देने में रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार ने भूमिका निभाई। समझौते का उद्देश्य यूवी विज स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी, एफटीआईआर, टीएलसी, आदि जैसी प्रासंगिक प्रौद्योगिकियों के माध्यम से जैविक एवं पारंपरिक फलों, सब्जियों और प्रमुख उपज में चुनिंदा रसायनों (एमआरएल) की पहचान के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) विकसित करना है। इसके साथ ही, पारंपरिक भोजन को जैविक एवं रासायनिक मुक्त भोजन से अलग करने के उद्देश्य से खाद्य उत्पादों (फल, सब्जियां, स्टेपल, डेयरी उत्पाद) के परीक्षण के क्षेत्र में अनुसंधान किया जायेगा। गोप्लो फार्म द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की मानसिकता और समस्या समाधान विकसित करने के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की जायेगी। इसके अलावा, शार्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम, कार्यशालाएं, व्याख्यान और विद्यार्थियों के साथ संवाद के कार्यक्रम आयोजन किये जायेंगे।

कुलपति प्रो. तोमर ने समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से विद्यार्थियों को कृषि-प्रौद्योगिकी अनुसंधान और परीक्षण में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में मदद मिलेगी और उनके लिए रोजगार के बेहतर अवसर पैदा होंगे। इससे पारंपरिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने गोप्लो फार्म तथा संबंधित शैक्षणिक विभागों के संकाय सदस्यों को नियमित रूप से शैक्षणिक कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि समझौते का और अधिक व्यवहारिक बनाया जा सके।

# ग्रीन फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ा खलीलपुर का परीक्षा परिणाम बेहतर

## 12वीं में कुल 22 विद्यार्थी, 10 विद्यार्थियों की बनी मेरिट, अन्य 12 भी फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण

दीपक कुमार, देश रोजाना

नूंह । हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी का सोमवार शाम 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित हुआ जिसमें जिला नूंह के ग्रीन फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ा खलीलपुर ने जिले में परचम लहराया। कक्षा 12वीं में कुल 22 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें से 10 विद्यार्थियों ने मेरिट एवं 12 विद्यार्थियों ने फर्स्ट डिवीजन लेकर के परीक्षा उत्तीर्ण की है।

इनमें कोमल पुत्री अंतवीर ने 500 में से 456 अंक 92 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान लेकर जिले में भी अपनी जगह बनाई एवं फाइन आर्ट विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

नरवीर पुत्र गुलाब ने 428 अंक 85.6 प्रतिशत, हरविंदर पुत्र राजकुमार 423 अंक 84.6 प्रतिशत, दिशांत धनकर पुत्र दयाचंद धनकर 417 अंक 83.4 प्रतिशत, विपुल पुत्री सुभाष 416 अंक 83.2 प्रतिशत, काजल पुत्री रामवीर 412 अंक 82.4 प्रतिशत , सोनिया पुत्री धनराज 405 अंक 81 प्रतिशत, कोशिंदर पुत्र नरदेव 405 अंक 81 प्रतिशत, सचिन पुत्र विजयपाल 398 अंक 79.6 प्रतिशत, दुष्यंत पुत्र श्यामवीर 396 अंक 79.2 प्रतिशत लेकर विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया।



12वीं में बेहतर प्रदर्शन करने पर स्कूल में विद्यार्थी खुशी मनाते हुए ।

स्कूल के चेयरमैन गंगादान डागर ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों और अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को बधाई दी और और कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतिभावान छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ में जिस अध्यापक एवं अध्यापिका का रिजल्ट प्रशंसनीय हैं उनको भी सम्मान प्रतीक भेंट किया जाएगा। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर ललित कुमार डागर ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# आंधी से गिरे बिजली के टावर, रातभर गुल रही बिजली

## रात भर बिजली व्यवस्था को ठीक करने में जुटे कर्मचारी, मंगलवार दोपहर में आई बिजली


पुन्हाना से हथीन जा रही बिजली की हाईवोल्ट लाइन का गिरा हुआ टावर।

मनीष आहुजा, देश रोजाना

**पुन्हाना।** रविवार के बाद सोमवार शाम को भी क्षेत्र में तेज आंधी चली। आंधी इतनी तेज थी कि पेड़-पौधे गिरने के साथ ही बिजली के पोल के साथ ही बड़े-बड़े टावर भी गिर गए। उनके चलते जगह-जगह फाल्ट होने के साथ ही सोमवार रात को बिजली गुल रही। देर रात तक बिजली निगम के कर्मचारी गिरे हुए पोल और फाल्ट को ठीक करने में जुटे रहे। मंगलवार दोपहर तक बिजली व्यवस्था ठीक हो पाई।

बता दें कि सोमवार को क्षेत्र में करीब तीन घंटे तक तेज आंधी रही जिससे शहर सहित गांवों में रात भर बिजली नहीं आई। करीब एक बजे रात को शहर में बिजली आई और रात भर आती-जाती रही। गांवों में मंगलवार दोपहर तक बिजली मिल पाई। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पडा। लोगों ने भीषण गर्मी में सोमवार की रात छतों पर सोकर बिताई। बिजली के साथ ही पानी की भी किल्लत रही जिससे लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित रही। बिजली निगम के कर्मचारियों की भारी मशक्कत के बाद किसी तरह से पोल और फाल्ट ठीक हो पाए और लोगों को बिजली मिल सकी।

# स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बनाए : सुभाषचंद्रा

सोनू वर्मा, देश रोजाना

**नूंह।** जिला नूंह को स्वच्छ तथा सुन्दर बनाने के लिए स्वच्छता अभियान के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स के नवनियुक्त सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्यों की बैठक वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्रा की अध्यक्षता में हुई। राज्य स्तरीय टास्क फोर्स (एसएलटीएफ) स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा को लेकर एमडीए कान्फ्रेंस हाल नूंह में बैठक की आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त रेनु सोगन, सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत, नरेन्द्र सिंह कार्यकारी अभियंता पंचायती राज विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल, कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नगीना, नगर परिषद् शहरी क्षेत्र के सभी ईओ, सभी नगर पालिका सचिव, राज्य स्तरीय टास्क फोर्स



स्वच्छ भारत मिशन के सदस्य वेदप्रकाश साहू, एवं जिलास्तरीय टास्क फोर्स स्वच्छ भारत मिशन के सदस्य नरेन्द्र शर्मा नूंह, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, सुभाष चन्द खेड़ला नूंह, रमेश आर्य प्रजापति फिरोजपुर झिरका, हंसराज प्रजापति खरखरी तावडू, घनश्याम सैनी मुंडाका फिरोजपुर झिरका, गोविन्द राम प्रजापति जिला कार्यक्रम प्रबंधक डीपीएम डीआरडीए जिला परिषद नूंह, सुभाष, तालिम, अलीम खान, अरशद, अंसार अली, प्रेमकुमार, मोहम्मद आरिफ मौजूद रहे।

# धूल भरी आंधी से परेशान रहे शहर के लोग


(धूलभरी आंधी से हाइवें पर छाया धूल का चैंबर: फोटो-नरेश नरूला)

देश रोजाना, फरीदाबाद

धूल भरी आंधी ने मंगलवार सुबह के समय आई फरीदाबाद को धूल के चैंबर में बदल दिया। दोपहर तक चारों तरफ धूल ही धूल छाई रही। इससे एयर क्वालिटी इंडेक्स में भी वृद्धि दर्ज की गई। फरीदाबाद में सोमवार रात से ही तेज आंधी चलना शुरू हो गई। सुबह तक रुक - रुक कर तेज हवाएं चलती रही। मंगलवार सुबह लगभग चार बजे काफी तेज आंधी आई। हवाओं के साथ साथ काफी धूल थी। कुछ समय बाद बाद हवा की गति तो कम हो गई, लेकिन वातावरण में धूल ही धूल फैल गई। चारों तरफ धूल का गुबार सा नजर आ रहा था। दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे तक इसी तरह से धूल आसमान में छाई रही। उसके बाद इसमें धीरे - धीरे कमी आना शुरू हुई। विशेषज्ञों के अनुसार राजस्थान के ऊपर बनी चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बनने की वजह से धूल भरी आंधी आई है। भारत के उत्तर - पश्चिमी क्षेत्र में पिछले पांच दिनों से बारिश नहीं हुई है, जिससे मिट्टी सूख गई है और धूल काफी दिखाई दे रही है। उत्तरी राजस्थान की तरफ से आने वाली तेज हवाओं के साथ यह धूल दिल्ली व एनसीआर के शहरों तक पहुंच गई। मंगलवार को इतनी अधिक मात्रा में धूल इकट्ठा होने के कारण सांस व फेफड़ों के मरीजों को नुकसान हुआ। जानकारों के अनुसार हवाओं की गति कम होने से यह धूल धीरे - धीरे नीचे जमीन पर पहुंच जाएगी। वहीं, अगले दो दिन हल्की बारिश होने का भी अनुमान है। उससे यह धूल पूरी तरह से खत्म हो सकती है। सोमवार की तुलना में मंगलवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 80 अंक अधिक दर्ज किया गया। दोपहर बाद धूल थोड़ी कम हुई। मंगलवार को धूल के साथ गर्मी ने भी लोगों को परेशान किया। फरीदाबाद का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को हल्की बारिश होने की संभावनाएं हैं, जिससे तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिल सकती है।







17 मई, बुधवार। ज्येष्ठ कृष्ण त्रयोदशी 22 बजकर 29 मिनट तक उपरांत चतुर्दशी। प्रदोष व्रत। ग्रीष्म ऋतु।सूर्य उत्तरायण। सूर्य उत्तरगोल। पिंगल संवत्सर, विक्रम संवत 2080, शक संवत 1945 शोभकृत संवत्सर। रेवती नक्षत्र 07 बजकर 39 मिनट तक उपरांत अश्विनी नक्षत्र। आयुष्मान योग 21 बजकर 17 मिनट तक सौभाग्य योग।गर करण 11 बजकर 03 मिनट तक उपरांत वणिज करण। राहु काल 12 बजकर 17 मिनट से 14 बजे तक।चंद्रमा मीन राशि में 07 बजकर 39 मिनट तक उपरांत मेष राशि में दिन-रात। सूर्य उदय 05 बजकर 30 मिनट पर, सूर्य अस्त 19 बजकर 06 मिनट तक। दिशा शूल-उत्तर। सावधान-कन्या राशि।

**मेष:** सकारात्मक रहें। अनुबंध मिल सकता है। पदोन्नति की संभावना। ज्योतिष में रूचि। कानूनी विवाद में जीत।

**वृष:** व्यापार में सर्तक रहें। लोन मिलने में बाधा। यात्रा में विवाद से बचें। निवेश न करें। अनिद्रा से तनाव।

**मिथुन:** अनुबंध-लोन मिल सकता है। पदोन्नति की संभावना। यात्रा में लाभ। उपहार मिल सकता है। संत समागम।

**कर्क:** अनिद्रा से तनाव। नया कार्य शुरू कर सकते हैं। धन-उपहार मिल सकता है। विवाह प्रस्ताव पर निर्णय ले सकते हैं।

**सिंह:** वाणी संयम जरूरी। धन की कमी। अनुबंध मिलने में बाधा। यात्रा में सामान पर ध्यान दें। शांत रहें।

**कन्या:** सकारात्मक रहें। अनुबंध मिलने में बाधा। व्यापार में सहयोगी से विवाद। उच्चशिक्षा में आलस न करें।

**तुला:** धन-अनुबंध मिल सकता है। यात्रा में लाभ। जीवनसाथी के साथ खरीदारी कर सकते हैं। प्रेम संबंध मधुर।

**वृश्चिक:** लोन मिल सकता है। नया कार्यशुरू कर सकते हैं। वाहन सुख। विवाह प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**धनु:** बच्चों की शिक्षा-सेहत पर ध्यान दें। निवेश न करें। अनुबंध मिलने में देरी। प्रेम संबंध तनावपूर्ण।

**मकर:** धन मिलने में बाधा। यात्रा में सामान पर ध्यान दें। सकारात्मक रहें। बुजुर्गो की जरूरतों को पूरा करें।

**कुंभ:** लोन-धन मिल सकता है। उच्चशिक्षा में प्रगति। अनुबंध मिल सकता है। ज्योतिष में रूचि। मन प्रसन्न रहेगा।

**मीन:** धन-अनुबंध मिलने में देरी। बच्चों की जरूरतों पर ध्यान दें। प्रेम संबंध सामान्य। वाणी संयम जरूरी।

# हरियाणा बोर्ड की 10वीं का परिणाम जारी

## गुरुग्राम में 64.92 फीसदी स्टूडेंट हुए पास

- प्रदेश स्तर पर गुरुग्राम का परिणाम 13वें स्थान पर रहा

हर्ष खटाना, देश रोजाना

गुरुग्राम। हरियाणा बोर्ड की दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम मंगलवार को जारी हो गया। गुरुग्राम से 15263 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 9908 स्टूडेंट्स पास हुए हैं, जिससे जिला का पास प्रतिशत 64.92 रहा। जबकि प्रदेश स्तर पर गुरुग्राम का रिजल्ट 13वें पायदान पर रहा। वहीं जिला के 2025 स्टूडेंट्स के कम्पार्टमेंट व 3330 स्टूडेंट्स फेल हो गए। गुरुग्राम में शहरी क्षेत्र के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। शहरी क्षेत्र के 59.23 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए जबकि ग्रामीण क्षेत्र से 70.94 फीसदी स्टूडेंट्स ने परीक्षा में सफलता हासिल की। गर्ल्स स्टूडेंट्स का रिजल्ट ब्वायज के मुकाबले बेहतर रहा। गुरुग्राम में 15263 स्टूडेंट्स में से 7797 ब्वायज व 7466 गर्ल्स स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 60.48 फीसदी लड़के पास हुए जबकि 69.54 फीसदी लड़कियां ने सफलता हासिल की।



10वीं कक्षा में 491 अंकों के साथ किसान की बेटी कशिश और अभिषेक ने जिला टॉपर में सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर जगह बनाई है।



शांति निकेतन हाई स्कूल पथरेड़ी की स्टूडेंट शिवानी ने 10वीं की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंकों के पास जिला टॉप किया है। शिवानी के पिता ओमप्रकाश किसान हैं और मां नीरज हाउस वाइफ हैं। शिवानी 4 भाई-बहन हैं, जिसमें से वह दूसरे नंबर की हैं। शिवानी ने बताया कि उन्होंने बिना ट्यूशन के ही 500 में से 485 अंक प्राप्त किया। अब 11वीं में उन्होंने साइंस स्ट्रीम ली है। आगे जाकर वो डॉक्टर बनना चाहती हैं। परीक्षाओं के दौरान वो केवल 3 से 4 घंटे ही सोती थी, लगातार पढ़ाई करने का ही परिणाम है कि वो 495 अंक प्राप्त कर पाई हैं। गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल वजीराबाद की छात्रा खुशी ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। खुशी ने अब 11वीं कक्षा में साइंस स्ट्रीम ली है और आगे वह इंजिनियर बनने का सपना रखती है। उनके पिता विष्णु कुमार एक प्राइवेट कंपनी में कर्मचारी हैं और मां गुड़िया एक हाउसवाइफ हैं। सभी भाई-बहनों में वह चौथे नंबर की है। सभी भाई-बहन पढ़ाई में बहुत अच्छे हैं। खुशी ने भी बिना ट्यूशन के इतने अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। पढ़ाई के अलावा उन्हें डांसिंग और रीडिंग का काफी शौक है। परीक्षाओं की तैयारी में उनकी सब्जेक्ट टीचर्स ने काफी मदद की। जिसका नतीजा है कि वो अच्छा कर पाई और 493 अंक प्राप्त कर पाई हैं।

**तीसरे नंबर पर कशिश व अभिषेक ने बनाई जगह:** 10वीं कक्षा में 491 अंकों के साथ किसान की बेटी कशिश ने जिला टॉपर में तीसरे स्थान पर जगह बनाई है। अब 11वीं कक्षा में नॉन मेडिकल में पढ़ाई करेगी। इसके साथ ही नेशनल डिफेंस अकादमी की परीक्षा पास करके सेना में जाना चाहती है। एमडी हाई स्कूल डाबोढ़ा की छात्रा कशिश ने 98.2 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। उनके पिता पूरणमल किसान हैं व माता इंदु हाउस वाइफ हैं। जिला टॉपर की सूची में जिले के दो छात्रों ने समान अंक प्राप्त करके तीसरे स्थान पर जगह बनाई है। जिसमें दूसरा नाम अभिषेक कुमार गुप्ता का भी है। 10वीं कक्षा में 491 लेकर गुड़गांव में तीसरे स्थान पर रहे अभिषेक वैज्ञानिक बनकर देश के लिए कार्य करना चाहते हैं।



अभिषेक ने 11वीं कक्षा में नॉन मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। 98.2 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले छात्र अभिषेक के पिता बिमलेश कुमार गुप्ता एक निजी कंपनी में नौकरी करते है व माता नीलम हाउस वाइफ हैं। घंटों की पढ़ाई और अपनी मेहनत से वह इतने अंक प्राप्त कर पाए हैं।

## गुरुग्राम में आईएएस अधिकारी के ठिकाने पर विजिलेंस की छापेमारी को लेकर दर्ज कराई आपत्ति

- डी. सुरेश की पत्नी कांथी सुरेश ने विजिलेंस के खिलाफ दी शिकायत

प्रवेश चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हुडा) में प्रशासक रहे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को लेकर विजिलेंस ने सक्रियता दिखाई है। उनके गुरुग्राम स्थित ठिकानों पर छापेमारी करके विजिलेंस की टीम ने जांच की। आरोप है कि गुरुग्राम में तत्कालीन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हुडा) में बतौर प्रशासक रहे आईएएस अधिकारी डॉ. डी. सुरेश करीब डेढ़ एकड़ जमीन को वर्ष 1992 में रेटों के हिसाब से आवंटित किया था। इस मामले में पहले से विजिलेंस की जांच चल रही है। हालांकि अभी तक इस मामले में डा. डी. सुरेश से पूछताछ की अनुमति विजिलेंस को नहीं मिल पाई है। सरकार से अनुमति मिलते ही उनसे विजिलेंस पूछताछ करेगी।विजिलेंस की टीम ने डा. डी. सुरेश की पत्नी कांथी के निजी कार्यालय में जांच-पड़ताल की। इस पर उनकी पत्नी ने सवाल खड़े किए हैं। गुरुग्राम के एक सेक्टर में कांति डी.सुरेश का पावर स्पोर्ट्स टीवी का कार्यालय है। वहां पर बीते माह 26 अप्रैल को विजिलेंस की टीम पहुंची। उनकी पत्नी कांथी का आरोप है कि उनकी गैरमौजूदगी में विजिलेंस यहां पहुंची और कार्यालय से उनके अकाउंटेंट राजेंद्र प्रसाद को ले गई। कांथी ने अपने कार्यालय परिसर के सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए कहा है कि विजिलेंस के अधिकारी अवैध रूप से अकाउंटेंट राजेंद्र प्रसाद को ले जाते दिखाई दे रहे हैं। डा. डी. सुरेश की पत्नी कांथी ने 26 अप्रैल को ही डीजीपी हरियाणा, गुरुग्राम पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन, जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव को शिकायत भेजी थी। कांति डी. सुरेश का आरोप है कि बेवजह विजिलेंस के अधिकारियों ने उन्हें परेशान किया जा रहा है।



आईएएस अधिकारी डा. डी सुरेश व उनकी पत्नी कांथी सुरेश।

## समाजसेवी अशोक सैनी और गगन सैनी ने थामा कांग्रेस का दामन

- पंकज डावर ने दिलाई कांग्रेस की सदस्यता

प्रवेश चौहान, देश रोजाना



गुरुग्राम। क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष नगर निवासी अशोक सैनी उनके साथ वरिष्ठ समाजसेवी रवि नगर निवासी गगन सैनी ने मंगलवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। इन दोनों को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस मौके पर पंकज डावर ने कहा कि अशोक सैनी और गगन सैनी दोनों को मैं बहुत पहले से ही जानता हूं। समाज सेवा के कार्यों में यह दोनों बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उन्हें पूरा विश्वास है कि इन दोनों के पार्टी में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

जवाहर यादव के मामले को लेकर राज्यपाल के नाम डीसी को सौंपेंगे ज्ञापन-मंगलवार को गुरुग्राम के कमान सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक उपरांत फैसला लिया गया कि मुख्यमंत्री के ओएसडी जवाहर यादव पर लग रहे सैकड़ों करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति बनाने के मामले को लेकर गुरुग्राम के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आगामी शुक्रवार को गुरुग्राम के जिला उपायुक्त को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस संदर्भ में पंकज डावर ने मीडिया को बताया कि जवाहर यादव के ऊपर जो आरोप लग रहे हैं, उन आरोपों में कितनी सच्चाई है, इसकी जांच होनी चाहिए। जवाहर यादव इस सरकार में शुरू से ही मुख्यमंत्री के खास रहे हैं और उच्च पदों पर भी हैं। ऐसी स्थिति में आय से अधिक संपत्ति उनके पास है या नहीं। इसकी जांच एक बड़ी एजेंसी से होनी चाहिए। जिससे झूठ क्या है और सच क्या है, यह जनता के सामने आ सके।पंकज डावर ने कहा कि अगर प्रदेश लेवल की एजेंसी इस मामले की जांच करेगी तो उच्च पदों पर होने के कारण जवाहर यादव जांच को प्रभावित कर सकते हैं।

## 50 स्ट्रीट वेंडरों के ऋण मंजूर

### 250 आवेदनों में से 200 स्ट्रीट वेंडरों को ऋण देने की प्रक्रिया जारी

- नगर निगम मानेसर द्वारा क्षेत्र के भांगरोला गांव में लोन मेले का आयोजन, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि रहे उपस्थित

प्रवेश चौहान, देश रोजाना



गुरुग्राम। नगर निगम मानेसर द्वारा क्षेत्र के भांगरोला गांव में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना के अन्तर्गत लोन मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मानेसर निगम क्षेत्र के सभी बैंक शाखाओं के प्रबंधक, अग्रणी जिला प्रबंधक केनरा बैंक व निगम अधिकारी उपस्थित रहे। संयुक्त निगमायुक्त दिनेश लुहाच ने लोन मेले का शुभारंभ किया। मेले में कुल 250 रेहड़ी पटरी, फेरी विक्रेताओं लोन के लिए आवेदन किया। इसमें से 50 स्ट्रीट वेंडर के लोन मौके पर ही स्वीकृत हो गए वहीं बाकी के लिए प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा नगर निगम द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स को सर्टिफिकेट एवं एलओआर जारी किए गए। नगर परियोजना अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि बैंकों द्वारा 10 हजार रुपए तक का ऋण सरकार द्वारा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना के अंतर्गत दिलाया जा रहा है। उक्त ऋण में पांच प्रतिशत से ऊपर जो भी ब्याज होगा वह केंद्र व राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। इसके अलावा प्रतिमाह एक सौ रुपए की राशि ई-ट्रांजेक्शन पर मनीबैक के रूप में वापिस प्राप्त होगी जो एक वर्ष में 1200 रुपये होगी। उन्होंने बताया कि वेंडर यदि उक्त ऋण राशि को चुकता करता है तो वह अगले वर्ष के लिए 20 हजार रुपये ऋण प्राप्त कर सकेगा। संयुक्त आयुक्त दिनेश लुहाच ने कहा कि योजना तहत नगर निगम द्वारा सभी इच्छुक वेंडर्स को ऋण दिलाया जाएगा तथा उन्हें एलओआर व वेंडिंग सर्टिफिकेट भी जारी किए जाएंगे जिससे सभी रेहड़ी पटरी, फेरी विक्रेता निर्भय होकर अपनी आजीविका चला सकें। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा भविष्य में वेंडर्स की सुविधा हेतु वेंडिंग जोन भी बनाया जाएगा। इससे पूर्व मेले में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा संयुक्त निगमायुक्त का पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। इस मौके पर भांगरौला से जय प्रकाश, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, पूर्व सरपंच रमेश, प्रहलाद पूर्व सरपंच गाव बांसकुशला, गुलबीर उर्फ गब्बू पूर्व सरपंच गाव बांसहरिया, समाजसेवी ठाकुरदास नंबरदार, निहाल सिंह, रामबीर सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## नगर निगम गुरुग्राम सभी वार्डों में शुरू करेगा आरआरआर सेंटर




प्रवेश चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर अभियान के तहत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सभी वार्डों में 20 मई से (रिड्यूस, रीयूज और रिसायकल) आरआरआर सेंटर शुरू किए जाएंगे। इन सेंटर्स में कोई भी व्यक्ति पुराने कपड़े, पुराने जूते, प्लास्टिक, किताबें, खिलौने व फ्लैक्स आदि जमा करवा सकते हैं। आपके द्वारा आरआरआर सेंटर में भेजा गया सामान जरूरतमंदों को उपयोग के लिए दिया जाएगा। नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार ने बताया कि मेरी लाईफ मेरा स्वच्छ शहर अभियान के तहत नगर निगम द्वारा विभिन्न एनजीओ, स्वयं सहायता समूहों, स्वच्छ तुलिप इंटर्न, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों तथा नागरिकों के सहयोग से आरआर सेंटर शुरू किए जाएंगे। इनमें कोई भी नागरिक अपने उपयोग किए गए प्लास्टिक आईटम, पुरानी किताबें, उपयोग किए गए कपड़े व जूते तथा अन्य ऐसे आईटम जो किसी व्यक्ति के उपयोग में आ सकते हैं, यहां जमा करवा सकता है। इससे हम जरूरतमंदों की मदद कर पाएंगे तथा ठोस कचरा प्रबंधन के तीन सिद्धांतों को पूरा करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## खबरें फटाफट

### मलेशिया के प्रतिनिधिमंडल के साथ यूआईईटी की प्रोफेसर ने गुरुग्राम विवि का किया दौरा



गुरुग्राम विवि में प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

गुरुग्राम (प्रवेश चौहान)। कोविड-19 जैसे संक्रामक रोगों की पहचान के लिए ऑटो इंटेलिजेंस सिस्टम तैयार किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से एक शोध प्रोजेक्ट पर काम कर रही यूआईईटी संस्थान की प्रोफेसर के नेतृत्व में मलेशिया के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय का दौरान किया। इस दौरान विवि के कुलपति से भी प्रतिनिधिमंडल ने विस्तृत चर्चा की। यूआईईटी संस्थान की प्रोफेसर डॉ. रीटा दहिया के नेतृत्व में इस प्रोजेक्ट के इस विषय पर चर्चा करने और इस दिशा में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के साथ मिलकर काम करने की संभावनाओं का पता लगाने के उद्देश्य से मलेशिया का प्रतिनिधिमंडल गुरुग्राम विश्वविद्यालय पहुंचा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और यूआईईटी की शिक्षिका डॉ. रीटा दहिया ने इस विषय पर व्यापक रूप से विचार विमर्श किया।

### युवती ने डाक्टर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

गुरुग्राम (हर्ष खटाना)। सेक्टर-40 एरिया में एक डॉक्टर द्वारा ईलाज कराने आई युवती को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में 36 वर्षीय युवती ने कहा कि उसकी कुछ दिन से तबीयत खराब चल रही थी, जिस पर उसने अपनी दोस्त को फोन किया। युवती की दोस्त ने उसे बताया कि उसका एक दोस्त डॉक्टर है। वह डॉक्टर के साथ ही सेक्टर-40 होटल में बैठी है। युवती की दोस्त ने उसे चेकअप कराने के लिए होटल में ही बुला लिया। युवती जब होटल पहुंची तो उसकी दोस्त एक व्यक्ति के साथ बैठकर शराब पी रही थी। युवती की दोस्त ने अपने साथ मौजूद व्यक्ति की पहचान डॉक्टर राकेश के रूप में कराई। आरोप है कि उन्होंने बातचीत दौरान उन्हें कोल्ड ड्रिंक दी जिसमें कोई नशीला पदार्थ मिला दिया। युवती की तबीयत खराब होने लगी तो उसकी दोस्त कमरे से बाहर चली गई। जिसके बाद डॉक्टर ने कमरा बंद कर उसके साथ रेप किया। होश में आने पर युवती ने इसकी शिकायत पुलिस को दी।

### दोस्तों के साथ मिलकर कोच ने जिम ट्रेनर को पीटा

गुरुग्राम (हर्ष खटाना)।डीएलएफ थाना एरिया में कोच व उसके साथियों द्वारा कार में सवार जिम ट्रेनर को रास्ते में रोककर जमकर मारपीट करने व उसकी गाड़ी में तोडफोड़ करने का मामला सामने आया है। जिम ट्रेनर फरीदाबाद से यहां अपने दोस्त से मिलने आया था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दरअसल, फरीदाबाद के साहिल चहल जिम ट्रेनर हैं। वह 14 मई को कार से सेक्टर-56 आया था। काम खत्म होने के बाद वह अपने दोस्त से मिलने सेक्टर-27 आ गया। दोस्त से मिलने के बाद शाम करीब साढ़े पांच बजे वह जाने लगा तो कोच सुमित, विनीत, हेमंत व तीन अन्य लोगों ने उनकी गाड़ी का शीशा खटखटाना शुरू कर दिया।

उन्होंने विंडो नहीं खोली और गाड़ी लेकर फरीदाबाद के लिए चल दिए। वे कुछ ही दूर निकले होंगे कि उनमें से एक आरोपी ने स्कूटी से पीछा कर उनकी गाड़ी में लात मारी। उन्होंने गाड़ी नहीं रोकी तो आरोपियों ने अपनी किया सेल्टोज गाड़ी को गलत दिशा में लाकर उनकी गाड़ी के सामने खड़ा कर दिया। इसके बाद युवकों ने उन्हें गाड़ी से उतारते हुए बुरी तरह से पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। आरोपियों ने उनकी गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। उन्हें बेहोश होता देख कोच सुमित ने उसे धमकी दी और सभी फरार हो गए। होश आने के बाद वे फरीदाबाद चले गए और निकट के नंर्सिंग होम में अपना उपचार कराया। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### स्क्रैप में खरीदी गाड़ियों का मिसयूज किया, केस दर्ज

गुरुग्राम (हर्ष खटाना)। बिलासपुर थाना क्षेत्र में स्क्रैप में खरीदी गई गाड़ियों का मिसयूज करने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के अलवर निवासी योगेंद्र सिंह ने कहा कि वह लोकेश लॉजिस्टक कंपनी राठीवास में मैनेजर हैं। उनकी कंपनी की दो गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन की मियाद खत्म हुई तो उन्होंने गाड़ियों को स्क्रैप में बेचने के लिए भिवानी के प्रदीप कुमार से संपर्क किया। जिसके बाद प्रदीप व सुरेंद्र तौला उनके कार्यालय आए और दोनों गाड़ियों का पांच लाख 40 हजार रुपए में सौदा तय हुआ, जिसमें यह भी तय हुआ कि दोनों गाड़ियों के चेसिस नंबर व इंजन नंबर की प्लेट काटकर उन्हें एक सप्ताह में सौंपी जाएगी। आरोप है कि गाड़ी ले जाने के बाद आरोपियों के फोन बंद हो गए और गाड़ियों के चेसिस नंबर और इंजन नंबर की प्लेट काटकर उन्हें नहीं सौंपी गई। योगेंद्र ने उनसे संपर्क किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। योगेंद्र ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया है कि आरोपियों द्वारा स्कैरप के नाम पर खरीदी गई दोनों गाड़ियों का मिसयूज किया जा रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दहशत फैलाने के लिए पिस्टल से किया फायर

गुरुग्राम (हर्ष खटाना)। सेक्टर-40 एरिया में पिस्टल से फायरिंग कर दहशत फैलाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से एक पिस्टल व चार कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। दरअसल, सेक्टर 30 के विजय विहार में सोमवार की रात करीब साढ़े दस बजे एक युवक ने पिस्टल से कई राउंड फायर किए और इलाके में दहशत फैला दी।

## सेवा भारती ने की जिला एवं नगर के पदाधिकारियों की घोषणा

### वजीरपुर में सेवा भारती जिला मानेसर कार्यकारिणी की हुई बैठक

प्रवेश चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। सेवा भारती जिला मानेसर की कार्यकारिणी की बैठक गांव वजीरपुर में राम सजन विभाग प्रमुख गुरुग्राम महानगर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला सह कारवां एवं विभाग प्रमुख महिला संध्या, जिला अध्यक्ष मानेसर राजेश चौहान का सानिध्य रहा। बैठक में जिला एवं नगर के दायित्वों की घोषणा की गई।बताया गया कि सेवा भारती जिला मानेसर में अशोक को जिला संरक्षक का दायित्व दिया गया है। वजीरपुर निवासी राजेश चौहान को फिर से मानेसर जिला अध्यक्ष, लेखराज निवासी सोहना को जिला उपाध्यक्ष, मनोज चौहान निवासी वजीरपुर को जिला सचिव, राजेंद्र निवासी पटौदी को जिला सामाजिक आयाम प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा गुलशन खेत्रपाल को स्वावलंबन आयाम प्रमुख, धर्मवीर को मानेसर नगर की कार्यकारिणी के संरक्षण का दायित्व दिया गया। जय भगवान को मानेसर के अध्यक्ष का, राजेंद्र नेगी को मानेसर के सचिव का, राकेश कौल को मानेसर नगर के सह-सचिव का, डाक्टर प्रेमपाल को मानेसर नगर के स्वास्थ्य आयाम प्रमुख का दायित्व दिया गया। सुमीता को मानेसर नगर के स्वावलंबन आयाम प्रमुख का, राज सोनी को सामाजिक आयाम प्रमुख, डाक्टर रमन को सेवा भारती गोविंद नगर के अध्यक्ष, राहुल सोनी को सचिव, अशोक बंसल को कोषाध्यक्ष, शिखा अग्रवाल को शिक्षा आयाम प्रमुख का दायित्व दिया गया। सेवा भारती पटौदी नगर में नरेंद्र यादव को फिर से संरक्षक का, सतपाल चौहान को फिर से अध्यक्ष, गौरव शर्मा को उपाध्यक्ष, कप्तान करमवीर को सचिव, दिनेश जैन को कोषाध्यक्ष, अशोक चौहान को प्रचार प्रमुख का दायित्व दिया गया। मेहर चंद को शिक्षा आयाम प्रमुख, शिव कुमार गुप्ता को स्वावलंबन आयाम प्रमुख, प्रेमचंद सैनी को स्वास्थ्य आयाम प्रमुख तथा उमेश अग्रवाल को सामाजिक आयाम प्रमुख का दायित्व दिया गया है।



सेवा भारती की मानेसर जिला की कार्यकारिणी की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

## प्रिंसिपल द्वारा अभद्रता किए जाने के मामले ने तूल पकड़ा

- बीईओ की गैर मौजूदगी में सहायक को सौंपा डीईओ के नाम का ज्ञापन

मुकेश सैनी, देश रोजाना

फर्रुखनगर। मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय में अपने बच्चों का एडमिशन कराने आई माताओं को राजकीय संस्कृति स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा गालियां देकर भगाने के मामले में अभिभावकों व स्थानीय प्रमुख लोगों के साथ दोहली संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण पण्डित हाजीपुर की अगुवाई में राजीव चौक पर एकत्रित हुए तथा भाजपा सरकार विरोधी नारे लगाते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे।

वहां पर बीईओ की गैर मौजूदगी में सहायक को डीईओ के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फरूखनगर मे अपने बच्चों का एडमिशन कराने गई वार्ड नं 2 निवासी सुमन, सरोज, वार्ड13 निवासी बबली सहित दर्जन भर अभिभावकों के साथ स्कूल के प्रिंसिपल ने अभद्रता की तथा छात्रों का एडमिशन करने से मना कर दिया। यही नहीं प्रिंसिपल अभिभावकों पर इस कदर भड़क गए कि बच्चों और उनकी माताओं को स्कूल से ही भगा दिया। वहीं ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए बीईओ द्वारा प्रिंसीपल और आभिभावकों के बीच सुलह करवाते हुए सभी बच्चों का एडमिशन करने की बात पर विवाद थम गया।



ज्ञापन सौंपते अभिभावक व अन्य।

# देश की राजधानी दिल्ली के एक और स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

## ई-मेल आने के बाद स्कूल में चेकिंग अभियान शुरू किया

एजेंसी

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली के एक और स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस और अन्य टीम मौके पर पहुंच गई हैं और जांच की जा रही है। इससे पहले भी कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली के साकेत के पुष्प विहार स्थित अमृता पब्लिक स्कूल में मंगलवार सुबह 6:45 बजे बम रखे होने की सूचना मिली। बम की सूचना ईमेल के जरिए दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य टीम मौके पर पहुंच गई।




दक्षिण जिला डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि मेल आने के बाद स्कूल में चेकिंग अभियान शुरू किया गया। सभी जगह चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। उनका कहना है कि यह पता किया जा रहा है कि यह मेल कहां से और किसने भेजी है।

गौरतलब है कि इससे पहले डिफेंस कॉलोनी स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल और डीपीएस मथुरा रोड में बम रखे होने की दो दो बार सूचना मिल चुकी हैं। 26 अप्रैल को मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। स्कूल प्रशासन की ओर से 8:10 पर पीसीआर कॉल के जरिए स्कूल में बम होने की जानकारी दी गई। जिसके बाद पुलिस टीम को मौके पर पहुंची।

दिल्ली के साउथ ईस्ट डीसीपी राजेश देव ने कहा कि सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की बम डिस्पोजल टीम और लोकल पुलिस को तैनात किया गया। जांच में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली थी।

इससे पहले, 12 अप्रैल को साउथ दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी थाना इलाके के सादिक नगर में स्थित एक स्कूल को बम से उड़ाने की मिली थी। धमकी के बाद अफरा-तफरी मच गई थी। स्कूल प्रशासन द्वारा परिजनों के व्हाट्सएप ग्रुप पर मैसेज जारी कर यह बताया गया कि वह तुरंत स्कूल पहुंचकर अपने बच्चों को घर ले जाएं। यह मैसेज मिलते ही स्कूल के बाहर काफी भीड़ जमा हो गई। परिजन बच्चों को लेकर निकलने लगे।

## झगड़े की सूचना पर पहुंची पीसीआर स्टाफ पर हमला

एजेंसी

नई दिल्ली । उत्तर पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में झगड़े की सूचना पर पहुंचे पीसीआरए स्टाफ पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया और पीसीआर वैन में भी तोड़फोड़ की। इस हमले में तीन सब इंस्पेक्टर घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हमले में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उत्तर पूर्वी जिला के डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि सोमवार रात तकरीबन 10 बजे शास्त्री पार्क थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ स्थानीय लोगो ने पीसीआर स्टाफ पर हमला किया है और पीसीआर वैन को क्षतिग्रस्त कर दिया है . सूचना मिलते ही शास्त्री पार्क थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि पीसीआर वैन शास्त्री पार्क पेट्रोल पंप कब्रिस्तान के पास एक झगड़े की कॉल पर पहुंची थी ।

## खबरें फटाफट

### हिमाचल के सरकारी स्कूलों में नियुक्त 2,500 एसएमसी शिक्षकों के भी हो सकेंगे तबादले

शिमला । सरकार ने दुर्गम और दूरदराज के ऐसे स्कूलों में एसएमसी शिक्षकों को नियुक्त किया है, जहां नियमित शिक्षक जाने से गुरेज करते थे। शिक्षिकाओं ने रुंधे गले से कहा कि शादी होने के बाद भी वह नियमित तौर पर ससुराल में नहीं रह पा रही हैं। तबादले नहीं होने के चलते उन्हें अपने परिवार से दूर रहना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए मौके से ही शिक्षा सचिव अभिषेक जैन को एसएमसी शिक्षकों के लिए तबादला नीति बनाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले पर सरकार सकारात्मक विचार करेगी। संघ की कार्यकारी अध्यक्ष संगीता बोलीं, नौ साल से मायके में कर रहीं नौकरी पीरियड आधारित एसएमसी शिक्षक संघ की कार्यकारी अध्यक्ष संगीता राजपूत ने कहा कि वह नौ साल से सिरमौर जिले के दूरदराज क्षेत्र के एक स्कूल में अपने मायके में ही नौकरी कर रही हैं। ऐसे में मायके के घर में ही रहना मजबूरी है। उन्होंने कहा कि अब तो लोग भी पूछने लगे हैं कि वह यहीं क्यों रहती हैं, ससुराल क्यों नहीं गईं। वह अपनी मजबूरी कैसे बताएं।

### चिकित्सकों ने ट्रेन में कराई महिला की सुरक्षित डिलेवरी

प्रयागराज। ऑपरेशन मातृशक्ति के अंतर्गत लोकमान्य तिलक से जयनगर को जाने वाली पवन एक्सप्रेस ट्रेन में अपने परिवार के साथ कोच संख्या ए-1 की बर्थ नंबर 23-24 पर यात्रा कर रही महिला अंशु कुमारी को चलती ट्रेन में अचानक प्रसव पीड़ा होने लगी। असहनीय पीड़ा को देखते हुए साथ में यात्रा कर रहे लोगों ने तुरंत एकीकृत हेल्प लाइन नंबर 139 के माध्यम से रेल मदद पोर्टल पर मेडिकल सहायता के लिए रेल प्रशासन को सूचना दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए रेल प्रशासन ने तुरंत आने वाले रेलवे स्टेशन शंकरगढ़ में ट्रेन का ठहराव न होते हुए भी ट्रेन का ठहराव दिया। स्टेशन पर महिला यात्री को अटेंड करने का आदेश जारी किया गया। ट्रेन के स्टेशन आने से पहले स्टेशन पर डॉक्टरों की टीम, रेलवे सुरक्षा बल तथा रेलवे के अन्य स्टाफ पूरी तौयारी कर चुका था। जैसे ही ट्रेन 8:48 बजे शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर आई तुरंत डॉक्टर की टीम ने सम्बंधित कोच में पहुंचकर महिला को अटेंड किया। डॉक्टर केपी सिंह ने तुरंत रेल यात्रियों तथा और रेलवे स्टाफ की सहायता ट्रेन में ही सुरक्षित डिलीवरी कराई। थोड़ी देर में ही महिला ने एक पुत्र को जन्म दिया। डाक्टर के अनुसार दोनों जच्चा एवं बच्चा स्वस्थ थे।

### अपहरण मामले का वांछित गिरफ्तार

प्रयागराज। फूलपुर पुलिस ने अपहरण के अभियोगों के वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। स्थानीय थाने में दर्ज मुकदमे से संबंधित वांछित अभियुक्त राहुल कुमार पुत्र गुलाबचन्द्र निवासी ग्राम दमगढ़ा उतरांव प्रयागराज, को पुलिस टीम ने परासिनपुर नहर फूलपुर प्रयागराज, के समीप से गिरफ्तार किया। इसी क्रम में थाना स्थानीय थाने में दर्ज मुकदमे से संबंधित वांछित अभियुक्त किशन पुत्र अवधेश निवासी ग्राम ढोकरी थाना फूलपुर प्रयागराज, को बाबूगंज फूलपुर बाजार थाना क्षेत्र फूलपुर, से गिरफ्तार करते हुए आगे की कार्रवाई की गई।

### जीएसटी विभाग द्वारा पंजीकृत व्यापारियों के सत्यापन को लेकर आक्रोश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने जीएसटी विभाग द्वारा सभी पंजीकृत व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर प्लेस विजिट का अभियान चला कर पंजीयन के सत्यापन, पते के सत्यापन को लेकर पाकर प्रदेश के व्यापारियों में आक्रोश है। आदर्श व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा जीएसटी विभाग पंजीकृत व्यापारियों को परेशान करने के लिए नए नए नियम लागू कर रहा है। जबकि जीएसटी पंजीयन से पहले विभाग द्वारा हर बिंदु का सत्यापन किया जाता है। जीएसटी की मूल अवधारणा में भी व्यापारी और अधिकारी का फिजिकल संपर्क ना किया जाना है। यदि विभाग को किसी व्यापारी की विशेष रूप से शिकायत प्राप्त हो तो विभाग उसकी जांच करें लेकिन सामूहिक जांच अभियान अनुचित है। जिसको लेकर व्यापारियों के किसी भी प्रकार के उत्पीड़न को रोकने एवं उससे निपटने के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने पूर्व में 50 सदस्यीय उड़नदस्ता गठित किया हुआ है। जिसे वर्तमान परिस्थितियों के चलते पुनः सक्रिय कर दिया है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ने बताया अन्य जिलों में भी उड़न दस्ते को प्रभावी किया जा रहा है। जो व्यापारियों की समस्याओं पर तुरंत पहुंचने का कार्य करेंगे।

### लखनऊ नगर आयुक्त ने जल भराव को लेकर पंपिंग स्टेशन का किया निरीक्षण

लखनऊ । लखनऊ में बारिश के कारण मुख्य मार्ग व मोहल्लों मे खूब पानी भर जाता है। जिससे जलभराव की समस्या हो जाती है। लखनऊ नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बारिश के दिनो मे शहर में होने वाले जल भराव के दृष्टिगत शहर के बाढ़ पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया।जिसमे अपर नगर आयुक्त अभय पांडे, मुख्य अभियंता सिविल महेश वर्मा, बाढ़ पंपिंग स्टेशन प्रभारी नगर अभियंता पुनीत ओझा के साथ की कई अधिकारीं मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने सबसे पहले हैदर कैनाल नाले की निकासी, वजीरगंज पंपिंग स्टेशन, राधा ग्राम बैरल, हरीनगर पंप स्पॉट, सरकटा नाला का पंपिंग स्टेशन की स्थित का जायजा लिया। साथ ही मौजूद अधिकारियों को जलभराव की समस्या से निपटने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए।

### दहेज हत्या मामले का वांछित गिरफ्तार

प्रयागराज । मेजा पुलिस द्वारा दहेज हत्या में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने स्थानीय में दर्ज मुकदमे के वांछित अभियुक्त अनिल केसरी (पति) पुत्र स्व. बब्बू उर्फ राजेश केसरी निवासी रामनगर मेजा प्रयागराज व अभियुक्ता कमला देवी (सास) पत्नी स्व. बब्बू उर्फ राजेश केसरी निवासी रामनगर थाना मेजा प्रयागराज, को रामनगर थाना क्षेत्र मेजा से गिरफ्तार किया।

## 60 मीटर तक बर्फ के बीच से होकर गुजरेंगे तीर्थयात्री, 20 को खुलेंगे कपाट

गोपेश्वर । 20 मई से शुरू होने जा रही हेमकुंड साहिब की यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। गोविंदघाट और घांघरिया गुरुद्वारे में रंग-रोगन का काम पूरा हो गया है। तो दूसरी ओर अटलाकुड़ी से हेमकुंड साहिब तक सेना के 40 जवान, 40 सेवादार और 34 मजदूर आस्था पथ से बर्फ हटाने में जुटे हैं। हेमकुंड साहिब के ग्लेशियर प्वाइंट पर अभी करीब 6 फीट तक बर्फ जमी है जिसे देखते हुए यहां करीब 60 मीटर तक बर्फ के बीचोंबीच आने-जाने के लिए अलग-अलग रास्ते बनाए गए हैं। हेमकुंड साहिब में गुरुद्वारे के मुख्य द्वार पर भी करीब चार फीट बर्फ है।

इस बर्फ को हटाने में 40 सेवादार लगे हैं। गोविंदघाट गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवासिंह ने बताया कि हेमकुंड साहिब को चार क्विंटल गेंदे के फूल और गुलाब की पत्तियों से सजाया जाएगा। गोविंदघाट और घांघरिया में सजावट का काम अंतिम चरण में है।

## चारधाम के लिए हुए अब तक 30 लाख से ज्यादा पंजीकरण

### केदारनाथ को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह

एजेंसी

देहरादून। चारधाम यात्रा में बाबा केदार के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। केदारनाथ यात्रा के लिए प्रतिदिन पंजीकरण का आंकड़ा 30 हजार से अधिक पहुंच गया है। इस कारण सरकार को भीड़ नियंत्रण करने के लिए पंजीकरण पर रोक लगानी पड़ रही है। सरकार ने 15 मई तक नए पंजीकरण पर लगी रोक को 24 मई तक बढ़ा दिया है।

15 मई तक चारधाम यात्रा में अब तक 30 लाख से अधिक यात्री पंजीकरण कर चुके हैं। केदारनाथ धाम के लिए 15 से 24 मई तक 2.79 लाख यात्रियों ने पंजीकरण कराया है। केदारनाथ में श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए सीमित व्यवस्था है। वहीं, केदार घाटी में लगातार



मौसम खराब होने से बारिश व बर्फबारी हो रही है। इसे देखते हुए सरकार ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए नए पंजीकरण पर रोक लगाई है। हालांकि आफलाइन काउंटर पर यात्रियों को पंजीकरण की सुविधा मिल रही है। जिससे बिना पंजीकरण के आने वाले यात्री चारधामों के दर्शन किए बगैर वापस न लौटे। चारधामों में अब तक आठ लाख से अधिक श्रद्धालु कर चुके दर्शन 22 अप्रैल से शुरू हुई चारधाम यात्रा में अब तक केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री धाम में आठ लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। प्रतिदिन धामों में दर्शन करने वाले श्रदुधालुओं की संख्या बढ़ रही है। वर्तमान में चारधामों में रोज लगभग 40 हजार यात्री दर्शन कर रहे हैं।

## मेट्रो में स्टंट और अश्लील हरकतें करने वालों की खैर नहीं



एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो के अंदर स्टंट और अश्लील हरकतें करने वालों पर नकेल कसने के लिए दिल्ली पुलिस अब अपने 100 से अधिक कर्मियों को सादे कपड़ों में पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर डिब्बों के अंदर तैनात करेगी। अधिकारियों ने कहा कि डीएमआरसी और सीआईएसएफ के अधिकारियों के साथ ये पुलिस कर्मी अपराधियों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई करेंगे। दरअसल, कुछ लोग मेट्रो में स्टंटबाजी, डांस और बेहद शर्मनाक अश्लील हरकतें करने लगते हैं। ऐसे अनेक वीडियो भी वायरल हो चुके हैं। कई लोग यूट्यूब के लिए या शॉर्ट फिल्म आदि के उद्देश्य से मेट्रो में वीडियो बनाने लगते हैं। कई बार सरेआम अश्लील हरकतें करते हैं, जिससे यात्रियों को बहुत बुरा लगता है। मेट्रो में बेहद अश्लीलता करने वाला एक वीडियो हाल ही में वायरल हुआ तो तमाम यात्रियों ने अपने-अपने ढंग से आपत्तियां व्यक्त की थीं ।

## मदर्स डे पर मां के लिए चॉकलेट खरीदने गई बच्ची लापता

देश रोजाना ब्यूरो

नई दिल्ली। ऑपरेशन मिलाप के तहत चौकी अहाता किदारा, थाना सदर बाजार की पुलिस टीम ने 8 साल की एक बच्ची को उसके परिजनों से मिलाया। दिल्ली पुलिस के त्वरित प्रयास के लिए बच्चे की मां बहुत खुश है । और पुलिस को धन्यवाद दे रही है ,14 मई को बच्ची अपनी मां और भाई के साथ बाजार में खरीदारी करने आई थी। वह मदर्स डे पर अपनी मां को चॉकलेट गिफ्ट खरीदने के लिए पास की दुकान पर चली गई थी, जबकि उसकी मां कपड़ों की खरीदारी कर रही थी। लेकिन जब वह दुकान पर वापस आई तो उसे अपनी मां और भाई नहीं मिले थे। नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि बताया कि 14 मई को थाना अध्यक्ष सदर बाजार कन्हैया लाल यादव और चौकी इंचार्ज अहाता किदारा एसआई नीलम की देखरेख में हेड कांस्टेबल पंकज और कांस्टेबल सीताराम इलाके में पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे। उन्होंने एक बच्ची, उम्र 7-8 साल,

**पुलिस ने बच्ची को मां से मिलाया, शादी में भाग लेने मां के साथ दिल्ली आई थी बच्ची**

को बड़ी मस्जिद, पहाड़ी धीरज के पास लावारिस हालत में रोते हुए देखा । वह अपने परिवार या घर के पते के संबंध में कोई जानकारी नहीं दे पा रही थी। लडक़ी घबराई हुई थी, बच्ची को कोल्ड ड्रिंक और कुछ खाना देकर उसे शांत करने की कोशिश की गई । काफी पूछताछ के बाद उसने बताया कि वह एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए अपनी मां के साथ राजस्थान से दिल्ली आई थी। 14 मई 2023 को वह अपनी मां और भाई के साथ बाजार में खरीदारी करने आई थी। वह मदर्स डे पर अपनी मां को चॉकलेट गिफ्ट खरीदने के लिए दूसरी दुकान बिना बताए चली गई थी, जबकि उसकी मां कपड़ों की खरीदारी कर रही थी। लेकिन जब वह दुकान पर वापस आई तो उसे अपनी मां या भाई नहीं मिला।

## थप्पड़ का बदला लेने के लिए की चाकू घोंप कर हत्या

एजेंसी

नई दिल्ली। कहावत है कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं , अपराधी कितना भीं शातिर क्यों ना हो । कोई ना कोई गलती कर ही कर बैठता है और पुलिस के हत्थे चढ़ ही जाता जाता है , शाहदरा में भी हत्या आरोपी ने गलती की । और आ गया पुलिस के शिकंजे में । सिर्फ एक फोन काल से हत्या के आरोपी को शाहदरा जिला ,फर्श बाजार थाना पुलिस ने गुजरात क्राइम ब्रांच टीम की मदद लेकर सूरत से वारदात के एक सप्ताह बाद गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी एनएसए कालोनी निवासी करण है। आरोपी सूरत से मुंबई भागने की फिराक में था। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

शाहदरा जिला डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि 7 मई की रात को पुलिस को एनएसए कालोनी में झगड़े की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो राहुल नाम का शख्स घायल हालत में मिला, पता चला करण नाम के युवक ने झगड़े के दौरान उस पर चाकू से वार किए थे।

## भगवान के विग्रह पैरों तले रौंदना हिन्दू भावनाओं का अपमान, मुस्लिम पक्ष निभाये भाईचारा : देवकीनंदन महाराज

मानव, देश रोजाना

मथुरा/आगरा । श्रीकृष्ण जन्मभूमि स्थित भगवान केशवदेव मंदिर प्राचीन विग्रह, आगरा फोर्ट स्थित जामा मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे दबे होने के दावे के साथ आगरा कोर्ट में याचिका दायर की गयी है । हिंदु धर्मगुरू एंव कथा प्रवक्ता देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने न्यायालय से इन मूर्तियों को वापस मथुरा के मंदिर को सौंपने की माँग की है । न्यायालय ने इस सम्बन्ध में 4 प्रतिवादियों को अपना पक्ष रखने मौका देते हुये नोटिस जारी किये हैं । सोमवार को कमला नगर, आगरा में आयोजित एक प्रैसवार्ता में देवकीनंदन महाराज ने कहा कि 1670 में मुगल आक्रान्ता औरंगजेब ने मथुरा श्रीकृष्णजन्मभूमि के केशवदेव मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनवा दी। यहाँ से ठाकुरजी के विग्रहों को ले जाकर आगरा स्थित जहांआरा बेगम मस्जिद (छोटी मस्जिद) की सीढ़ियों के नीचे दबा दिया । मुस्लिम लोग इन सीढ़ियों पर चढ़कर मस्जिद में जाते हैं । अपमानजनक रूप से



हमारे अराध्य भगवान की पवित्र मूर्तियाँ आज भी पैरों के नीचे रौंदी जा रही हैं । उन्होने कहा कि मथुरा के मंदिर की मूर्तियों के आगरा की मस्जिद में दबाये जाने का पूरा विवरण औरंगजेब के ही दरबारी रहे मुस्लिम लेखक मुस्ताक खान पुस्तक मुआसिर-ए-आलमगीरी में मिलता है । इसके अलावा विदेशी लेखक थ्तै्छब्व्पै् ळ।न्ज्प्म्त् द्वारा लिखित पुस्तक ।न्त् ।छर्ळम्ठ" प्ब्छब्व्स्।ड एवं कई अन्य भारतीय इतिहासकारों की पुस्तकों में औरंगजेब द्वारा आगरा की मस्जिद में केशवदेव मंदिर के विग्रहों के दबाने का उल्लेख किया गया है । कई सिक्ख धर्मग्रंथों में भी मूर्तियाँ दबाने का स्पष्ट जिक्र है । याचिका अधिवक्ता विनोद शुक्ला ने कहा कि देवकीनंदन महाराज के सरंक्षण में 'श्रीकृष्णजन्मभूमि संरक्षित सेवा ट्रस्ट' का गठन किया गया है ।जिसके माध्यम से इस दिशा में निर्णायक कानूनी लड़ाई आगरा में शुरू कर दी गयी है ।

## दिल्ली-एनसीआर के मौसम में अचानक बदलाव आसमान में पसरी धूल की चादर

देश रोजाना ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली- एनसीआर में में पड़ रही गर्मी के बीच मंगलवार सुबह मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में धूलभरी हवाएं चली और पूरे आसमान में धूल की चादर दिखाई दी। धूल की वजह से विजिबिलिटी भी कम रही।

दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में सुबह से धूल की चादर छाई हुई है। कल रात से ही तेज हवाएं चल रही हैं। जिसके चलते आसमान में धूल की चादर देखी जा रही है। इससे आईजीआई एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी 1100 मीटर तक कम हो गई है। पिछले पांच दिनों से लोगों को भयंकर गर्मी का सामना करना पड़ा रहा था। इस



दौरान कई इलाकों में ज्यादातर तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। मौसम विभाग का कहना है कि आज और कल दिल्ली-एनसीआर के कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। लेकिन इससे लोगों को गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। सोमवार को अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह से ही तेज धूप से लोग परेशान रहे। मौसम विभाग ने मंगलवार को हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है। हालांकि, बारिश होने के बावजूद भी दिल्ली वासियों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। वहीं, बुधवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ ही हल्की बारिश की संभावना है। अधिकतम तापमान 42 डिग्री दर्ज किया जा सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को नजफगढ़ इलाका सबसे अधिक गर्म दर्ज किया गया, जहां अधिकतम तापमान 43.9 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 26.7 डिग्री रहा। वहीं, नरेला इलाका का अधिकतम तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## पनबिजली परियोजनाओं के निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया सरल बनाई जाएगी: मुख्यमंत्री

अरुण डोगरा रीतू, देश रोजाना

शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार देर सायं यहां ऊर्जा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार विभिन्न जलविद्युत परियोजनाओं में हिमाचल प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से नई ऊर्जा नीति बनाने पर विचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति के तहत भविष्य में मुफ्त बिजली रायल्टी में मोहलत का प्रावधान पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा और पूर्व में दी गई छूट को समाप्त करने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को पहले 12 वर्ष तक 15 फीसदी, अगले 18 वर्ष तक 20 फीसदी और इससे अगले 10 वर्ष तक 30 फीसदी हिस्सा देने का प्रावधान होगा। अभी तक



पहले 12 वर्ष के लिए 12 फीसदी, अगले 18 वर्ष के लिए 18 फीसदी और इससे अगले 10 वर्ष के लिए 30 फीसदी का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं की लागत वसूल हो गई है, उनमें राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे तथा इसके लिए केंद्र सरकार और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों से पत्राचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य की जलविद्युत परियोजनाओं के लिए सरकार की नीति के अनुसार जमीन चालीस वर्ष के पट्टे पर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना के लिए पूर्व-कार्यान्वयन और कार्यान्वयन समझौतों पर हस्ताक्षर नहीं करने के लिए केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों को गंभीरता से लिया और ऊर्जा विभाग को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया को सरल बनाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 11149.50 मेगावॉट क्षमता की 172 जलविद्युत परियोजनाएं कार्यशील हो चुकी हैं, जबकि 2454 मेगावाट क्षमता की 58 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के विभिन्न उपक्रमों के माध्यम से निर्माणाधीन जलविद्युत परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब न हो और ऊर्जा विभाग को इनकी निगरानी के लिए तंत्र विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के निर्माण में देरी से प्रदेश के राजस्व को नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा निदेशालय को सुदृढ़ किया जाएगा और विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

# प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली टीम बनी गुजरात

## सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स की टीम टूनार्मेंट से हुई बाहर



**देश रोजाना ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 में अब तक 62 मैच खेले जा चुके हैं। अब लीग राउंड के बस आठ मैच ही बाकी हैं। इतने मुकाबले खेले जाने के बावजूद अब तक सिर्फ एक ही टीम प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर पाई है। डिफेंडिंग चैंपियंस गुजरात टाइटंस ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद को शिकस्त देकर प्लेऑफ में जगह पक्की की। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स की टीम टूनार्मेंट से बाहर हो चुकी है। प्लेऑफ के बाकी बचे तीन स्थानों के लिए सात टीमें रेस में हैं। ऐसे में अंतिम-चार में जगह बनाने के लिए लड़ाई रोमांचक हो चली है। अब बाकी बचे आठ मैचों से बाकी तीन टीमों का फैसला होगा। चार में से गुजरात ने एक स्थान पक्का कर लिया है। बाकी तीन स्थानों के लिए सात टीमें- चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जाएंट्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच जंग है। गुजरात की टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली टीम बन गई है। गुजरात के फिलहाल 18 अंक हैं। उसका पहले या दूसरे स्थान पर रहते हुए प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करना पक्का माना जा रहा है। मौजूदा समय में गुजरात के अलावा सिर्फ मुंबई इंडियंस है जो 18 अंक बना सकती है। ऐसे में मुंबई ने पहले दो स्थान पर अपनी जगह पक्की कर ली है। गुजरात का अगला मैच रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में है।

महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपरकिंग्स को अब ग्रुप राउंड में सिर्फ एक मैच खेलना है। उसका मुकाबला 20 मई को दिल्ली कैपिटल्स से दिल्ली के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। चेन्नई के 13 मैचों में 15 अंक हैं। उसका नेट रनरेट 0.381 है। चेन्नई की टीम अगर दिल्ली को हरा देती है तो वह आसानी से प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। साथ ही शीर्ष दो में भी रह सकती है। हालांकि, अगर चेन्नई की टीम दिल्ली से हारती है तो प्लेऑफ की दौड़ से बाहर भी हो सकती है। अभी भी पांच टीमों के पास से 16 अंक हासिल करने का मौका है। ऐसे में धोनी दिल्ली के खिलाफ कोई कोताही बरतना नहीं चाहेंगे।


लखनऊ ने अब तक 12 मैच खेले हैं। उसके 13 अंक हैं। लखनऊ को अभी मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइटराइडर्स से खेलना है। अगर वह दोनों मैचों में जीत लेती है तो आसानी से प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। एक मैच हारने पर भी आगे जा सकती है, लेकिन नेट रनरेट अहम हो जाएगा। अगर दोनों मैचों में हार जाती है तो वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएगी।

आरसीबी की टीम ने राजस्थान के खिलाफ बड़ी जीत हासिल कर अंक तालिका में लंबी छलांग लगाई है। वह पांचवें पायदान पर पहुंच गई है। उसका नेट रनरेट 0.166 है। टीम अगर अपने बाकी बचे दो मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस को हरा भी देती है तो प्लेऑफ में उसका स्थान पक्का नहीं होगा। उसे अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना पड़ेगा। राजस्थान ने 13 मैच खेल लिए हैं। उसके 12 अंक ही हैं। राजस्थान का नेट रनरेट 0.140 है। उसे पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलना है। अगर पंजाब के खिलाफ उसे जीत मिलती है तो 14 अंक हो जाएंगे। ऐसे में वह प्लेऑफ में पहुंच सकती है, बर्शते अन्य टीमों के नतीजे उसके पक्ष में हों।

पंजाब के 12 मैचों में 12 अंक हैं। उसे दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है। पंजाब उन छह टीमों में शामिल है जो 16 या उससे अधिक अंक हासिल कर सकती है। अगर वह दोनों मैचों में जीत लेती है तो उसके 16 अंक हो जाएंगे। कोलकाता के 13 मैच में 12 अंक हैं और उसे लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ एक मैच में खेलना है। अगर कोलकाता उस मैच को जीत लेती है तो 14 अंक हो जाएंगे।

# धर्मशाला डेविड वॉर्नर का पसंदीदा मैदान

## प्ले ऑफ की रेस में बने रहने के लिए पंजाब को करना होगा संघर्ष



**अरुण डोगरा रीतू, देश रोजाना**

**धर्मशाला।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर के पंसदीदा धर्मशाला मैदान में पंजाब की टीम को जीत के लिए संघर्ष करना होगा। आस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी वॉर्नर के पास धर्मशाला में पहले भी खेलने का अनुभव है। वहीं, पंजाब की टीम को प्लेट ऑफ की रेस में बने रहने के लिए हर हालत में दिल्ली की टीम को हराने के लिए मेहनत करने पड़ेगी।

डेविड वॉर्नर धर्मशाला में हुए साल 2012 के आईपीएल मैच के दौरान भी एचपीसीए मैदान में खेल चुके हैं। हालांकि उस मैच में वे मात्र 14 रन ही बना सके थे। वहीं साल 2017 में हुए भारत-आस्ट्रेलिया के टेस्ट के दौरान वॉर्नर ने पहली इनिंग में अर्धशतक लगाया था। दिल्ली के कप्तान डेविड वॉर्नर को धर्मशाला स्टेडियम बहुत पसंद है। इसी साल जनवरी माह में वॉर्नर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम धर्मशाला की फोटो शेयर करते हुए लिखा था कि मैं इस मैदान पर आने के लिए बहुत उत्सुक हूं, क्या आप मुझे इस मैदान का नाम बता सकते हैं।

दिल्ली के कप्तान डेविड वॉर्नर को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलना शुरू से ही अच्छा लगता है। पंजाब के खिलाफ वॉर्नर ने लगातार रन बनाए हैं।

पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए 24 मैचों में वॉर्नर ने 1,059 रन बनाए हैं। पंजाब के खिलाफ 13 अर्धशतक लगाकर सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी वॉर्नर के नाम ही है। वहीं, पंजाब के खिलाफ पिछले मैच में भी 27 गेंदों में 200 की स्ट्राइक रेट से 54 रन की पारी खेलकर वॉर्नर ने पंजाब के गेंदबाजों को खासा परेशान किया था।

# फाउंडर्स कप गोल्फ में अदिति संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहीं



**एजेंसी, क्लिफ्टन**

पहले तीन दिन खिताब की होड़ में शामिल रहीं भारत की गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर के टूनार्मेंट फाउंडर्स कप में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहीं। कोरिया की सेई यंग किम ने गत विजेता मिंजी ली को पछाड़कर पांच साल में तीसरा बार फाउंडर्स कप जीता। टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही अदिति अंतिम दिन वन ओवर 73 का स्कोर ही कर पाईं। अदिति 2017 से एलपीजीए टूर में खेल रही है लेकिन अभी तक वह खिताब नहीं जीत पाई हैं। अदिति को सोमवार को शीर्ष पर चल रहीं मिंजी ली को चुनौती देने के लिए अच्छी शुरूआत की जरूरत थी। मिंजी उनसे चार शॉट आगे चल रही थीं। यह आशानुरूप फिनिश नहीं रहा लेकिन बावजूद इसके उनका कुल मिलाकर प्रदर्शन अच्छा रहा। इससे पहले वह जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप में उपविजेता रही थीं।

# शुभमन के शतक पर कोच आशीष नेहरा ने नहीं मनाया जश्न

## गुजरात ने 41 रन बनाने में आठ विकेट गंवाने पर नाखुश नेहरा कप्तान हार्दिक से भिड़ गए

**एजेंसी, अहमदाबाद**

यह घटना गुजरात की पारी के दौरान की है। आईपीएल 2023 के 62वें मैच में सोमवार को डिफेंडिंग चैंपियंस गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद के मैच के दौरान गुजरात की टीम में ही विवाद देखने को मिला, जब कोच आशीष नेहरा और कप्तान हार्दिक पांड्या आपस में भिड़ गए। इसको लेकर कई तस्वीरें भी सामने आई हैं। नेहरा को बतौड़ खिलाड़ी कई बार गुस्सा होते हुए देखा गया है, लेकिन 2022 में जब से उन्होंने आईपीएल में कोचिंग का पद संभाला, तब से लेकर अब तक वह पहली बार गुस्से में नजर आए। दरअसल, यह घटना गुजरात की पारी के दौरान की है। सुदर्शन के आउट होते ही विकेट की झड़ी लग गई। फिर हार्दिक पांड्या (8), डेविड मिलर (7),



राहुल तेवतिया (3) भी सस्ते में निपट गए। 147 पर एक विकेट से स्कोर 175 पर पांच हो गया।

इसके बाद शुभमन ने बेहतरीन शतक लगाया। इसकी सराहना करते हुए गुजरात के बाकी खिलाड़ियों ने खड़े होकर उनके लिए तालियां बजाईं, लेकिन आशीष नेहरा वहीं बैठे रहे और किसी तरह की खुशी जाहिर नहीं की। यहां तक कि उनके रिएक्शन ने कमेंटेटर आकाश चोपड़ा और सबा करीम को नाराज कर दिया। इस दौरान कमेंटेटर यह कहते हुए सुनाई दिए कि लगता है नेहरा अपनी टीम से ज्यादा चाहते हैं और इसलिए शतक पर जश्न नहीं मना रहे।

शतक लगाने के बाद शुभमन ने भी अपना विकेट गंवा दिया। वह 58 गेंदों में 13 चौके और एक छक्के की मदद से 101 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात ने 41 रन बनाने में आठ विकेट गंवा दिए। इनमें आखिरी ओवर (20वें) में भुवनेश्वर ने चार विकेट झटके थे।

नेहरा और हार्दिक में विवाद की घटना उसी दौरान की है जब गुजरात के बल्लेबाज खराब शॉट खेलकर अपना विकेट गंवा बैठे थे। तब नेहरा को डग आउट में नाराज और गुस्से में देखा गया। पारी की समाप्ति के बाद तो नेहरा कप्तान हार्दिक से भिड़ गए और बाउंड्री लाइन पर दोनों के बीच तीखी बातचीत भी हुई। इस इंटेंस चैट के दौरान हार्दिक और नेहरा दोनों ही काफी तेवर में दिखे। नेहरा के जाने के बाद गुजरात टाइटंस के डायरेक्टर विक्रम सोलंकी को हार्दिक को शांत करने की कोशिश करते देखा गया।

# किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का हुआ समापन



**देश रोजाना, फरीदाबाद**

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेक्टर 12 फरीदाबाद में 22 वीं हरियाणा राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता 2023 का विधिवत समापन एवम पुरासकार वितरण समारोह संपन्न हुआ। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के पूर्व राजनितिक सलाहकार अजय गौड़ उपस्थित थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मनोज टांटिया प्रबंध निदेशक अड्माक ऑटो प्रा. लि. एकॉर्ड सुपरस्पेशल्टी फरीदाबाद से डा. राकेश कुमार एवम डा. नमन गोयल, फरीदाबाद जिला स्विमिंग संघ के अध्यक्ष मनमोहन गुप्ता, फरीदाबाद जिला किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। इस प्रतियोगता में पदक तालिका में सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक हासिल कर प्रथम स्थान पर फरीदाबाद , द्वितीय स्थान पर रोहतक एवम तीसरे स्थान पर झज्जर जिले की टीम रही। फरीदाबाद से 63.5 किलो भार वर्ग में एनआईटी थ्री के आध्या स्पोर्ट्स क्लब के निश्चल ने गोल्ड मेडल जीता। सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। हरियाणा किकबॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचीव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# गुजरात ने हैदराबाद को 34 रन से हराया

## प्लेऑफ से बाहर हुआ हैदराबाद तो गुजरात हुआ दाखिल, शुभमन गिल ने लगाया शतक

**एजेंसी, अहमदाबाद**

आईपीएल 2023 में सोमवार को गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 34 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही गुजरात प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। गुजरात के पास 13 मैच के बाद 18 अंक हैं। यह टीम अंक तालिका में शीर्ष पर है। वहीं, हार के साथ हैदराबाद के लिए प्लेऑफ के दरवाजे बंद हो गए हैं। इस मैच में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 188 रन बनाए थे। इसके जवाब में हैदराबाद की टीम नौ विकेट खोकर 154 रन ही बना सकी और मैच हार गई।



गुजरात के लिए बल्ले के साथ शुभमन गिल ने 101 रन बनाए। वहीं, साई सुदर्शन ने 47 रन की पारी खेली। हैदराबाद के लिए भुवनेश्वर कुमार ने पांच विकेट लिए। मार्को यानसेन, फजलहक फारुकी और टी नटराजन को एक-एक विकेट मिला। हैदराबाद के लिए क्लासेन ने 64 और भुवनेश्वर कुमार ने 27 रन बनाए। वहीं, गुजरात के लिए शमी और मोहित शर्मा ने चार-चार विकेट लिए। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्करम ने टॉस जीतकर गुजरात को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। पहले ही ओवर की तीसरी गेंद पर भुवनेश्वर कुमार ने ऋद्धिमान साहा को आउट कर दिया, लेकिन इसके बाद शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने मोर्चा संभाल लिया। हालांकि, हैदराबाद को इस दौरान सुदर्शन को रनआउट करने का मौका छोड़ना महंगा पड़ गया। चौथे ओवर में गिल ने फजलहक फारूकी पर लगातार चार चौके लगाए। पावरप्ले में गुजरात का स्कोर एक विकेट पर 65 रन था। अगले ही ओवर में गिल ने 22 गेंद में अर्धशतक पूरा किया, जिसमें उन्होंने नौ चौके लगाए थे। गिल और सुदर्शन ने बेहद तेज बल्लेबाजी की। 10वें ही ओवर में दोनों ने गुजरात के स्कोर को सौ रन के पार पहुंचा दिया। दोनों ने 57 गेंद में शतकीय साझेदारी पूरी की। गिल की तरह सुदर्शन भी अपने अर्धशतक के नजदीक पहुंच रहे थे, लेकिन यानसेन के 15वें ओवर की पहली गेंद पर वह बाउंड्री लगाने के चक्कर में नटराजन को कैच दे बैठे। उन्होंने 36 गेंद में 47 रन बनाए। शुभमन और सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए 147 रन की साझेदारी की। सुदर्शन के आउट होने के बाद गुजरात ने लगातार अंतराल में विकेट गंवाए। इस टीम के पांच बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल सके। भुवनेश्वर कुमार के आखिरी ओवर में चार विकेट गिरे। इनमें से तीन भुवी के नाम रहे और एक रन आउट रहा। भुवनेश्वर ने अपने आईपीएल करियर में दूसरी बार एक पारी मे पांच विकेट लेने का कारनामा किया।

# ओलंपिक 2024 : प्रदेशों ने समझी जिम्मेदारी, अब पदक जीतने की बारी

**संदीप भूषण**

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल जगत को 1975 में अजीत पाल सिंह की अगुआई में हॉकी विश्व कप में खिताबी जीत और 1983 में कपिल देव के नेतृत्व में क्रिकेट विश्व खिताब की यादें आज भी रोमांचित करती हैं। इन दोनों घटनाओं की भारतीय खेल के इतिहास में बेहद खास स्थान है। 2007 और 2011 में टी-20 और एकदिवसीय विश्व कप जीत ने भारतीय खेल इतिहास में दो नए सुनहरे अध्याय जोड़े। हालांकि, खेलों के इन करीब पांच दशक के सफर में ओलंपिक में भारत का प्रदर्शन बहुत सराहनीय नहीं रहा। कुश्ती, बैडमिंटन, निशानेबाजी को छोड़ दें, तो अन्य खेलों में हम पदक के लिए तरस गए। 2020 टोक्यो ओलंपिक पदक जीतने के मामले में भारत के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ। भारत ने कई स्वर्ण हासिल किए। पैरालंपिक खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी ऐतिहासिक रहा। भारत ने इसमें आज तक के सर्वाधिक सात पदक हासिल किए, वहीं पैरालंपिक में कुल 19 पदक पर खिलाड़ियों ने कब्जा किया। इस ऐतिहासिक जीत की पृष्ठभूमि में सबसे अधिक योगदान ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले एथलीटों का रहा। इस सफलता के बाद सबको विश्वास होने लगा है कि भारत में खेल संस्कृति विकसित हो रही है।

भारत के खेलों में सफलता की बात करें तो अब तक 80 प्रतिशत से अधिक प्रतिभावान खिलाड़ियों की जड़ें गांवों की मिट्टी में गहरी पैठ बनाए हुए है। ऐसे में सरकार और खेलों के विकास के लिए



काम करने वाली अन्य संस्थाओं को समझ आ गई है कि देश के कोने-कोने में पंचायत और जिला स्तर पर आधुनिक सुविधाएं मौजूद होने चाहिए। मौजूदा समय में अनेक राज्य सरकारें ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ियों के गांव या उसके आसपास के क्षेत्रों में स्टेडियम या ट्रेनिंग सेंटर बनाने की घोषणाएं कर रही हैं और उस पर तेजी से काम कर रही है। खेल वैसे तो राज्य का विषय है लेकिन केंद्र सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों को साथ लेकर देशभर के ग्रामीण इलाकों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में जुटी है।

आज स्थानीय प्रतिभाओं की पहचान के लिए देशभर में करीब 400 खेलो इंडिया केंद्र काम कर रहे हैं। खेलों को अलग स्तर तक ले जाने के लिए अलग-अलग खेलों के विशेषज्ञों को लेकर ओलंपिक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इसके अलावा टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम और खेलो इंडिया योजना के जरिए केंद्र सरकार निचले से उच्च स्तर तक और गांवों से शहरों तक खेलों के विकास के लिए काम कर रही है। 2028 ओलंपिक में शीर्ष 10 में जगह बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकारें खेल सुविधाओं के विकास पर जोर दे रही है। इस दिशा में कई राज्यों ने बेहतरीन काम किए हैं। इन राज्यों में किसी एक या दो खेलों के विकास और सर्वश्रेष्ठ एथलीट तैयार करने पर काम किया जा रहा है। मसलन, खेल प्रदेश कहे जाने वाले झारखंड में फुटबॉल प्रतिभाओं को तैयार किया जा रहा। राज्य के कई खिलाड़ियों ने हाल के दिनों में फुटबॉल में देश और दुनिया में अपनी धमाकेदार दस्तक दी है। फीफा महिला वर्ल्ड कप अंडर 17 में झारखंड की चार खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय टीम में शामिल होकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। रांची के खेलगांव में मिशन ओलंपिक को लेकर टैलेंटेड फुटबॉल खिलाड़ियों का ग्रुप 100 बनाया गया है। इसमें 50 लड़कियां और 50 लड़के शामिल हैं।

इस दौरान खासतौर पर ओडिशा ने खुद को खेल राज्य के रूप में स्थापित कर लिया है। आज हॉकी के किसी आयोजन की बात होती है तो वैश्विक खिलाड़ी भी इसी राज्य के स्टेडियम में खेलना पसंद करते हैं।



# मोका तूफान का असर, बंगाल में नौ लोगों की मौत, 84 किमी प्रति घंटे से हवा चली

## मिजोरम में 236 घरों को नुकसान हुआ, फ्लाइट्स डायवर्ट की गईं

एजेंसी

कोलकाता। म्यांमार के तट से टकराने के बाद मोका तूफान कमजोर तो हुआ लेकिन इसका असर भारत के पूर्वी राज्यों पर भी पड़ा। सोमवार रात पश्चिम बंगाल और मिजोरम में तेज आंधी आई। जिसके चलते कोलकाता और साउथ बंगाल के कुछ जिलों में 9 लोगों की जान चली गई है। मिजोरम में 236 घरों को नुकसान पहुंचा। राज्य के दक्षिणी हिस्से में आठ म्यांमार रिफ्यूजी कैंप नष्ट हो गए।





स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट के अधिकारियों के अनुसार, तेज हवा और भारी बारिश से 41 गांवों और कस्बों के 5,789 लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि कम से कम 708 म्यांमार रिफ्यूजी को स्कूलों और कम्यूनिटी हॉल जैसे सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर दिया गया। म्यांमार की सीमा से सटा सियाहा सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाला जिला है। कोलकाता में चली तेज आंधी से लगभग 25 पेड़ गिर गए। इसमें सात कारें और एक बाइक को नुकसान हुआ। फ्लाईओवर पर एक ट्रैफिक सिग्नल पोस्ट उखाड़ गया। तेज हवाओं के कारण दक्षिण-पश्चिम में कुछ इलाकों में अस्थायी बिजली बाधित हुई। बेहाला के कुछ मोहल्लों जैसे कैलाश घोष रोड, बारिशा और माटीलाल गुप्ता रोड में तूफान के दौरान बिजली कटौती की सूचना मिली। दक्षिण गरिया और कल्याणी में, तूफान के दौरान सुरक्षा उपाय के रूप में बिजली बंद कर दी गई थी।

कोलकाता हवाईअड्डे पर 84 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के कारण शाम 5.30 बजे से 6.20 बजे के बीच कोलकाता हवाईअड्डे पर उड़ान बाधित होने के बाद कम से कम पांच फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया और 12 को उड़ान भरने में देरी हुई।

डायवर्ट किए गए पांच विमानों में से ढाका से एक अंतरराष्ट्रीय बांग्ला स्टार फ्लाइट थी जो ढाका वापस गई थी।

इसके अलावा अन्य चार घरेलू उड़ानें दो इंडिगो उड़ानें (एक चेन्नई से और दूसरी दिल्ली से) को रांची और दो अन्य (दिल्ली से विस्तारा और सूरत से एयर एशिया इंडिया की दूसरी उड़ान) को भुवनेश्वर के लिए डायवर्ट कर दिया गया था।


तेज आंधी के चलते सियालदह और हावड़ा मंडल के विभिन्न खंडों में ट्रेनों की आवाजाही भी प्रभावित हुई। श्यामनगर और कांकीनारा के बीच अप और डाउन लाइनों पर पेड़ की शाखाएं गिर गईं, जिससे ट्रेन की आवाजाही प्रभावित हुई।

# दिल्ली, राजस्थान में अगले कुछ दिन मिलेगी गर्मी से राहत

## कई राज्यों में भारी बारिश का अनुमान

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अगले कुछ दिन भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। दरअसल मौसम विभाग का अनुमान है कि दिल्ली समेत पूरे उत्तर पश्चिम भारत में धूल भरी तेज हवाएं चलेंगी। साथ ही कुछ जगह हल्की बारिश का भी अनुमान है। वहीं कुछ राज्यों में भारी बारिश की भी संभावना है, जिससे अगले कुछ दिन राहत भरे रह सकते हैं। सोमवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का कहना है कि 16 मई से लेकर 18 मई तक राजस्थान के ऊपर चक्रवाती हवाओं के चलते राजस्थान, दिल्ली समेत पूरे उत्तर पश्चिम भारत में धूल भरी हवाएं चलेंगी। जिससे दृश्यता कम रहेगी। राहत की बात ये है कि इससे गर्मी में भी राहत मिलेगी। दिल्ली और उत्तर पश्चिम भारत में जहां गर्मी से थोड़ी राहत रहेगी, वहीं ओडिशा, पश्चिम बंगाल और तटीय आंध्र प्रदेश के इलाकों में लू कहर बरपाएगी।



मौसम विभाग के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में अगले कुछ दिन भारी बारिश का अनुमान है। खासकर असम और मेघालय में बादल जमकर बरस सकते हैं। इनके अलावा बांकुरा, जमशेदपुर और मिदनापुर में भी ठीक-ठाक बारिश हो सकती है। जम्मू कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद में बिजली कड़क सकती है। 19 मई से मौसम में बदलाव के कम ही आसार हैं और उसके बाद लोगों को गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ेगा।

# कोयला खदान के परिसीमन को लेकर खूनी संघर्ष

## 15 की मौत, घायलों को पेशावर के अस्पताल में भेजा




एजेंसी

पेशावर । पाकिस्तान के अशांत पश्चिमोत्तर क्षेत्र में सोमवार को एक कोयला खदान के परिसीमन को लेकर हुए खूनी संघर्ष में 15 लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना पेशावर से करीब 35 किलोमीटर दूर कोहाट जिले के दर्रा आदम खेक इलाके में हुई। यहां खदान के परिसीमन को लेकर दो जनजातीय कबीलों के बीच संघर्ष हुआ। उन्होंने कहा कि शवों और घायलों को पेशावर के अस्पताल में भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि घायलों की सही संख्या का तत्काल पता नहीं चल सका है, लेकिन दोनों ओर से हुई गोलीबारी में कई लोग हताहत हुए हैं।

अधिकारी ने कहा कि संघर्ष की सूचना पर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं और प्रतिद्वंद्वी जनजातियों के बीच गोलीबारी को रोका। घटना के संबंध में दर्रा आदम खेक थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया गया है कि कोयला खदान के परिसीमन को लेकर यहां दो जनजातियों के बीच विवाद पिछले कुछ वर्षों से चला आ रहा है और गतिरोध को समाप्त करने के लिए कई बार सुलह कराने की कोशिश की गई।

# श्रील प्रभुपाद की जीवनी सिंग, डांस एंड प्रे के यूके दौरे का समापन





देश रोजाना ब्यूरो

बैंगलोर। इस्कॉन बैंगलोर ने भारत में कार्यक्रमों की एक सफल श्रृंखला के बाद यूनाइटेड किंगडम में बेस्टसेलिंग पुस्तक सिंग, डांस एंड प्रे के प्रचार दौरे के दूसरे चरण का आयोजन किया। यह उनकी दिव्य कृपा ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद की जीवनी है, जो विश्वव्यापी हरे कृष्ण आंदोलन के संस्थापक-आचार्य हैं, जिसे विल्बर पुरस्कार विजेता और इतिहासकार डॉ. हिंडोल सेनगुप्ता ने लिखा है। यह समकालीन दर्शकों के लिए श्रील प्रभुपाद के गौरवशाली जीवन की एक अनूठी अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। यूके में पुस्तक प्रचार कार्यक्रम ऐतिहासिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक महत्व के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए गए। लॉन्च 4 मई 2023 को यूके में भारतीय उच्चायोग के सांस्कृतिक विंग, नेहरू सेंटर में शुरू हुआ। पुस्तक के विमोचन के बाद प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड विश्व विद्यालय में एक पैनल चर्चा हुई। हाउस ऑफ कॉमन्स में श्रील प्रभुपाद के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लॉन्च श्री गीता भवन मंदिर, श्री प्रजापति एसोसिएशन और श्री स्वामीनारायण मंदिर जैसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक संस्थानों में भी आयोजित किया गया था। 13 मई 2023 को कैंब्रिज विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम के साथ दौरे का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री मधु पंडित दास, इस्कॉन बैंगलोर के अध्यक्ष और अक्षय पात्र फाउंडेशन के अध्यक्ष, श्री चंचलपति दास, इस्कॉन बैंगलोर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और अक्षय पात्र फाउंडेशन के उपाध्यक्ष और लेखक ने की। इन कार्यक्रमों में विशिष्ट अतिथियों, प्रोफेसरों, दार्शनिकों, प्रभावितों, छात्रों, पुस्तक उत्साही और अन्य लोगों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने पुस्तक की सराहना की और श्रील प्रभुपाद और उनके द्वारा लाई गई अविश्वसनीय आध्यात्मिक क्रांति पर उत्साहवर्धक चर्चाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। गणमान्य व्यक्तियों ने श्रील प्रभुपाद को समृद्ध श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके द्वारा अल्प अवधि में लायी गयी अविश्वसनीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक क्रांति की सराहना की।

## विशेष जनसंपर्क अभियान से पूरे देश को मथेगी भाजपा

एजेंसी

नई दिल्ली। मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर भाजपा 30 मई से 30 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान के जरिये पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री की जनसभा से होगी, जिसके तहत पार्टी घर-घर संपर्क अभियान के साथ ही देश भर के एक लाख विशिष्ट परिवारों से भी संपर्क साधेगी। अभियान के तहत 396 लोकसभा सीटों पर जनसभाओं का आयोजन किया जाएगा। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि पर पीएम वीडियो कांफ्रेंस के जरिये 10 लाख बूथों से जुड़े कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

इसके अतिरिक्त पीएम इस साल के चुनावी राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना में जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता 51 स्थानों पर जनसभाएं करेंगे। अभियान से पहले 29 मई को पूरे देश में प्रेस कांफ्रेंस के अलावा 30 और 31 मई को अलग-अलग राज्यों में बुद्धिजीवियों से बातचीत की जाएगी।

## तेलंगाना में बनेगा एपल के प्रोडक्ट्स बनाने का प्लांट

तेलंगाना । एपल इंक का ऑफिशियल पार्टनर फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप लोकल प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए तेलंगाना में नया प्लांट स्थापित करने जा रहा है। इसके लिए कंपनी 500 मिलियन डॉलर (करीब 41.14 करोड़ रुपए) से अधिक निवेश करेगी। सोमवार (15 मई) को तेलंगाना के नगर प्रशासन और शहरी विकास मंत्री केटी रामा राव ने ट्वीट कर कहा, 'मैं तेलंगाना में फॉक्सकॉन के पहले प्लांट की नींव रखे जाने की जानकारी देते हुए बेहद खुश हूं। फॉक्सकॉन की इस डील के साथ ही राज्य में नई नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। प्रोजेक्ट के पहले स्टेज में 25 हजार नौकरियों के अवसर पैदा होंगे।

वर्ल्ड क्लास प्रोडक्ट्स डिलीवर करने का वादा तेलंगाना सरकार के साथ कंपनी ने संयुक्त बयान जारी करते हुए नए प्लांट के जरिए 'वर्ल्ड क्लास प्रोडक्ट्स' डिलीवर करने का वादा किया है। साथ ही यह प्लांट तेलंगाना में फॉक्सकॉन इंटरकनेक्ट टेक्नोलॉजी के ऑपरेशन्स के लिए एक हब के रूप में काम करेगा। यह भारत में मौजूदा प्रोडक्शन कैपेसिटी को भी बढ़ाएगा। इसी महीने की 8 तारीख को फॉक्सकॉन ग्रुप ने बेंगलुरु एयरपोर्ट के पास देवनहल्ली एरिया में 13 मिलियन स्क्वायर फुट (1.2 मिलियन स्क्वायर मीटर) जमीन खरीदी है।

# न्यूजीलैंड में होस्टल में आग लगने से छह की मौत,20 अब भी लापता

## 90 फायर फाइटर्स ने 50 लोगों को रेस्क्यू किया

एजेंसी

वेलिंगटन । न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंगटन में मंगलवार देर रात 12 बजकर 30 मिनट पर एक चार मंजिला होस्टल में आग लग गई। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 लोग लापता हैं। होस्टल का नाम लोफर्स लॉज होस्टल है, जिसमें 92 कमरे थे। आग बुझाने के लिए 90 फायर फाइटर्स और 20 फायर ट्रकों को काम पर लगाया गया था।

इन्होंने 50 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, इनमें से 5 लोगों को होस्टल की छत से रेस्क्यू किया गया था। एक व्यक्ति ने तो जान बचान के लिए तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। जो बुरी तरह जख्मी हो गया। इमेरजेंसी सर्विसेज के लोग अभी भी लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। इसके लिए आम नागरिकों की मदद भी मांगी गई है। अभी तक आग लगने के कारण का पता नहीं चला है, लेकिन लोकल मीडिया का कहना है कि आशंका है किसी ने आग जानबूझकर लगाई हो। होस्टल में कई बुजुर्ग भी रहते थे



प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस ने स्थिति को गंभीर बताया है। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जाहिर की। वहीं, पुलिस का कहना है कि वो मरने वाले लोगों की पहचान करने में जुटे हुए हैं। हेल्थ बोर्ड के मुताबिक इस होस्टल में रहने वाले ज्यादातर लोग वो थे जिनका खुद का घर नहीं था। कई बुजुर्ग भी यहां रह रहे थे। जो अभी तक सदमे में हैं। वहीं, कई लोगों को जब बचाया गया तो वो सिर्फ पजामा पहने हुए थे। होस्टल की आसपास वाली इमारतों में लोगों को खिड़कियां और दरवाजे बंद रखने को कहा गया था। वहीं, न्यूजीलैंड के एक अधिकारी एना टूटन ने कहा है कि हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की पहचान करने में समय लगेगा। होस्टल ने हाल ही में फायर सेफ्टी टेस्ट को पास किया था। फायर और इमरजेंसी विभाग के कमांडर ने निक प्याट ने कहा कि आग बुरे सपने की तरह थी।

# न्यू मैक्सिको में मास शूटिंग में तीन की मौत, नौ घायल

एजेंसी

वॉशिंगटन ।अमेरिका के दक्षिण-पश्चिमी राज्य न्यू मैक्सिको में सोमवार को मास शूटिंग की वारदात में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो पुलिसवालों समेत 9 लोग घायल हो गए। वारदात को 18 साल के हमलावर ने अंजाम दिया था। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हमलावर भी मारा गया। शूटिंग की वारदात फार्मिंग्टन में हुई, जहां करीब 50 हजार लोग रहते हैं।



यहां के सैन हुआन रीजनल मेडिकल सेंटर में 7 घायलों को भर्ती कराया गया। इनमें एक फार्मिंग्टन पुलिस ऑफिसर और एक स्टेट पुलिस ऑफिसर शामिल है। फार्मिंग्टन पुलिस के डेप्युटी चीफ बैरिक क्रम ने बताया कि दोनों अफसरों की हालत स्थिर है।

शहर के पुलिस डिपार्टमेंट ने हमलावर की पहचान उजागर नहीं की है और न ही हमले में मरने वालों और घायलों की जानकारी शेयर की है। पुलिस ने ये भी नहीं बताया कि हमले के पीछे क्या कारण रहा होगा और हमलावर ने किस तरह के हथियार का इस्तेमाल किया। हालांकि, पुलिस ने इस बात का भी आश्वासन दिया कि इलाका फिलहाल खतरे से बाहर है।

यह पहला मामला नहीं है जब फार्मिंग्टन में ऐसी घटना हुई है। पिछले महीने फार्मिंग्टन पुलिस घरेलू हिंसा की शिकायत पर गलत एड्रेस पर पहुंच गई थी।

वहां पुलिस ने घर का दरवाजा खोलने वाले शख्स को गोली मार दी थी। शख्स की मौत हो गई थी।

### स्कूलों पर लॉकडाउन लगाया गया

घटना के बाद शहर के सभी स्कूलों पर पुलिस ने लॉकडाकन लगा दिया है। मिडिल स्कूल टीचर ने बताया कि यह इलाका शहर का बहुत हलचल वाला इलाका नहीं है। यहां घरों के साथ शॉर्ट-टर्म रेंटल अपार्टमेंट और चर्च भी हैं। इस इलाके में लोग आते-जाते रहते हैं। इसलिए हमेशा सभी का पहचान नही हो पाती है।

# एफटीआईआई पुणे के स्टूडेंट्स अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे

## इंस्टीट्यूट ने एक छात्र को किया बाहर, वापस लेने की मांग पर अडे स्टूडेंट्स

एजेंसी

पुणे । पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) 2020 बैच के स्टूडेंट्स सोमवार शाम से कैंपस में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे है। स्टूडेंट्स का आरोप है कि इंस्टीट्यूट ने उनके बैच के एक छात्र को बाहर कर दिया है।

एफटीआईआई स्टूडेंट्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 अप्रैल 2023 को उन्हें जानकारी दी गई कि 2020 बैच के 5 स्टूडेंट्स को बिना किसी पूर्व सूचना के इंस्टीट्यूट से निष्कासित कर दिया गया है। हालांकि, 5 स्टूडेंट्स में से 4 का निष्कासन बाद में रद्द कर दिया गया, लेकिन एक स्टूडेंट के खिलाफ कार्रवाई जारी रही।



स्टूडेंट एसोसिएशन ने बताया कि इंस्टीट्यूट ने निष्कासन के लिए क्रेडिट और अटेंडेंस की कमी सहित कई कारणों का हवाला दिया है। एक छात्र के निष्कासन को लेकर 2020 बैच के छात्रों ने यह घोषणा कि है कि वे तब तक क्लासेस शुरू नहीं करेंगे जब तक पांचों छात्रों का निष्कासन रद्द नहीं कर दिया जाता।

इंस्टीट्यूट ने 1 मई को इमरजेंसी एकेडमिक काउंसिल मीटिंग बुलाई थी। इसमें 4 स्टूडेंट्स को हैड ऑफ डिपार्टमेंट द्वारा दिए गए रीमिडयल असाइनमेंट और एक्सरसाइज को तय समय में पूरा करने की शर्त पर दोबारा एंट्री दी गई थी। वहीं, एक स्टूडेंट को अगले बैच के साथ सेकेंड समेस्टर रिपिट करने और ऐडमिशन फीस देने के लिए कहा गया था। स्टूडेंट्स एसोसिएशन- मेंटल हैल्थ से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहा था निकाला गया छात्र एफटीआईआई स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने सोमवार देर रात कहा कि निकाला गया छात्र लंबे समय से मेंटल हेल्थ से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहा था। रिक्वेस्ट के बाद भी एडमिनिस्ट्रेशन ने उसकी परेशानी पर ध्यान नहीं दिया।

ऐसे में हम मांग करते हैं कि उसे भी बिना किसी भेदभाव के अन्य चार छात्रों की शर्तों पर 2020 बैच में वापस लिया जाए।

# नवरंग

# बिना हेलमेट बाइक राइड करते दिखे अमिताभ बच्चन और अनुष्का शर्मा

## अब मुंबई पुलिस एक्शन की तैयारी में

**अमिताभ** बच्चन और अनुष्का शर्मा की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर नजर आए थे। जिसमें वह बाइक पर सवार थे। लेकिन उन्होंने हेलमेट नहीं पहन रखे थे। बेशक मुंबई की भीड़भाड़ से बचने के लिए उन्होंने बाइक की सवारी की थी। लेकिन अब यही बाइक की सवारी उन्हें महंगी पड़ती नजर आ रही है। जब यह फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो लोगों ने कुछ ऐसी चीज पकड़ ली जिसकी वजह से अकसर चालान हो जाता है। यह चीज कुछ और नहीं बल्कि बाइक की पिछली सीट पर बैठने वाली सवारी का हेलमेट नहीं पहनना था। अमिताभ बच्चन और अनुष्का शर्मा ने बाइक की सवारी तो की लेकिन बिना हेलमेट के। लोगों ने सोशल मीडिया पर इस मसले को उठाया तो अब मुंबई पुलिस का भी जवाब आ गया है। मुंबई पुलिस ने अपने जवाब में लिखा है कि हमने इस मामले को मुंबई की ट्रैफिक पुलिस के हवाले कर दिया है। इस तरह अब अमिताभ और अनुष्का दोनों ही मुश्किल में नजर आ रहे हैं।

सोमवार को अमिताभ बच्चन ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की थी, जिसमें वह एक बाइक की पिछली सीट पर बैठे थे। उन्होंने इस फोटो को शेयर करते हुए लिखा था, 'राइड के लिए शुक्रिया दोस्त। मैं आपको नहीं जानता था। लेकिन आपने लोकेशन पर समय पर पहुंचने में मेरी मदद की। ट्रैफिक जाम से निकालते हुए झटपट ठिकाने पर पहुंच गए। शुक्रिया।' इस तरह यह फोटो खूब वायरल हुई थी।



# 'दि केरला स्टोरी' मचा रही बॉक्स ऑफिस पर गदर

## अदा शर्मा की फिल्म ने गाड़े बॉक्स ऑफिस पर झंडे

**अदा शर्मा** बीते कुछ दिनों में एक नया चर्चित नाम बन गई हैं। अदा की अभिनीत फिल्म 'दि केरला स्टोरी' दर्शकों को लगातार अट्रैक्ट कर रही है। माउथ पब्लिसिटी का फायदा अदा की फिल्म को लगातार मिल रहा है और इसका असर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में साफ दिख रहा है। सुदीप्तो सेन की रियल घटना पर बेस्ड इस फिल्म को लोग पसंद कर रहे हैं और अदा की एक्टिंग की तारीफ कर रहे हैं। दूसरी तरफ फिल्म को लेकर विवाद भी हो रहा है। अब फिल्म के नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। साथ ही फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट भी सामने आ गई है।

अदा शर्मा ने बॉलीवुड के साथ ही साउथ की फिल्मों में भी काम किया है। लेकिन 'दि केरला स्टोरी' अदा के लिए बेहद खास बन चुकी है। फिल्म ने अदा के कॅरियर को नया उछाल दे दिया है। फिल्म 5 मई को रिलीज हुई थी और बीती 15 मई को फिल्म ने 10 दिन पूरे कर लिए हैं। खास बात यह है कि पहले ही दिन से फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर अच्छी पकड़ बनाए रखी थी। नतीजन दसवें दिन के कलेक्शन के बाद फिल्म ने अपने नाम एक नया रिकॉर्ड दर्ज कर दिया है। अदा शर्मा की फिल्म 'दि केरल स्टोरी' ने रिलीज के दसवें दिन अनुमानित 23 करोड़ का बिजनेस किया। यानी अब तक फिल्म ने 136 करोड़ के करीब बिजनेस कर लिया है और इसी के साथ एक नया रिकॉर्ड भी बना लिया है। 'शालिनी उन्नीकृष्णन' यानी अदा यह फिल्म हाइएस्ट ग्रॉसिंग वीमन सेंट्रिक मूवी की लिस्ट में टॉप पर पहुंच गई है। फिल्म ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' को पीछे छोड़ दिया है, जिसका कलेक्शन 129.10 करोड़ रुपये रहा था। इसके अलावा आलिया भट्ट की फिल्म 'राजी' अब खिसकर तीसरे पायदान पर पहुंच गई है।

### हाइएस्ट ग्रॉसिंग वीमन सेंट्रिक मूवी लिस्ट

1. दि केरल स्टोरीः 136 करोड़, कमाई जारी
2. गंगूबाई काठियावाड़ीः 129.10 करोड़
3. राजीः 124 करोड़
4. मणिकर्निकाः 92.19 करोड़
5. वीरे दी वेडिंगः 83 करोड़
6. दि डर्टी पिक्चरः 80 करोड़
7. नीरजाः 75.65 करोड़
8. डियर जिंदगीः 68 करोड़
9. मैरी कॉमः 64 करोड़
10. क्वीनः 61 करोड़




# 21 साल के करियर के बाद प्रियंका चोपड़ा छोड़ेंगी एक्टिंग!

**ग्लोबल** स्टार प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं। अपने एक्स रिलेशनशिप के बाद उन्होंने वो बयान दिया, जिसको जानने के बाद उनके फैंस हैरान हो रहे हैं। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी अच्छी पहचान बना चुकीं प्रियंका अपने एक्ट्रिंग करियर को अलविदा कहने वाली हैं? ये सवाल इसलिए क्योंकि उन्होंने हाल ही में जो कहा है, वो तो इसी तरफ इशारा कर रहा है। 21 साल की कड़ी मेहनत के बाद आज प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड के साथ हॉलीवुड में भी अच्छी पकड़ बना ली है, तो भला क्यों वह करियर को चोड़ने की बात कर रही हैं। आखिर किसके लिए अपना वो करियर दांव पर लगाने के लिए तैयार हैं, जिसके लिए उन्होंने दिन रात मेहनत की थी।

### 'बिना सवाल किए छोड़ दूंगी करियर'

**मूवी सिटीज के साथ हुए पैरेंट्स डिस्कशन में प्रियंका चोपड़ा ने फेमिना से हुई बातचीत में इस बात को कहा। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं अपनी बच्ची मालती के लिए अपना करियर खुशी-खुशी छोड़ सकती हूं। मेरा करियर मायने रखता है। मैंने ये तब तक नहीं सोचा था जब तक मैं अपनी बुक पर काम नहीं कर रही थी। फिर मैंने सोचा कि अब मैं 40 साल की हो गई हूं। अब मुझसे पूछा जाएगा कि मैं अपना करियर छोड़ दूं और देश बदल दूं तो मैं अपनी बेटी के लिए ये कर लूंगी वो भी बिना सवाल किए।**

### माता-पिता देते हैं बलिदान

अपने पेरेंट्स का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे वह उनके साथ ट्रैवल करते थे। तब प्रियंका को उनके फैसले को ग्रांटेड लिया करती थीं। लेकिन उन्हें अब समझ आता है कि पेरेंट्स की जिम्मेदारी होती है, बच्चों के लिए एडजस्टमेंट करना। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत बड़ा बलिदान है और हम बहुत खुशनसीब हैं कि हमें ऐसे माता-पिता मिले हैं जिन्होंने ऐसा किया।

### बेटों की भी हो बेटियों जैसी परविश

देसी गर्ल ने आगे कहा, लेकिन ऐसे परिवार भी हैं, जो सामाजिक दबाव में हैं, जो नहीं जानते कि वो अपनी बेटियों को अप्रिशिएट नहीं करते। इसलिए, मुझे लगता है कि एक चीज जो हमें करने की आवश्यकता है, वो है बच्चों की परवरिश के दौरान एक-दूसरे से बातचीत करना, अपने बेटों को इस तरह से पालना, जिसमें महिलाओं के लिए सम्मान हो, समाज में अवसर पैदा करना। जहां महिलाएं सत्ता के पदों पर हों, न केवल नौकरी पा लेना, बल्कि वास्तव में डिसीजन मेकर होना। मुझे लगता है कि यही हमारे लिए बदलने जा रहा है।



# 'केरल स्टोरी' के विवाद के बीच आया 'भाई स्लीपर सेल' का पोस्टर




**फिल्म** डायरेक्टर कमलनाथन भुवन कुमार अपनी डेब्यू फिल्म के साथ पूरी तरह से तैयार हैं। कमलनाथन भवुन की पहली फिल्म 'भाई स्लीपर सेल' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पोस्टर रिलीज होने के साथ ही ये अंदाजा लगाया जा रहा है कि इसपर विवाद होना तय है। ये पोस्टर काफी पेचीदा सा है। इस पोस्टर पर 'धर्म एक राजनीतिक उपकरण है' भी लिखा हुआ है। फिल्म के पोस्टर की बात की जाए तो एक्टर के चारों और पैसों की गड्ढी , ड्रग्स, बंदूकें समेत काफी कुछ मौत का सामान पड़ा हुआ है। इसके अलावा लीड किरदार ने जहां मुस्लिम धर्म की टोपी पहनी हुई है, वहीं हिंदु धर्म का माथे पर भभूत लगाया हुआ है। इतना ही नहीं, एक्टर के साथ में क्रिश्चन धर्म का क्रॉस भी पकड़ा हुआ है। हाल ही में फिल्म के डायरेक्टर कमलनाथन भवुन कुमार ने फिल्म को लेकर एक इंटरव्यू में बात की।

कमलनाथन से फिल्म के पोस्टर को लेकर सवाल करते हुए पूछा गया कि उनकी फिल्न किस बारे में है और वह धर्म और सिनेमा को लेकर चल रहे विवाद पर क्या राय रखते हैं। इस सवाल का जवाब देते हुए डायरेक्टर ने कहा कि उनकी फिल्म किसी एक धर्म पर हमला नहीं करती है बल्कि मानवता की बात करती है। हर धर्म में अच्छे और बुरे लोग होते हैं लेकिन जब एक व्यक्ति कुछ भयानक करता है, तो हम उस धर्म के सभी लोगों को और खुद उस धर्म को बुरा मान लेते हैं। ऐसा दशकों से होता आ रहा है। अपने इंटरव्यू के दौरान कमलनाथ ने अपनी फिल्म के नाम को भी एक्सपैन किया और बताया कि उनका मकसद किसी भी विवाद से जुड़ना नहीं है। वहीं इस फिल्म की खास बात ये है कि इसे 21 दिन के अंदर शूट किया गया है और ये जून में रिलीज की जाएगी। बीते दिनों में देखा गया है कि सिनेमा बनी कुछ फिल्में अपनी रिलीज से पहले ही विवादों में घिर जाती हैं। इसमें द करेल स्टोरी और द कश्मिरी फाइल्स का नाम भी शामिल है। हालांकि अब फिल्मों के विवाद को मेकर्स पॉजिटीव तरीके से देखने लगे हैं। लोगों की ऐसी सोच बनती जा रही है कि जितना ज्यादा विवाद उतनी ज्यादा कमाई।


# तपती गर्मी में फुकेट में समंदर किनारे लहराई-बलखाई शहनाज गिल




**'बिग बॉस 13'** से पॉप्युलैरिटी हासिल करने वाली शहनाज गिल अब तो बॉलीवुड में भी डेब्यू कर चुकी हैं। वो सलमान खान की 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आई थीं। उनका नाम डांसर और होस्ट राघव जुयाल संग भी खूब जोड़ा गया। अब शहनाज ने खुद को काम से ब्रेक दिया है। वो अपनी मां संग फुकेट में वेकेशन मना रही हैं। इस बार उन्होंने समंदर किनारे से अपनी जो फोटोज शेयर की हैं, उसे देख फैंस के होश फाख्ता हो गए हैं।

शहनाज गिल ने 16 मई को सुबह-सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'फुकेट वेकेशन' से अपनी नई फोटोज शेयर कीं। रेड कलर की ड्रेस पहने शहनाज, समंदर किनारे बैठकर पोज दे रही हैं। गीले बालों और भीगी ड्रेस में वो बेइंतहा गॉर्जियस दिख रही हैं। उनकी तस्वीरें देखते ही देखते इंटरनेट पर वायरल हो गई हैं।

30 साल की एक्ट्रेस शहनाज गिल के पोस्ट पर फैंस भर-भरकर कॉमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'सुबह-सुबह ही हॉटनेस। कोई एसी चला दो। उफ्फ।' दूसरे ने कॉमेंट किया, 'क्या कहर ढा रही है बेबी तू सुबह सुबह।' इस पोस्ट पर सैफ अली खान की बहन सबा ने भी पटौदी ने भी दिल वाला इमोजी बनाकर शहनाज पर प्यार बरसाया है। शहनाज गिल को 'किसी का भाई किसी की जान' के बाद अब साजिद खान की फिल्म '100 पर्सेंट' मूवी में देखा जाएगा। इसमें शहनाज के अलावा नोरा फतेही, रितेश देशमुख और जॉन अब्राहम के भी होने की खबरें हैं।





# 'लापतागंज' के 'कछुआ' चाचा की तेज हुई रफ्तार

**लापतागंज'** एक कॉमेडी और इंस्पिरेशनल से भरपूर शो था। शो में वैसे तो सभी किरदार चर्चित रहे। लेकिन पॉपुलैरिटी 'कछुआ चाचा' को मिली। वह लापतागंज को प्रोत्साहित करते थे और उन्हें नई सीख देते थे। इस किरदार को विनीत कुमार ने निभाया। विनीत ने इससे पहले कई फिल्मों और टीवी शो में काम किया, लेकिन उन्हें इस शो से पहले वो प्रसिद्धि नहीं मिल पाई थी।

विनीत कुमार कई सालों तमिल, तेलुगु और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बीच पकड़ बनाए हुए हैं। हाल में उन्हें वेब सीरीज 'गरमी' में एक अहम किरदार में देखा गया जबकि अजय देवगन स्टारर 'भोला' में वह विलेन के किरदार में दिखे। यहां हम आपको उनके किरदार, करियर और पर्सनल लाइफ के बारे में बताने जा रहे हैं। विनीत कुमार ने हाल में रिलीज हुई बेब सीरीज 'गरमी' में बैरागी बाबा का अहम किरदार निभाया है। तिग्मांशु धुलिया की इस सीरीज में वह स्टुडेंट्स पॉलिटिक्स का एक केंद्र बने हैं। उनके लुक और अदाकारी को क्रिटिक्स ने खूब साराहा है। इससे पहले, विनीत कुमार अजय देवगन और तब्बू स्टारर 'भोला' में भी नजर आए। इसमें वह एक विलेन 'निठारी' के किरदार में दिखे। फिल्म में उनका खूंखार लुक देखने को मिला है। वहीं, विनीत कुमार ने क्रिटिकली एक्लेम्ड सीरीज 'महारानी' के दोनों सीजन में काम किया है। उन्होंने गौरी शंकर पांडे उर्फ 'काला नाग' का



किरदार निभाया है। विनीत ने 'महारानी' से ही 4 साल बाद कमबैक किया।

विनीत कुमार ने साल 1994 में आई फिल्म 'द्रोहकाल' से बॉलीवुड डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने 'दाउद', 'कच्चे धागे', 'शूल', 'मकड़ी', 'मसान', जैसी फिल्मों में छोटे-मोटे रोल किए। लेकिन वो पहचान हासिल नहीं कर सके, जो 'लापतागंज' से मिली। विनीत कुमार ने तेलुगु इंडस्ट्री में फिल्म 'विक्रमाकुर्डु' से डेब्यू किया। फिल्म में रवि तेजा और अनुष्का शेट्टी लीड रोल में थे। इस फिल्म में विनीत मुख्य विलेन बने थे। हिंदी में इसका रीमेक 'राउडी राठौर' के नाम से हुआ। 'विक्रमाकुर्डु' से विनीत का तेलुगु में काफी नाम हुआ और उन्होंने वहां कई फिल्मों में काम किया लेकिन बॉलीवुड में उन्हें पहचान नहीं मिल पाई थी।

'लापतागंज' के बाद, वेब सीरीज 'महारानी' ने उन्हें लाइमलाइट में ला दिया। वह एक बार फिर चमकने लगे हैं। उनकी अदाकारी कोई सानी है। वह हिंदी, तेलुगु, कन्नड़, नागपुरी, उड़िया फिल्मों के अलावा इंग्लिश फिल्मों में भी कर चुके हैं।

# इशिता दत्ता की गोद भराई रस्म में शामिल हुई बड़ी बहन तनुश्री दत्ता

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस इशिता दत्ता इन दिनों अपनी निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दिनों को इंजॉय कर रही हैं। इशिता और वत्सल सेठ के घर में जल्द ही किलकारियां गूंजने वाली हैं। दोनों जल्द माता-पिता बनने वाले हैं। शुरूआत में इस जोड़ी ने इस खुशखबरी को सभी से छिपाए रखा था। लेकिन इशिता और वत्सल खुलकर अपनी जिंदगी में आने वाली इस नई खुशी का इजहार करते हुए नजर आ रहे हैं। हाल ही में मडर्स डे के खास मौके पर इशिता की गोद भराई की रस्म की गई।

इस दौरान इशिता के चेहरे पर प्रेग्नेंसी का ग्लो साफ-साफ देखा जा सकता था। उन्होंने अपनी गोद भराई की रस्म के लिए पिंक कलर की साड़ी पहनी थी।

साथ ही उन्होंने साउथ इंडियन स्टाइल ज्वेलरी भी कैरी की थी। अपने खास दिन पर इशिता बेहद प्यारी लग रही हैं। अब गोद भराई की रस्म खत्म होने के बाद इशिता ने कुछ तस्वीरें अपने इंस्टा पर पोस्ट की हैं। पहली तस्वीर में इशिता और वत्सल अपने-अपने हाथ में मॉम और डैड का टैग पकड़े हुए खड़े हैं। दूसरी तस्वीर में पूरा परिवार एक साथ नजर आ रहा है। अपनी बहन की खुशियों को दोगुना करने के लिए बॉलीवुड एक्ट्रेस और बड़ी बहन तुनश्री दत्ता भी इस रस्म में पहुंची थीं। इस मौके पर तनुश्री सूट में नजर आईं। जिसमें वह बेहद प्यारी लग रही थीं। वहीं कुछ तस्वीरों में इशिता गोद भराई में की जाने वाली रस्में करती हुई दिख रही हैं। इतना ही नहीं इशिता की खुशियों में शामिल होने एक्ट्रेस काजोल भी पहुंची थीं। बता दें, इशिता दत्ता ने फिल्म दृश्यम के दोनों पार्ट में अजय देवगन की बेटी का रोल निभाया है।

इशिता की अदाकारी को फिल्म में लोगों ने काफी पसंद किया था। अजय के परिवार को इशिता ने खास तौर पर इंवाइट किया था। जिसके चलते काजोल खुद इशिता के बेबी शॉवर में पहुंची थीं। इतना ही नहीं इशिता और वत्सल की लव स्टोरी भी काफी मशहूर है। दोनों टीवी सीरियल के सेट पर मिले थे। यहीं से दोनों के रिश्ते की शुरूआत हुई थी।





